सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081   मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 334



12 कई लोगों को मुझसे शिकायत हैं : स्वरा भास्कर

# बंगाल में बड़ा ट्रेन हादसा, 15 की मौत

## कंचनजंगा को मालगाड़ी ने मारी टक्कर 60 से अधिक घायल

### रेल मंत्री घटनास्थल पर पीड़ितों से मिले मुआवजे की घोषणा

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सोमवार की सुबह 8.45 बजे एक बड़े ट्रेन हादसे में 15 से अधिक यात्रियों की मौत हो गयी। 60 से अधिक लोग घायल है। सिलिगुड़ी के फांसीदेवा ब्लॉक के घोषपुकुर इलाके में कोलकाता जा रही अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने उसी पटरी पर आ कर पीछे से टक्कर मार दी। अभी तक की जानकारी के मुताबिक 15 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 60 से अधिक घायल हैं। हताहतों की संख्या में इजाफा की आशंका है। प्राथमिक सूचना के अनुसार मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की। मृतकों में मालगाड़ी के चालक, उपचालक और ट्रेन का गार्ड भी शामिल है। पूरे देश में हादसे पर शोक है। कुछ यात्रियों के अनुसार तीन-चार टक्करों की आवाजें सुनीं।



टक्कर इतना जोरदार था कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन का वैगन हवा में लटक गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों और मृतकों के परिजनों से भेंट की। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन ऑपरेशन पूरा हो चुका है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस हादसे के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

**अनुग्रह राशि की घोषणा :** पीएम मोदी, राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने इस हादसे पर शोक जताया है। रेल मंत्री ने घटनास्थल पर ही हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई-ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि प्रदान की जायेगी। वहीं पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### दो चालक और एक गार्ड की भी मौत

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीइओ जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि मालगाड़ी के चालक और सहायक चालक तथा कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की इस दुर्घटना में मौत हो गयी। वहीं कटिहार मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कटिहार के अनुसार 15 लोगों के हताहत होने की खबर है, जबकि दर्जनों के घायल होने की खबर है। घटनास्थल पर लगातार बारिश के कारण राहत कार्य कुछ धीमा रहा। घायलों को सिलीगुड़ी के नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया है।

### बाइक से पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

जिस जगह ट्रेन हादसा हुआ, वहां तक पहुंचने के लिए रेल मंत्री को बाइक का सहारा लेना पड़ा। दरअसल, घटनास्थल तक जाने के लिए संकरे रास्ते से गुजरना पड़ा। कुछ लोगों ने उन्हें सलाह दी कि वह किसी दूसरे रास्ते से जा सकते हैं, लेकिन उसमें अधिक समय लगेगा, लेकिन रेल मंत्री नहीं माने। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वह बाइक से ही घटना स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह एक बाइक सवार के पीछे हो चले, तब जाकर वह घटना स्थल तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि वह खुद घायलों से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

## न्यूज डायरी

### बोकारो में झड़प: पुलिस ने स्थिति को संभाला

**बोकारो।** एक हादसे में दो मवेशी की मौत के बाद अलग-अलग पक्षों से जुड़े लोग आमने-सामने हो गये और फिर पथराव होने लगी। झड़प और पथराव में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पत्थरबाजी में कई पुलिस वाले भी चोटिल हुए हैं। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। जानकारी के अनुसार अवैध बिजली कनेक्शन को काट कर बिजली की तार में फंसी भैंसों को निकालने की कोशिश की जा रही थी। इसी बीच हंगामा शुरू हो गया। आपसी विवाद और बहस के बाद पथराव हुए और दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी की गयी। भर्रा बस्ती और सेक्टर वन को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

### रियासी आंतकवादी हमले की जांच एनआइए करेगी

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में पिछले सप्ताह रियासी जिले में आतंकवादियों के हमले की जांच का दायित्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को दिया है। गत नौ जून को जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की एक बस पर हमला किया था जिससे बस गहरे खड्ड में पलट गयी थी। इस घटना में 10 लोग मारे गए तथा 30 से अधिक लोग घायल हो गये थे।

### ईदगाहों, मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

**रांची।** रांची में ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर सोमवार को ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। नमाज अदा कर देश और राज्य की खुशहाली, समृद्धि और अमन-चैन के लिए अल्लाह से दुआ की गयी। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद को देखते हुए रांची पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क थी।

### मोदी आज से यूपी और बिहार के दौरे पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी मंगलवार और बुधवार को उत्तर प्रदेश तथा बिहार के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी।

### रांची से देवघर तक बनेगा हॉली टूरिस्ट कॉरिडोर

**गिरिडीह।** धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले रांची से देवघर हॉली टूरिस्ट कॉरिडोर को सैद्धांतिक सहमति मिल गयी है। रांची से ओरमांझी, गोला, रजरप्पा, लुगुबुरू पहाड़ी, डुमरी, मधुबन मोड़, बुढ़ई होते हुए देवघर तक 201 किमी का यह कॉरिडोर बनेगा। इस कॉरिडोर में रजरप्पा, लुगुबुरू, पारसनाथ व देवघर जैसे धार्मिक स्थल जुड़ सकेंगे। 201 किलोमीटर में करीब 31 किमी की सड़क बनी हुई है। शेष 170 किमी की सीएम ने हरी झंडी दिखा दी है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने ने यह 1020 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## चुनावी मोड में भाजपा: चार चुनावी राज्यों के प्रभारी नियुक्त

# झारखंड का जिम्मा शिवराज व हिमंता को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी चार राज्यों झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया है। इस बाबत पार्टी ने पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान एवं हेमंत विश्व शरमा जी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में बनेगी मजबूत डबल इंजन सरकार।



**भूपेंद्र यादव महाराष्ट्र के प्रभारी :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा का चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बनाया है, जबकि सह प्रभारी सांसद और पूर्व मुख्यमंक्षी बिप्लब कुमार देव होंगे। जम्मू कश्मीर का चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को बनाय गया है। इन चारों राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। फिलहाल दो राज्यों में भाजपा की सरकार है। पिछले चुनाव में झारखंड में भाजपा को हार मिली थी।

(शेष पेज 11 पर)

## कोल्हान में नक्सलियों से मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता

# 10 व 5 लाख के दो नक्सली समेत पांच ढेर

- दो गिरफ्तार, सुरक्षाबलों को कोई क्षति नहीं
- कई नक्सलियों के जखमी होने की भी खबर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। गुवा थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, पांच लाख के सबजोनल कमांडर कांडे होनहागा उर्फ दिरशुम और 2 लाख के इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम तथा महिला नक्सली कैडर जुनगा पुर्ति उर्फ मारला समेत पांच को मार गिराया। एसपी आशुतोष शेखर को मिली एक गुप्त सूचना पर नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की ये मुठभेड़ गुवा थाना क्षेत्र के लिपुंगा में हुई। एसपी ने घटना की पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शवों के पास से हथियार और अन्य नक्सली सामग्री बरामद हुई है। कुछ अन्य नक्सलियों को गोली लगने की भी सूचना है। सुरक्षाबलों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।



**ऐसे हुई मुठभेड़ :** जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के बाद इलाके में सुरक्षा बल सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। आपरेशन में सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर के जवान शामिल थे। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में पांच नक्सली मारे गये।

(शेष पेज 11 पर)

### हथियार डालें, या मरने को तैयार रहें

वहीं आइजी ऑपरेशन एवी होमकर ने कहा कि नक्सली सरेंडर करें नहीं तो वे मारे जायेगें। उन्होंने कहा है कि जिले के गुवा थाना क्षेत्र स्थित जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच सोमवार की सुबह-सुबह मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 4 नक्सलियों को मार गिराया है।

## नयी लोकसभा की पहली बैठक 24 से, 26 को अध्यक्ष का चयन

# स्पीकर पद खुद रखेगी भाजपा, डिप्टी स्पीकर सहयोगियों को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून से होगी और सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा। 26 जून को होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। सत्र के पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद 27 को राष्ट्रपति लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केंद्र में सरकार बनाने के बाद एनडीए में स्पीकर पद को लेकर खींचतान है। जदयू और टीडीपी स्पीकर पद की रेस में हैं। तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद बाद भाजपा ने साफ कर दिया है कि लोकसभा में स्पीकर भाजपा का ही होगा। वहीं डिप्टी स्पीकर पद एनडीए के सहयोगियों को देने को राजी है। भाजपा ने साफ कर दिया है इस मामले में वो समझौता नहीं करेगी। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को विपक्ष समेत सभी दलों से बात कर आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलने से एनडीए की सरकार बनी है। वहीं किंगमेकर जदयू और टीडीपी में लोकसभा मध्यक्ष पद को लेकर तकरार है।



**26 को होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव :** 18वीं लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की है, लेकिन लोकसभा के अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए में पेंच फंस रहा है। सहयोगी टीडीपी और जेडीयू भी स्पीकर पद चाह रही है। वहीं, लोकसभा में 26 जून को नये अध्यक्ष का चुनाव होगा। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 17वीं लोकसभा में ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

### राजनाथ सिंह ने की बैठक

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए जारी खींचतान के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एनडीए की अहम बैठक की। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर गहन चर्चा की गई. बैठक में बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, ललन सिंह, चिराग पासवान समेत कई और नेता शामिल थे।

# झारखंड में बदला मौसम, तेज हवा- वज्रपात का अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हल्की बारिश से झारखंड के कई जिलों में मौसम ने करवट ली है। सोमवार को राजधानी रांची में पूरे दिन हल्के बादल छाये रहे। इससे मौसम में गरमाहट रही। शाम के बाद रांची में ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने तेज हवाओं के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सोमवार को रामगढ़, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, बोकारो में कहीं-कहीं हल्की बारिश से मौसम ने थोड़ी राहत दी। गुमला के बिशुनपुर में आंधी-तूफान के साथ बारिश से कई घरों की छतें उड़ गयीं। कई पेड़ टूट गये। वहीं गढ़वा, पलामू और रामगढ़ जिले में सीवियर हीट वेव रहा। राज्य में सबसे गर्म 46.0 डिग्री से. के साथ डाल्टेनगंज रहा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार से 23 जून तक गरज के साथ हल्की बारिश संभव है। इससे अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

**तेज हवा और वज्रपात की आशंका :** मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 18 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है, जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बाकी जिलों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे हवाओं के साथ वज्रपात की आशंका है। इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं 19 से 23 तक राज्य के सभी जिलों में गरज और तेज हवा के झोंके के साथ वज्रपात की आशंका है। विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### कई जिलों में हीटवेव जारी



गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 67600 रु./10 ग्राम
चांदी : 95000 रु./प्रति किलो




## पीएम आज किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे 20 हजार करोड़

# झारखंड के 35 लाख से अधिक किसान होंगे लाभान्वित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**वाराणसी, रांची।** पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। लगातार तीसरी बार वाराणसी से जीत कर प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचे मोदी जनता का आभार करेंगे। साथ ही किसानों की जनसभा को संबोधित करने के साथ ही डीबीटी के माध्यम से देश भर के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि ट्रांसफर करेंगे। पीएम मोदी की पीएम स्वयं सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों के पहुंचने की उम्मीद है। 19 की सुबह वाराणसी से मोदी दिल्ली लौट जायेंगे।



इस सौगात से झारखंड के 30 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

**30 हजार कृषि सखियों को प्रमाणपत्र देंगे :** तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने की मंजूरी दी थी। किसान सम्मान निधि के तहत लगभग अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को 3.04 लाख करोड़ रुपये का लाभ मिल चुका है।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में सीधा प्रसारण

मंगलवार को वाराणसी से जारी किये जा रहे पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त से झारखंड के 35 लाख से अधिक किसानों को फायदा मिलेगा। वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन का रांची में भी सीधा प्रसारण होगा। कार्यक्रम पीएम के संसदीय क्षेत्र में होगा और इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी 734 कृषि विज्ञान केन्द्रों में किया जायेगा। रांची के दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र में भी शाम 4 से 7 बजे तक इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। इसमें झारखंड के कुल 200 कृषि सखी एवं 100 किसान भाग लेंगे। पीएम इस दौरान 30 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कृषक सखियों के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान देंगे।

# राहुल छोड़ेंगे वायनाड प्रियंका लड़ेंगी उपचुनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास में लंबी बैठक के बाद इसपर फैसला किया गया। वहीं बैठक में फैसला किया गया है कि वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि वो भले ही वायनाड सीट छोड़ रहे हैं लेकिन वहां से उनका नाता खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वायनाड में उनका आना जाना लगा रहेगा। पार्टी अध्यक्ष के आवास पर सोमवार को कांग्रेस नेताओं की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी सांसद राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल थे। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान यह भी साफ हुआ कि वायनाड से राहुल गांधी इस्तीफा देंगे और प्रियंका गांधी उपचुनाव लड़ेंगे। खड़गे ने कहा कि इस सीट से प्रियंका के होने से लोगों को भी राहत रहेगी।

उद्योग विभाग के निर्देश पर तैयारी में जुटा जियाडा

# राज्य के सभी चार औद्योगिक क्षेत्रों में लगायी जायेगी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के चार जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार पर काम चल रहा है। उद्योग विभाग के निर्देश पर झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) इस पर काम कर रहा है। जियाडा के अनुसार इन जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों में अतिरिक्त क्षेत्र की उपलब्धता पर काम शुरू कर दिया गया है। रांची के साथ ही रामगढ के गोला क्षेत्र, चतरा और खूंटी में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम शुरू कर दिया गया है। जियाडा के अनुसार राज्य के सभी जिलों में 100 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र आवंटित करने की योजना है। यही कारण है कि जिला प्रशासन से क्षेत्र की उपलब्धता के संबध में जानकारी मांगी गयी ह। इसके बाद उद्योगों के अनुरूप क्षेत्र और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए इस पर काम किया जायेगा। उद्योग विभाग का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों में 5 से 20 हजार स्कवॉयर फीट तक के भूखंड छोटे-छोटे उद्योगों को आवंटित करने की भी योजना बनायी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों को प्रोत्साहित करने के साथ ही रोजगार उपलब्ध कराना है। इसमें स्थायनीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके।

### मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने पर जोर

इन जिलों में विभाग की ओर से मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने की दिशा में काम किया जा रहा है। विशेषकर रांची में तुपुदाना, कोकर, टाटीसिलवे, इरबा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी उद्योगों के स्थापना की दिशा में कार्य की जा रही है। इन प्रोजेक्ट्स में मुख्यत: सीमेंट प्लांट, होटल एण्ड रेस्तरां, फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग, हैंडीक्राफ्ट टेंपल, हेवी एंड लाइट व्हिकल बॉडी बिल्डिंग, वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक, फैब्रिकेशन वर्क्स, प्लास्टिक वाटर टैंक, पेट्रोल पंप, वॉल पुट्टी एंड रस्टिक मैन्युफैक्चरिंग के उद्योग स्थापित होंगे। जियाडा की ओर से प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन आवंटित की जायेगी। इसके लिये औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर सहमति बनायी जायेगी।

प्रेस वार्ता : लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लोगों का होता है अलग मिजाज

# विधानसभा चुनाव के लिए आजसू का रोड मैप तैयार एनडीए फोल्डर में रहकर लड़ेंगे विस चुनाव : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लोगों का अलग मिजाज होता है। पंचायत, विधानसभा, लोकसभा सबों में देखने की दृष्टि अलग-अलग होती है। विपक्ष ने एनडीए की जीत पर संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने का झूठ फैलाया, जबकि इसके बड़े नेता ने झारखंड की इसी धरती पर कहा कि जब तक उनकी सांस है, कोई संविधान नहीं बदल सकता। सुदेश महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए फोल्डर में रहते ही चुनाव लड़ने की बात कही। प्रेस कांफ्रेस में पार्टी के प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, आजसू बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता शामिल थे।



### 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस

22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर राज्य भर में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में वीडियो चित्रण का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य के हर युवाओं के जेहन में यह रहना चाहिए कि झारखंड गठन की वेदना, कल्पना और इतिहास रहना चाहिए। इसी दिन हर विधानसभा में 100 पौधे लगाये जाएंगे।

### 19, 20 और 23 जून को आभार यात्रा

उन्होंने कहा कि गिरिडीह की सम्मानित जनता ने फिर एक बार हमें राष्ट्रीय पटल पर नेतृत्व करने का मौका दिया है। गिरिडीह संसदीय सीट से चंद्रप्रकाश चौधरी जी की जीत को लेकर जनता के प्रति आभार प्रकट करने के लिए वे आभार यात्रा करेंगे। यह आभार यात्रा 19 जून को टुंडी तथा बाघमारा विधानसभा, 20 जून को डुमरी एवं गिरिडीह विधानसभा और 23 जून को गोमिया एवं बेरमो विधानसभा क्षेत्र में होगी।

**26 जून से चूल्हा प्रमुखों का शपथ** : पार्टी ने तय किया है कि हर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की सबसे निचली इकाई चूल्हा प्रमुख और ग्राम प्रभारी का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**30 जून को हूल दिवस** : 30 जून को सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी ने हूल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। हूल के महानायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ उनके सपने साकार करने के संकल्प लिए जाएंगे।

**8 अगस्त को युवा महाजुटान** : झारखंड आंदोलन के प्रणेता और आजसू की परिकल्पना करने वाले धरती पुत्र शहीद निर्मल महतो के शाहदत दिवस पर रांची में राज्य भर के लाखों नौजवान का जुटान होगा। इस महाजुटान में मिशन 2024 को सफल बनाने के लिए संकल्प लिए जाएंगे।

**9 अगस्त आदिवासी अखड़ा** : पार्टी ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी अखड़ा कार्यक्रम का निर्णय लिया है। आदिवासी अखड़ा के जरिए झारखंड की भाषा, अस्मिता, संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संकल्प लिए जाएंगे। साथ ही भाषा, कला और संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

**16 अगस्त से निर्माण यात्रा** : 16 अगस्त से पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो पूरे राज्य में निर्माण यात्रा पर निकलेंगे। यह यात्रा दो अक्तूबर तक चलेगी। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्माण पद यात्रा निकाली जाएगी।

### चंपई सरकार की विदाई का वर्ष

सुदेश ने कहा कि इस सरकार का यह विदाई वर्ष है। उसके कमिटमेंट और दावे खोखले साबित हो चुके हैं। जाते-जाते सरकार फिर से मजाक करने में लगी है। नियोजन नीति, विस्थापन को लेकर वह केवल राजनीति करती रही है। ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रस्ताव लेकर आने की बात हुई। अब इससे संबंधित आयोग ने 27 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। यह सब बिना किसी आंकड़े के हो रहा है। आरक्षण, सरना धर्म कोड और अन्य विषयों पर हम सरकार के साथ खड़े रहे, पर सरकार गुमराह ही करती रही। जिसकी जितनी आबादी, उतनी भागीदारी हो। इस सरकार में एक मंत्री के लिए एक भी एससी नहीं मिल रहा।

# राज्य सरकार ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों के जिप में विलय से अस्थायी कर्मियों की नहीं जायेगी नौकरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीआरडीए के विघटन के बाद इसमें कार्यरत 380 संविदा कर्मियों का विलय जिला परिषद में किया जायेगा। 24 जिला परिषद में विलयन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। साथ ही इसमें कार्यरत स्थायी कर्मचारी जिनकी प्रतिनियुक्ति दूसरे विभागों से डीआरडीए में की गयी थी वे स्वतः अपने पैतृक विभाग में वापस लौट जायेंगे। डीआरडीए अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्त कर्मी द्वारा धारित सृजित पद के लिए जिला परिषद अंतर्गत एक कोषांग का गठन किया जायेगा और कर्मचारी यहीं योगदान देंगे।

हालांकि, विलयन के प्रभाव के रूप में कर्मचारी की अधिकता अगर जिला परिषद में हो जाती है तो इसे आधार मानकर जिला परिषद में कार्यरत किसी नियमित कर्मी या अस्थायी कर्मी जैसे आउट सोर्स, संविदा, दैनिक मजदूरी, अंशकालीन की सेवा समाप्त नहीं की जायेगी। परंतु जिप में पूर्व से प्रतिनियुक्त कर्मी की सेवा वापस करने पर डीडीसी सहित सक्षम प्राधिकार निर्णय ले सकेंगे। कोषांग में विशेषज्ञ एवं तकनीकी कर्मी, पदाधिकारी उपलब्ध रहने की स्थिति में उनके स्तर के कार्य निष्पादन के लिए अन्य विभागों से पंचायती राज विभाग की पूर्वानमुति लेनी जरूरी रखी गयी है।

ग्रामीण विकास विभाग ने सारे मसले पर स्थिति स्पष्ट की है। विलयन के पूर्व संबंधित कर्मचारी ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अभिलेख एवं सामाग्रियों की इनवेंटरी तैयार करेगी। इसके बाद ऐसे कर्मियों के कोषांग में विलयन के लिए मुक्त की जा सकेगी। डीडीसी तैयार अभिलेख को नवगठित होने वाले जिला ग्रामीण विकास शाखा को दिया जायेगा।

# क्या बीआरपी-सीआरपी के हाथ फिर रह जायेंगे खाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** क्या इस कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली का प्रस्ताव आयेगा? या फिर से एक बार बीआरपी छले जायेंगे। ऐसा कहना है कि बीआरपी-सीआरपी संघ के सदस्यों का। सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि उनकी सेवा शर्त नियमाली एक अबूझ पहेली बन गयी है। इसी पहेली को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं परंतु अधिकारियों के लेट-लतीफी के कारण उनके हाथ खाली रह जा रहे हैं। संघ के सदस्यों का कहना है कि कि 19 साल की सेवा के उपरांत भी बीआरपी सीआरपी को बुनियादी सुविधा यथा भविष्य निधि कटौती, ग्रुप बीमा से वंचित रखा गया है। परियोजना में बीआरपी सीआरपी अनुश्रवणकर्ता के रूप में कार्यरत है। विभाग के प्रत्येक कार्य के साथ जनगणना, चुनाव कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी महती भूमिका निभाने वाले बीआरपी सीआरपी को 19 साल की सेवा अवधि के बाद भी मानदेय 19 हजार नहीं मिल रहा है और नहीं विभाग के किसी रिक्त पद पर आरक्षण।

# जीएसटी के अधिकारियों को कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए नहीं करना चाहिए बाध्य : हाईकोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को जीएसटी अधिकारियों को कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए या उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी के नियमों के तहत सक्षम अधिकारी को कार्यालय समय के बाद बयान देने के लिए किसी व्यक्ति को बाध्य नहीं करना चाहिए। याचिकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान यह दलील दी कि किसी भी अधिकारी का बयान कार्यालय अवधि के दौरान ही दर्ज किया जाना चाहिए।



**प्रार्थी ने कार्यालय अवधि के दौरान पूछताछ के लिए बुलाने की मांग की थी** : दरअसल जीएसटी के अधिकारियों ने जमशेदपुर के शिव कुमार देवड़ा को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। उनसे एक बार पूछताछ भी हो चुकी थी, जिसमें काफी समय लगा था। प्रार्थी के मुताबिक, उनसे देर रात तक पूछताछ की गयी और दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर यह मांग की कि कार्यालय अवधि के दौरान ही उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाये।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने जीएसटी अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जीएसटी कमिश्नर के निदेशों का पालन करते हुए और कानून में निहित प्रावधानों के तहत ही किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया जाये।

# सीसीएल के क्वार्टरों में जल संकट से कर्मी त्रस्त, नगर प्रशासन विभाग कम पानी खर्च करने की दे रहा सलाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया की सहायक और मिनी रत्न कंपनी सीसीएल हर साल सीएसआर पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है जबकि कंपनी के क्वार्टर में रहने वाले कर्मियों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। पानी के संकट से कर्मी त्रस्त हैं। नगर प्रशासन विभाग पानी कम खर्च करने की सलाह दे रहा है।

सीसीएल के नगर प्रशासन विभाग ने एक सूचना जारी की है। इसमें कर्मियों से कहा गया है कि जवाहर नगर कॉलोनी, राजेंद्र नगर, गांधी नगर कॉलोनी और अस्पताल, दरभंगा हाउस कॉम्प्लेक्स में बोरिंग फेल हो गया है। रांची नगर निगम से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके कारण पानी की भारी कमी है। अनुरोध है कि कृपया कम पानी का उपयोग करें। पानी की बबार्दी नहीं करें।

इस संबंध में नगर प्रशासन विभाग द्वारा सभी प्रयास किये जा रहे हैं। मालूम हो कि उपरोक्त सभी कॉलोनियां कंपनी मुख्यालय में स्थित हैं। जवाहर नगर कॉलोनी में सीएमडी, निदेशक जैसे उच्चाधिकारियों के आवास हैं। दरभंगा हाउस कॉम्प्लेक्स में तो सारे कार्यालय ही हैं। मुख्यालय और उच्चाधिकारियों के आवास होने के कारण आमतौर पर यहां नगर प्रशासन विभाग की खास नजर रहती थी। इसके बाद भी यहां पानी की किल्लत हो गई है। कर्मियों के मुताबिक गांधीनगर कॉलोनी में पानी का संकट काफी दिनों से है। यहां लगाया गया बोरिंग फेल हुए एक साल से अधिक हो चुका है। बोरिंग के फेल होने की स्थिति आने से पहले ही कॉलोनीवासियों की ओर से सीएमडी और निदेशकों को कई बार ज्ञापन सौंपा गया। बावजूद इसके इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राजेंद्र नगर कॉलोनी में पानी संकट का स्थायी समाधान कभी हुआ ही नहीं। कर्मियों का कहना है कि कंपनी करोड़ों लाभ में है। केंद्र और राज्य सरकारों को करोड़ों रुपये टैक्स के तौर पर देती है। सीएसआर पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च करती है लेकिन कर्मियों को पनी तक नसीब नहीं हो रहा है। सीएसआर के तहत पैसा खर्च करने पर उन्हें कोई एतराज नहीं है, लेकिन कर्मियों की समस्याओं का निराकरण होना चाहिए।

कर्मियों का यह भी कहना है कि कंपनी हर साल अच्छी चीजों को तोड़कर बनाने की नीति पर भी करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। अच्छी कंडीशन में मौजूद चीजों को तोड़कर फिर से बनाया जाता है। इसपर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। जबकि कर्मियों की जनसुविधा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। इससे सभी परेशान हैं।

## रेल हादसे पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने जतायी चिंता

**रांची।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेवारी रेल मंत्री को लेनी चाहिए। उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। हजारों परिवार उजड़ गए लेकिन रेल मंत्रालय की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि रेलवे के सुरक्षा मानकों में गुणात्मक सुधार जरूरी है लेकिन अन्य देशों की तुलना में विगत एक दशक में सुरक्षात्मक उपाय में वृद्धि न के बराबर हुई है।

## मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में एक और नक्सली सपनी हांसदा का शव बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गिरफ्तार एरिया कमांडर पांडू हांसदा की है पत्नी**

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित लिपुंगा जंगल में सोमवार की तड़के सुरक्षाबलों की मुठभेड़ के बाद पुलिस का सर्च ऑपरेशन में एक और महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है, जो पकड़े गए जिंदा नक्सली दो लाख इनामी एरिया कमांडर टाइगर उर्फ पांडू हांसदा की पत्नी सपनी हांसदा हैं। जो नक्सली दस्ते की सदस्य थी। बताया जाता है कि पुलिस नक्सली मुठभेड़ में महिला नक्सली सपनी हांसदा को गोली लगी थी। जो बाद में नक्सली उसको अपने साथ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद नक्सलियों ने उसे वहीं छोड़कर चले गए। बता दें कि सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों का की मुठभेड़ में एक महिला समेत चार भाकपा नक्सली ढेर हो गये। पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं, नक्सलियों में दस लाख इनामी जोनल कमिटी मेंबर सिंगराई, पांच लाख इनामी सब जोनल कमिटी मेंबर कांडे होनहागा के अलावा दो लाख इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम और एक महिला नक्सली जुंगा पुर्टी उर्फ मारला शामिल हैं। जबकि मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली सहित दो जिंदा हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए जिंदा नक्सली दो लाख इनामी एरिया कमांडर टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और एक महिला नक्सली बत्री देवगम शामिल हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने में सर्च ऑपरेशन चलाया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बल ने एक और सपनी हांसदा महिला नक्सली का शव बरामद किया।

## स्पीकर ने ट्रेन दुर्घटना पर दु:ख जताया

**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सिलीगुड़ी से कोलकाता के बीच चलने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख प्रकट किया है। दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों एवं घायलों के परिवार जनों के प्रति अपनी शोक संवेदनायें व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन अपने प्रस्थान और गन्तव्य की दूरी तय करने के बीच झारखंड के संथाल से जुड़े इलाकों से होकर भी गुजरती है। दुर्घटना में मृतकों के परिवारों एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए ये बहुत ही दुखद क्षण है।

मैं दुर्घटना में मारे गये सभी लोगों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुये उनके परिवार जनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। साथ ही, इस ट्रेन दुर्घटना में घायल हुये लोगों की जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ प्राप्त होने की ईश्वर से कामना करता हूं।

# रेल मंत्रालय हो रही रेल दुर्घटनाओं की रिपोर्ट को सार्वजनिक करे : सीपीएम

**जलपाईगुड़ी रेल हादसा चिंताजनक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी डिविजन में हुआ भीषण रेल हादसा चिंता का विषय है। इस संबंध में सीपीएम राज्य सचिव की ओर से शोक व्यक्त किया गया। बयान जारी करते हुए सीपीएम राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुघर्टना में अबतक 15 लोगों की मौत हुई है और 60 से ज्यादा यात्रियों के बुरी तरह घायल होने की बात कही जा रही है। अंदेशा है कि इस दुर्घटना में मौत का शिकार होनेवाले यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है। हर रेल दुघर्टना के बाद रेलवे द्वारा दुघर्टना के कारणों की रुटीन जांच रेलवे के सुरक्षा आयुक्त से करायी जाती है लेकिन जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होती है। पिछले दिनों उड़ीसा में हुई भयानक रेल दुर्घटना के संबंध में रेल मंत्रालय द्वारा इसकी जांच रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि जलपाईगुड़ी के रांगापानी में हुई रेल दुर्घटना में एक बात प्रमुखता से सामने आयी है कि मालगाड़ी का लोको पायलट लगातार ड्यूटी कर रहा था और चार रातों से ठीक से नींद पूरी नहीं कर पाया था।

प्रकाश विप्लव ने कहा है कि रेलवे के लोको पायलटों के संगठन ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से यह मुद्दा उठा रहे हैं कि रेलवे इंजन के क्रू मेंबरों से 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं लिया जाये। इसके बावजूद रेल मंत्रालय और रेल प्रबंधन के बड़े अधिकारी लोको पायलटों के इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड की यह उदासीनता एक अपराधिक काम है।

प्रकाश विप्लव ने कहा है कि सीपीआईएम इस भीषण रेल दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों पर अपराधिक मुकदमा दर्ज करने और मौत के शिकार हुए यात्रियों को पर्याप्त मुआवजा देने और घायलों को बड़े अस्पताल में सरकारी खर्च से समुचित इलाज कराने की मांग करता है। सीपीएम दुघर्टना में मारे गए यात्रियों और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के बाद अब झारखंड पर भाजपा की नजर

# भाजपा ने अपना इरादा जाहिर किया, शिवराज सिंह और हिमंता के कंधों पर होगा विधानसभा का चुनाव

**उदय चौहान**

**रांची।** जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज जायेगा। यह चुनाव सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस के लिए तो महत्वपूर्ण है ही, विपक्षी दल भाजपा के लिए भी अग्नि परीक्षा से कम नहीं। यही वजह भी है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाया है। उनके संग असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा को भी सहयोगी की भूमिका दी है। दोनों को चुनाव प्रभारी बना कर भाजपा ने अपना इरादा जाहिर करते हुए संदेश दे दिया है। विधानसभा चुनाव से करीब 5 माह पूर्व प्रभारी की नियुक्ति किये जाने से दोनों प्रभारियों को झारखंड की





जमीनी हकीकत समझने के लिए खूब समय भी मिलेगा। दोनों दिग्गज नेता अपने-अपने काम और व्यवहार को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जाने जाते हैं। दोनों अलग-अलग स्वभाव के नेता हैं। काफी अनुभवी भी हैं। मध्य प्रदेश में वर्तमान लोकसभा चुनाव से लेकर दो दशकों से भी अधिक समय तक कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखने में शिवराज सिंह चौहान का जादू दिखता रहा है। असम के सीएम हिमंता सरमा भी अपने राज्य ही नहीं, देशभर में खास छवि रखते रहे हैं। अब दोनों का सियासी जादू कितना प्रभावी है, यह तो विस चुनाव में ही पता चल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में आदिवासी बहुल 5 सीटों पर भाजपा हार गयी। इससे पार्टी अलर्ट मोड में आ गई है। नई रणनीति पर तत्काल काम करना शुरू कर दिया है। आदिवासियों का विश्वास जीतने के लिये एक बार फिर से पहल की जा रही है। इस कड़ी में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बाद ओडिशा में आदिवासी समाज से आनेवाले मोहन चरण मांझी को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब इसके तुरंत बाद शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी और हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। इन दोनों राज्यों में आदिवासियों की अच्छी खासी संख्या है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के समय से ही झारखंड के आदिवासी जिसमें ईसाइयों की संख्या अधिक है, ये भाजपा के खिलाफ दिखते रहे हैं। इस कारण लोकसभा के 5 सीटों पर हार मिली। झारखंड में फिर से सत्ता में आने के लिए भाजपा गंभीर है। हार से सबक लेते हुए पार्टी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। वह कोई जोखिम लेना नहीं चाहती है।

अब कहा जा रहा कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंता विश्व सरमा की नियुक्ति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों नेताओं का कद बहुत बड़ा है और राजनीतिक अनुभव भी है। शिवराज सिंह चौहान राजनीति के चतुर और माहिर खिलाड़ी हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। शिवराज सिंह चौहान और हिमंता भाजपा में जीत की नई रणनीति बनायेंगे। दोनों नेताओं के अनुभव का लाभ झारखंड भाजपा को मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### रानी-विनय का सहयोग स्कूल जाने लगी पलक



**जमशेदपुर।** आर्थिक तंगी के कारण पिछले तकरीबन 3 माह से बारीडीह गुरुद्वारा के पीछे रहने वाली पलक स्कूल नहीं जा रही थी। उसके पास ना तो ड्रेस था न ही किताबें और न बकाया फीस देने की रकम। बारीडीह डेफोडिल उवि के कक्षा 6 की पलक की मां माधुरी देवी भी परेशान थी। मदद के लिए कई जगहों पर गुहार लगायी। लेकिन कहीं से मदद की आस नहीं दिखी। किसी ने उन्हें सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष रानी गुप्ता से संपर्क करने को कहा। माधुरी ने समाज सेवी रानी गुप्ता से संपर्क साधा। रानी ने माधुरी को आश्वासन दिया कि जहां तक हो सकेगा वह हरसंभव मदद करेंगी। उसके बाद समाजसेवी रानी गुप्ता ने गायत्री शक्तिपीठ परिवार के विनय कुमार सिंह से संपर्क किया और बच्ची की मदद की गुहार लगायी। उसके बाद दोनों ने मिलकर बच्ची को आर्थिक मदद दी।

### टाटा मोटर्स यूनियन : दो पदों के लिए छह ने खरीदा नामांकन पत्र

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के दो कमेटी मेंबरों के सेवानिवृत होने से रिक्त हुए स्थान पर चुनाव कार्यक्रम चल रहा है। उसी क्रम में चुनाव समिति के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज नामांकन पत्र वितरण किया गया। चुनावी कार्यालय ओल्ड कैंटीन टाटा मोटर्स प्रांगण में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र वितरण की सारी प्रक्रिया पूरी की गई। दोनों क्षेत्र से कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। एचबीटीएल क्षेत्र से कुल चार प्रत्याशियों ने एक पद के लिए नामांकन पत्र खरीदा। जिनके नाम निम्नलिखित है :- संतोष कुमार, रऊफ खान, बी के महतो, उपेंद्र कुमार। वही प्लांट 3 बी आई डब्ल्यू क्षेत्र से दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा देवाशीष सतपति और सुनील सिंह। इस तरह से कुल दो पदों के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

### शिवराज-हिमंत के कार्य अनुभव से पार्टी को होगा लाभ : काले



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी को बधाई दी और इस दूरदर्शिता पूर्ण नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को साधुवाद दिया। झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किये जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्री काले ने कहा कि दोनों नेता कार्यकर्ताओं में संजीवनी फूंक देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा झारखंड का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया जाना संगठन में नयी ऊर्जा और स्फूर्ति पैदा करने वाला कदम है। उन्होंने हिमंत बिस्वा सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाना भी संगठन को नयी राह दिखायेगा। निश्चित रूप से संगठन के इस फैसले से हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश को बेहद लाभ मिलने वाला है।

### कांड्रा : घर में निकले छह फीट के धामन सांप को देखने उमड़ी भीड़

**गम्हरिया।** कांड्रा एसकेजी कॉलोनी स्थित के0 दुर्गा राव के घर में सोमवार की शाम निकले करीब 6 फीट धामन सांप को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सांप को देख लोगो में हड़कंप मच गया और उसे देख परिवार के सदस्य भी घर के बाहर भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत इसकी जानकारी सांप पकड़ने वाले सरायकेला के राजा बारिक को दी। सूचना मिलते ही राजा बारीक तत्काल मौके पर उक्त सांप को पकड़ने में जुट गये।

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस का रास्ता साफ, मिलते ही खुलेगी बंद पड़ी सुरदा माइंस

## सांसद बिद्युतबरण महतो ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री से की बात, मिला आश्वासन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला।** सांसद विद्युतवरण महतो के प्रयास से सुरदा माइंस के जल्द खुलने की उम्मीद बढ़ गयी है। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को मंजूरी प्रदान कर दिया है। जाहिर है कि इससे कंपनी प्रबंधन के साथ ही स्थानीय ताम्र मजदूरों के बीच खुशी देखने को मिल रही है।

मालूम हो कि फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को सांसद विद्युतवरण महतो एवं आईसीसी के ईडी श्याम सुंदर सेठी के पहल के बाद वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव ने पूर्व में ही स्वीकृति प्रदान कर दिया था। विभागीय सचिव के बाद विभागीय मंत्री की स्वीकृति का इंतजार था। संसदीय चुनाव और आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण फाइल मंत्रालय में ही पेंडिंग पड़ी हुई थी। चुनाव समाप्त होते और पुनः भूपेंद्र यादव के केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री बनने के साथ स्थानीय सांसद विद्युतवरण महतो एकबार पुनः सुरदा माइंस को लेकर पूरी तरह रेस हो गए।

सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव ने बताया कि आईसीसी के ईडी श्याम



बंद पड़ी सुरदा माइंस का गेट।

सुंदर सेठी से बंद सुरदा माइंस के स्टेटस की पूरी जानकारी हासिल करने के बाद सांसद विद्युतवरण महतो ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से फोन पर बातचीत कर सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था। सांसद के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी फाइल को जल्द ही मंजूरी प्रदान करने का भरोसा दिया था।

खबर है कि केंद्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को स्वीकृति प्रदान कर दिया है। विभागीय मंत्री की मंजूरी के बाद इसे पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है।सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन की स्वीकृति मिलने से माइंस के जल्द खुलने की भी उम्मीद बढ़ गई है। एचसीएल-आईसीसी के ईडी श्याम सुंदर सेठी समेत अन्य अधिकारी भी इसे लेकर खुश है। खबर है कि फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन की स्वीकृति के साथ ही एचसीएल-आईसीसी प्रबंधन ने एनवायरमेंट क्लियरेंस का भी प्रोसेस शुरू कर दिया है। यह मंजूरी भी वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से मिलना है। एनवायरमेंट क्लियरेंस के साथ ही राज्य सरकार के स्तर पर सुरदा माइंस को खोलने की औपचारिकता पूरी की जायेगी। मालूम हो कि एचसीएल-आईसीसी को सुरदा माइंस के 385.52 हेक्टेयर जमीन का लीज अगले 20 वर्षों के लिए राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। भारत सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से 323 हेक्टेयर जमीन का एनवायरमेंट क्लियरेंस भी हासिल है। हालांकि, तकनीकी कारणों से शेष बचे 65.52 हेक्टेयर जमीन का फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं होने के कारण एनवायरमेंट क्लियरेंस नहीं मिल रहा था जिससे माइनिंग समेत अन्य गतिविधियां भी बंद पड़ी हुई थी। ऐसे में फॉरेस्ट क्लियरेंस का स्टेज-वन कम्पलीट होने से आईसीसी प्रबंधन की भी उम्मीद काफी बढ़ गयी है। वहीं, सांसद विद्युतवरण महतो के चुनाव जीतने के साथ ही सुरदा समेत अन्य कॉपर खदानों और प्लांट को चलाने के लिए पूरी तरह सक्रिय होने पर लोगों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अपने छात्रों को सोशल वैल्यू प्रदान करता है एक्सएलआरआइ : नरेंद्रन

- एक्सएलआरआइ के 75 वर्ष पूरे होने पर दो दिवसीय ओडिसी का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर टाटा ऑडिटोरियम में दो दिवसीय ओडिसी का आयोजन किया गया जिसमें एक्सएलआरआइ के सभी प्रोफेसरों के साथ ही पूर्व प्रोफेसरों व संस्थान के 45 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एक्सएलआरआइ की एडमिनिस्ट्रेशन डीन फादर डोनाल्ड डिसूजा, एकेडमिक डीन




पूर्ववर्ती छात्रों एवं प्रध्यापकों के साथ चेयरमैन टीवी नरेंद्रन।

प्रोफेसर संजय पात्रो, एक्सएलआरआइ एल्यूमनी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राणावीर सिन्हा मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान सभी को संबोधित करते हुए टीवी नरेंद्रन ने कहा कि एक्सएलआरआइ जैसे संस्थान मजबूत सोशल वैल्यूज प्रदान करते हैं जो कि इस संस्थान की यूएसपी है। कहा कि एक्सएलआरआइ के शिक्षकों द्वारा जिस प्रकार से देश व समाज को अच्छे मैनेजर के साथ बेहतर इंसान भी तैयार करते हैं। उन्होंने सभी प्रोफेसरों के साथ ही पूर्व प्रोफेसर व विद्यार्थियों का स्वागत किया।

इस दौरान एक्सएलआरआइ के डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसूजा ने कहा कि एक्सएलआरआइ के साथ लोगों का एक इमोशनल जुड़ाव है। यही वह जुड़ाव है जो यहां से पढ़ कर बड़े पदों पर आसीन छात्र-छात्राओं को भी वापस उनके कॉलेज तक लाता है। कार्यक्रम के दौरान एक पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया जिसे प्रो. सुनील कुमार षाड़ंगी ने संचालन किया। इसमें कुल छह पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रो. रश्मि मेहतो, प्रो रेनू मट्ठू, प्रो. जीतू सिंह, रोनाल्ड डिकॉस्टा समेत अन्य ने अपने पक्ष रखे।

## एक नजर में

### हरिना मेला में सांसद ने की बाबा मुक्तेश्वर नाथ की पूजा



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिला के प्रसिद्ध मुक्तेश्वरधाम हरिणा मेला के तीसरे दिन सोमवार को भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। सोमवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार सांसद बने विद्युतवरण महतो पत्नी उषा महतो के साथ हरिणा मेला पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख, समृद्धि की कामना किया। उन्होंने मुक्तेश्वरधाम समिति से भेंट कर मेला के स्थिति की जानकारी ली। सोमवार को भी हरिणा मेला में आसपास गांव के सैकड़ों भक्तों पहुंचे एवं मेला का आनंद लिया। हरिणा मेला में भाजपा नेता गणेश माहुली भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधाधर साहु, ब्रजांकण दंडपाट, यशवंत महतो, चितरंजन सीट, राहुल महतो, श्यामल महाकुड़ उपस्थित थे।

### आजसू छात्र मोर्चा के कई नेता झामुमो में शामिल



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के छात्र नेताओं ने आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी से उनके कार्यालय में पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान आजसू के छात्र नेताओं ने विधायक से कहा कि उनके अच्छे व्यवहार और क्षेत्र में किया जा रहे विकास कार्य से वह सभी प्रभावित है और विधायक जी के नेतृत्व में और उनके साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए कार्य करना चाहते हैं। इसके बाद विधायक मंगल कालिंदी ने सभी छात्र नेताओं को झामुमो में शामिल करवाया और झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनका स्वागत किया। आजसू छात्र मोर्चा के कॉलेज अध्यक्ष आशुतोष कुमार, छात्र मोर्चा के कोल्हान उपाध्यक्ष आकाश सिंह, छात्र मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकित केसरी, जिला उपाध्यक्ष युवराज सिंह और जिला उपाध्यक्ष सूर्यकुमार आदि विधायक के समक्ष झामुमो में शामिल हुए।

### अन्नू बनीं सामाजिक संस्था अस्तित्व की जिलाध्यक्ष



**जमशेदपुर।** साकची स्थित जुबली पार्क में अस्तित्व के सामाजिक कार्यों की वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की गयी। इस संगोष्ठी में संस्था की सचिव और संस्थापिका मीरा तिवारी ने बताया कि किस तरह पिछले चार सालों में अस्तित्व के सामाजिक कार्यों और समाज में व्याप्त महत्वपूर्ण मुद्दों को अपना सामाजिक दायित्व समझते हुए संस्था द्वारा सरकार और प्रशासन के समक्ष प्रखरता से उठाया गया। करोना काल से लेकर अब तक लोगों को जागरूक करने के साथ ही हर तरह से उनकी मदद करना इसके अलावा महिला सशक्तिकरण, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकड़ों नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। समाज में अस्तित्व संस्था ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बैठक को अभिभावक स्वरूप और वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ चौबे ने भी संबोधित किया और संस्था को अपनी तरफ से हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन देने की बात कही। बैठक में इस्तप्लान बस्ती बर्मामाइंस निवासी अन्नू चौबे को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर महानगर की जिला अध्यक्ष के सम्मान से सम्मानित करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया। बैठक में मीरा तिवारी, रविन्द्र नाथ चौबे, अन्नू चौबे, ब्रजेश मिश्रा, संजीत द्विवेदी, रमावती देवी, ममता देवी, चंदा देवी, ममता सिंह,शोबिता बेहरा आदि मौजूद रहे।

### गम्हरिया में धूमधाम से मनी बकरीद



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों पे बकरीद धूमधाम से भाईचारे के साथ मनाया। मौके पर सैकड़ों मुस्लिम लोगों ने निर्धारित समय पर मुड़िया स्थित ईदगाह में नमाज अदा किया और सभी को एकता, प्रेम व भाईचारे का पैगाम दिया। साथ ही, एक दूसरे के गले लगकर बकरीद की बधाई दी। इस दौरान समाज के लोगों ने बताया कि यह पर्व हम इब्राहिम इस्लाम की याद में मनाते हैं जिन्होने अल्लाह के खीजमत में अपनी सारी अजीज चीजों का कुर्बान कर दिया था। उन्होंने अल्लाह की रहमत में अपनी जान भी कुर्बान कर दी थी। बताया कि आज के दिन हम सभी अपने अंदर छुपे नफरत, घमंड तथा तमाम बुराईयां जो हमारे जेहन में प्रिय बनकर बैठा रहता है, उसे कुर्बान कर देते है और एक नई सोचह के साथ आपसी भाईचारा तथा मुहब्बत को सलामत रखते हुए एक नई जिंदगी की शुरुआत करते हैं।

## रक्तदान कर आनंदमार्गी रूपा देवी ने झारखंड सरकार से लिया सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस पर झारखंड सरकार की झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी रांची के पब्लिक हेल्थ ऑडिटोरियम नामकुम, रांची में आयोजित 20वें सम्मान समारोह में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के रिलीफ कोऑर्डिनेटर सुनील आनंद की धर्मपत्नी आनंदमार्गी रूपा देवी को 1 वर्ष में ज्यादा रक्तदान करने के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हर महीने आयोजित होने वाले आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के रक्तदान शिविर में अपने मानक के अनुसार



सम्मान ग्रहण करती आनंदमार्गी रुपा देवी।

प्रत्येक वर्ष 120 दिन के अंतराल में संस्था के रक्तदान शिविर में पिछले काफी सालों से रक्तदान कर रही है। सम्मान प्राप्त करने के बाद रांची स्थित आनंद मार्ग बाबा क्वार्टर में आनंद मार्ग के विश्वस्तरीय महासचिव आचार्य अभीरामानंद अवधूत एवं संस्था के वरीय पदाधिकारी से आशीर्वाद भी लिया गया।

## भाजमो को इस राज्य के थर्ड फ्रंट के रूप में खड़ा करेंगे : सरयू राय

- चुनावी तैयारी में जुटी भाजमो, बूथ प्रभारी व भवन प्रभारियों की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी विधानसभा प्रत्येक मंडलों में बूथ प्रभारियों एवं भवन



बैठक को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

प्रभारियों से चर्चा की गई। सभी भवन प्रभारियों को अपने भवन के अंतर्गत आने वाले बूथों की संरचना को मजबूत करने, व्यापक रूप से प्रत्येक बूथ में भ्रमण कर स्थानीय कार्यकताओं से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया गया। एक बूथ में 10 व 10 से अधिक सक्रिय और सजग कार्यकर्ताओं की टोली बनाने को कहा। श्री राय ने कहा कि चुनाव के लिए सबसे प्रमुख भवन है। पूर्वी विधानसभा अंतर्गत 120 भवन है। सभी पदाधिकारी मंडलवार भवनों में ध्यान दें।

## अबकी बार पलटी मार... अभियान का हिस्सा बने नागरिक, भगायें डेंगू मच्छर

- टाटा स्टील यूआइएसएल ने डेंगू भगाने को लांच किया विशेष अभियान
- विश्व डेंगू दिवस पर सामुदायिक सहभागिता अभियान की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) डेंगू के खतरे से निपटने के उद्देश्य से एक व्यापक सामुदायिक सहभागिता अभियान की शुरुआत की घोषणा की।






डेंगू के खिलाफ जागरूकता अभियान लांच करते कंपनी के जीएम आरके सिंह और घरों के प्रांगण में फेंके गये डिब्बे, डिबिया ऐसे पलट कर रखें ताकि बरसात का पानी उसमें जमा न हो।

विभाग की कठोर वैज्ञानिक नियंत्रण गतिविधियों, जिसमें एंटी-लार्वा उपचार, फॉगिंग और व्यापक जागरूकता अभियान शामिल हैं, के बावजूद नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना डेंगू को नियंत्रित करना संभव नहीं है। जागरूकता बढ़ाने, रोकथाम को बढ़ावा देने और डेंगू से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन कर रहा है।

## सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वालों को सांसद बिद्युत ने किया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण का संदेश दे रही बस्ती विकास समिति की ओर से 6 दिवसीय चित्रांकन प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। पर्यावरण चुनौती एवं समाधान विषय पर आधारित चित्रांकन प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 115 बच्चे-बच्चीयों ने भाग लिया। बागुन नगर स्थित आशीर्वाद मंडप में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में जमशेदपुर के सांसद बिद्युत महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान 5 से 8 आयु वर्ग में अंकुर आनंद, यशस्वी अग्रवाल एवं आरोही सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# शहीद पोटो हो पर फिल्म बनायें स्थानीय फिल्मकार, सब्सिडी देगी सरकार : चंपई सोरेन

- नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह को सीएम ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत 16 जून को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन कि ओर से नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल रविवार को हो जनजातीय दमा - दुमंग धुन पर नृत्य कर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन का स्वागत किया गया,ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरा बिरुली ने स्वागत भाषण दे कर सभी अभिनन्दन किया।







अवार्ड देते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता व दीपक बिरुआ और समापन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देता डांस ट्रुप।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरा बिरुली ने ओत गुरु कोल लाको बोदरा की चित्र पर माल्यार्पण फेस्टिवल का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि अच्छे फिल्म बने शहीद पोटो हो की फिल्म बने झारखंड सरकार आप लोगों को सब्सिडी देने का काम करेगी। समाज के लोगों को अच्छा मैसेज जाए और समाज इस पर गर्व करें, कोई भी फिल्म बनती है तो एक्टर, डायरेक्टर, और कई लोग मिल कर एक फिल्म को बनाने में एक जुट हो कर काम करते है तब जा कर एक अच्छी फिल्म बनती है। सरकार हर संभव फिल्म बनाने में मदद करेगी आप लोग एक मंच पर आइये।

**बुधन सिंह हेस्सा को दिया गया लाइफटाइम अचिवमेंट पुरस्कार :** ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन की ओर से सिने अवार्ड समारोह में इस वर्ष साहित्यकार व सामाजिक कार्यकर्ता बुधन सिंह हेस्सा को लाइफटाइम अचिवमेंट पुरस्कार नवाजा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरा बिरूली ने बताया कि ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन की ओर से हर वर्ष समाज के वैसे लोगों को यह पुरस्कार दिया जाता है जो लंबे समय से विभिन्न क्षेत्रों में समाज के उत्थान व प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। बुधन सिंह हेस्सा (60 वर्षीय) लंबे समय से साहित्य सृजन का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका अदा कर रहे हैं। बुधन सिंह हेस्सा को ओडिशा में साहित्य रत्न व साहित्य अकादमी की ओर से हो कवि के रूप में सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही फिल्म निर्माण में भी उनकी गहरी रूचि है।

समापन समारोह में राजुराज बिरुली एंड पूजा -सुपर मॉडल ग्रुप, (जमशेदपुर) राजकुमार पुरती एन्ड सोनी मुर्मू (ओडिशा) ग्रुप, बप्पी एन्ड ग्रुप (रायरंगपुर) अक्षय सिंह एंड पिंकी मुंडा ग्रुप (पश्चिम बंगाल) अरुण मुंडरी डांस ग्रुप (ट्रेडिशनल) ग्रुप (रांची) फूलमती सिरका एन्ड राजेश - ग्रुप (चाईबासा ) दीपिका एंड दीप्ति हेस्सा सिस्टर, बिंदास डांस ग्रुप, बप्पी एन्ड डांस ग्रुप , फूलमती एन्ड राजेश डांस परफॉर्मेंस किया।

## स्पीड न्यूज

### निलेश कुमार ने ग्रहण किया किशुनपुर ओपी प्रभारी का पदभार



**पाटन पलामू।** किशुनपुर ओपी प्रभारी के रूप में निलेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान ओपी प्रभारी नीरज कुमार से उन्होंने पदभार लिया। इसके पूर्व निलेश पलामू के रामगढ़ थाना में थाना प्रभारी के थे। वहीं किशुनपुर ओपी के निवर्तमान ओपी प्रभारी नीरज कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी निलेश ने पदभार ग्रहण के बाद कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में अमन चैन कायम रखना होगा।

### बाइक दुर्घटना में एक की मौत

**चैनपुर पलामू।** बकरीद पर अपने रिश्तेदार के घर सिक्की कला से शाहपुर जा रहे दो युवकों की बाइक दोपहर 12 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें हकीम अंसारी (26) पिता अनीश अंसारी सिक्की कला की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हो गयी। वह हेलमेट नहीं पहने था। वहीं औरंगजेब पिता इस्लाम खान भी गंभीर रूप से घायल व बेहोश है।

### हर्ष-उत्साह के साथ बकरीद संपन्न



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को त्याग व बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा हर्ष व उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद व ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ देखी गयी। प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी थी। प्रखंड भर में चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मौके पर अतहर हुसैन, इरफान शाहिद, असलम, जमील अंसारी, इसरार अंसारी, गोल्डन अंसारी, डायमंड, राजा, जमील अंसारी, मुस्तफा अंसारी मौजूद थे।

### 26 बिल बकायेदारों पर प्राथमिकी दर्ज

**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी मामले में छापेमारी की गयी। जिसमें 26 बिजली बकायेदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा डाल्टनगंज ग्रामीण संजय खलको के लिखित आवेदन पर की गयी। लिखित आवेदन में कहा गया कि सभी बकायेदारों के यहां एक घरेलू विद्युत संबंध है जो बकाया राशि पर पूर्व से ही विच्छेदित था। इसके बावजूद ये बिना बकाया राशि जमा किये बिजली चोरी करते पाये गये। साथ ही कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा डाल्टनगंज ग्रामीण संजय खलको ने कहा कि बकायेदारों के खिलाफ आगे भी प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। जो बकायेदार अभी तक बिल जमा नहीं किये हैं वो जल्द बिजली बिल जमा करें।

### नावाबाजार के युवक की रामगढ़ में मौत



**रामगढ़ पलामू।** नावा बाजार के युवक की रामगढ़ में सड़क हादसे में मौत हो गयी। युवक पल्सर बाइक से रमकंडा बारात जा रहा था। इसी क्रम में अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी। बाइक पर दो लोग थे। मृत युवक की पहचान नावा बाजार के राजू प्रजापति (25) पिता राम किशुन प्रजापति के रूप में हुई है। राजू अपने एक साथी के साथ बाइक से पहले लातेहार के बरवाडीह गया था। वहां से बारात जाने के लिए निकला था।

### पूर्व मुखिया राम प्रसाद की पुण्यतिथि मनी





**पांडू पलामू।** प्रखंड के कजरु खुर्द के समाजसेवी इंदु शर्मा एवं उनके भाइयों ने अपने पिता स्व राम प्रसाद शर्मा (भूतपूर्व मुखिया ग्राम पंचायत कजरु खुर्द वर्तमान ग्राम पंचायत कजरु कलां) की 34वीं पुण्यतिथि मनायी। पुण्यतिथि पर भंडारा कराया। साथ ही असहाय लोगों के बीच अंग वस्त्र बांटे। मौके पर फलदार पौधे भी लगाये। श्री शर्मा ने बताया कि उनके पिताजी भी हमेशा गरीबों व असहाय लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा किया करते थे। वे बहुत ही नेक दिल इंसान थे। मौके पर लव कुमार विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जवाहर पासवान, नंदू यादव, पूर्व पंसस प्रिंस दुबे, रिंकू शुक्ला, पंकज दुबे, अशोक गिरी, डॉ विनय ठाकुर, अनिरुद्ध पांडे, बलराम पांडे, सगुनी साव सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### महिलाओं ने रक्तदान कर पेश की मिसाल



**मेदिनीनगर।** जायंट्स क्लब महिला विंग ने रक्तदान शिविर लगाया। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व प्रथम विश्व अध्यक्ष पद्मश्री नाना चूड़ासमा के जन्मदिन पर डालटनगंज ब्लड बैंक में डाल्टनगंज सहेली उड़ान की सदस्यों ने रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व को पूर्ण किया। रक्तदान महादान है। किसी की जिंदगी बचाना सबसे बड़ी पूजा है। मौके पर जायंट्स सहेली की अध्यक्ष देवेंद्र नामधारी, आईपीपी रेणु शर्मा, सचिव प्रियंका आनंद, तृप्ता आनंद, अंजू अग्रवाल, नंदिनी राजन सहाय, कंवलजीत नामधारी, सीमा भसीन, आरती आनंद मौजूद थी। सुबह 11 बजे तक 10 यूनिट रक्तदान हो चुका था। इनमें समाज के एक पुरुष ने स्वेक्षा से रक्तदान किया जिसका सहेली उड़ान अभिनंदन करता है।

### घर में परिवार बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पौधरोपण भी जरूरी : कौशल



**रांची/मेदिनीनगर।** रांची शहर के कार्निवल बैंक्विट हॉल में रविवार को मेदिनीनगर के निवासी दिवंगत सुदामा पंडित व स्व सुमित्रा देवी के पुत्र अविनाश देव की शादी दिल्ली के सुरिष्ठ राय की पुत्री रानी से हुई। विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म का पहले मूल मंत्र के तहत वर-वधू को आशीर्वाद स्वरूप थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी (फला हुआ) आम का पौधा देकर उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की सुखद कामना की। कहा कि परिवार की संख्या बढ़े तो पौधों की संख्या भी बढ़नी चाहिए।

# आज हुसैनाबाद आयेंगी झारखंड की आयरन लेडी कल्पना सोरेन, होर्डिंग से पटा पूरा शहर

## जिला उपाध्यक्ष टूटू थामेंगे झामुमो का दामन, बढ़ी विधानसभा की राजनीतिक सरगर्मी

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** आज 11 बजे अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हेलीकॉप्टर से होगी आगमन। सूत्रों की मानें तो हुसैनाबाद मध्य जिला परिषद व जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमों में होंगे शामिल। खबर हैं कि स्थानीय टाउन हॉल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। राज्य सरकार के कई बड़े नेता को भी आने की सूचना है। इधर, आलोक कुमार सिंह के समर्थकों ने हुसैनाबाद विधानसभा में व्यापक प्रचार-प्रसार कर पूरे शहर को होडिंग बॉडिंग से सजा दिया है। पूरे शहर में झामुमो के बैनर पोस्टर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, झुकेंगे नहीं रुकेंगे नहीं के पोस्टर लगाये गये हैं।






इसे लेकर झामुमो कार्यकर्ताओ में उत्साह है। इससे पूर्व आलोक सिंह ने शहर के रुद्रा होटल में तैयारी को लेकर विभिन्न लोगों को जिम्मेदारी दी थी और मीडिया को बताया था कि झारखंड विधानसभा के नवनिर्वाचित गांडेय विधायक व पार्टी की आयरन लेडी कल्पना सोरेन मुर्मू का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इधर, हाल ही हाल ही में लोकसभा चुनाव में राज्य के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना की राजनीतिक मैदान में धुआंधार बैटिंग से राज्य के 14 में कुल 5 लोकसभा व खुद गांडेय से विधायक बन अपनी ताकत को विरोधियों से अवगत करा दिया है। संथाल व कोयलांचल के बाद अब पलामू पर उनकी निगाहें हैं। लगातार बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल कराना और कार्यक्रम कर जनता में झारखंडी उलगुलान की बिगुल फूंक दी है। हुसैनाबाद में अगम और जिला उपाध्यक्ष के साथ भाजपा, राजद, एनसीपी जैसे कई राष्ट्रीय पार्टी के हजारों समर्थक झामुमो में शामिल होने की सूचना है, जिससे हुसैनाबाद विधानसभा का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। कयास लगाया जा रहा है कि आलोक सिंह को पार्टी में शामिल कराने एवं राज्य की सबसे बड़ी पार्टी की नेता की उपस्थिति अगले विधानसभा चुनाव में बड़ा संकेत है। बहरहाल ये सब बातें अभी चौक चौराहे पर हैं, लेकिन इस कार्यक्रम ने हुसैनाबाद में कल्पना की कला एक नया राजनीतिक अध्याय लिखने जा रही है, जिसके हीरो होंगे आलोक कुमार सिंह।

# लू से मौत को प्राकृतिक आपदा घोषित करे चंपई सरकार : सुधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह पाटन छतरपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सुधा चौधरी ने चंपई सोरेन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह सरकार जनहित पर संवेदनहीन हो चुकी है। गरीब व मध्यमवर्गीय लोगों के समस्या से कोई सरोकार नहीं रखती है। झारखंड में प्रचंड गर्मी व कड़ी धूप के कारण लोगों की मौत हो रही है। यह सरकार निरंकुश बनकर बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में ठनका से मौत, जंगली जानवर के हमला से हुए नुकसान पर सरकार मुआवजा देती है लेकिन प्रचंड गर्मी व लू लग जाने से मौत होने पर सरकार अपनी गंभीरता नहीं दिखा रही है। यह भी एक प्राकृतिक आपदा है। सरकार इसे भी प्राकृतिक आपदा घोषित कर मृतक के परिजनों को शीघ्र मुआवजा दे। कहा कि अवैध तरीके से उजड़ रहे जंगल व पहाड़ को सरकार बचाने का प्रयास करे। साथ ही शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सरकार शीघ्र करे। श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रचंड गर्मी में जहां एक ओर लोगों को पीने के लिए पानी के लिए जूझना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार के उदासीन रवैया के कारण बिजली विभाग आमजनों के साथ खिलवाड़ कर रही है।



## जिले में ईद उल अजहा शांतिपूर्वक संपन्न, गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

# जिले की सभी मस्जिदों-ईदगाहों में अदा की गयी बकरीद की नमाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज सभी मस्जिदों व ईदगाहों में निर्धारित समय के अनुसार अकीकत के साथ अदा की गई। यह पर्व शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकवाद दिया। बकरीद की नमाज इमाम के द्वारा पढ़ाया गया। साथ ही साथ बकरीद हम क्यों मनाते हैं इसके पीछे क्या उद्देश्य है उस पर प्रकाश डालते हुए इमाम ने कहा कि बकरीद हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। इसके जरिए यह दर्शाया जाता है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे अधिक विश्वास रखते थे। अल्लाह पर अपने विश्वास को दिखाने के लिए उन्होंने अपने बेटे की बलि देनी थी लेकिन उपरवाला ने इब्राहिम की नियत को समझकर बेटे की कुर्बानी को भेड़ में तब्दील कर दिया। यह पर्व मुसलमानों के सभी पर्वों में सबसे महत्वर्पूण है जिसे देश दुनिया के सभी मुसलमान इस पर्व को बड़े ही अकीदत के साथ मनाते हैं।



बकरीद की नमाज पढ़ते मुस्लिम धर्मावलंबी।

**यहां-यहां भी अदा की गयी बकरीद की नमाज**

बकरीद पर जिला मुख्यालय के जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, हेरा मस्जिद, छोटी मस्जिद, नूरी मस्जिद, मिल्लत मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, छतरपुर प्रखंड के जामा मस्जिद खाटिन, मंदेया खान टोला मस्जिद, हरिहरगंज प्रखंड के बंजारी मदीना मस्जिद, अररूआ जामा मस्जिद, चैनपुर प्रखंड के चैनपुर जामा मस्जिद, शाहपुर रहीमिया मस्जिद, हैदरनगर प्रखंड के भाई बिगहा जामा मस्जिद, कुड़वा मस्जिद, हुसैनाबाद प्रखंड के नूरी मस्जिद, हुसैनाबाद ईदगाह, पांकी प्रखंड के जामा मस्जिद, सलगस मस्जिद समेत जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गयी।

# बेशर्म हुक्मरानों की वजह से नाले का पानी पीने को मजबूर हैं लोग : आशीष भारद्वाज

- सरकारी महकमा को जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के लगभग घरों के पेयजल श्रोत संपूर्ण रूप से सुख चुके हैं। पीने के पानी हेतु हर नगर निगम वासियों को घंटों संघर्ष करना पड़ रहा है। शहर के वार्ड नं. 2 अघोर आश्रम पश्चिमी में लगभग पंद्रह से बीस घर के लोग नाले के पानी को छानकर पीने को मजबूर है। न ही उनका कोई टोह लेने वाला है, न हाल पूछने वाला है और ना ही किसी को पेयजल व्यवस्था को समृद्ध करने में रुचि है। संपूर्ण सिस्टम फेल है, हुक्मरान मौज में है हमलोग त्रस्त है हमारे कंठ सूखे हुए है लेकिन इस से किसी को मतलब नहीं है। उक्त बातें शहर के युवा आशीष भारद्वाज ने छठे दिन के पानी यात्रा अभियान के दौरान कही। मेदिनीनगर में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाये जा रहे जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान में श्री भारद्वाज ने कहा कि लोगो को इस स्तर पर विवश कर दिया गया है कि लोग नाले के पानी को पी रहे है और उसी से अपने दिनचर्या का काम भी कर रहे हैं। सरकारी महकमा को इससे कोई लेना देना नहीं, इनके कष्ट से इसलिए मतलब नहीं है क्योंकि ना ही ये गरीब लोग घूस देने में समर्थ है न ही इसमें उनका कमीशन होगा। नाले के पानी पीनेवाले लोगो को हजार बीमारियां होंगी, मौत होगी उसका जिम्मेवार कौन होगा? सचेत हो जाये और व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करें ज़िम्मेवार पदाधिकारी नहीं तो मैं उनसे भिड़ने को तैयार हूं। मेदिनीनगर शहर को इनलोगों ने चरागाह बना दिया।



लोगों से क्षेत्र की जनसमस्याओं को सुनते आशीष व अन्य लोग।

### पारिवारिक विवाद में महिला ने लगायी फांसी, मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के होटवार निवासी कमलेश यादव की पत्नी लालो देवी (45) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाते ही पीपराटांड़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर रविवार की देर शाम पति-पत्नी में विवाद हुआ था। इसके बाद मृतका ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस जांच में जुट गयी है।

### प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद उल अजहा



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** बकरीद के मौके पर सोमवार को निर्धारित समय के तहत प्रखंड क्षेत्र के ईदगाह और मस्जिदों में सामुदायिक रूप से नमाज अदा की गयी। लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की शुभकामनाएं दी। बता दें कि ईद के 70 दिन बाद ईद उल अजहा यानी बकरीद मनाया जाता है। इस दिन बकरे की कुर्बानी दी जाती है। मुस्लिम समाज के लोगों के लिए बकरीद का त्यौहार बहुत महत्वपूर्ण होता है। इधर, बकरीद को लेकर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रही। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों के आसपास भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। बकरीद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर कुर्बानी का फर्ज निभाया।

# एंबुलेंस की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत, रखा एनएच जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज मेदिनीनगर मुख्य पथ एनएच 139 पर सोमवार की सुबह करीब 9 बजे दुबटिया मोड़ के समीप अज्ञात एंबुलेंस की टक्कर से मोपेड सवार 65 वर्षीय केश्वर साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वे हरिहरगंज से धान का बीज खरीद कर पिपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन व आसपास के लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए एनएच को जाम कर दिया। बाद में हरिहरगंज तथा पिपरा के पुलिस अधिकारियों द्वारा समझा बुझा कर तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने के आश्वासन के बाद ढाई घंटे बाद एनएच 139 पर आवागमन सुचारू किया जा सका।



# जिला वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में समर्पित रहूंगा : अनिल कश्यप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय हुसैनाबाद में सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के सीनियर एवं लीडिंग एडवोकेट अनिल कश्यप को अंग वस्त्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि अनिल कश्यप जपला के ही मूल निवासी हैं और इन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई बक्शी उच्च विद्यालय हुसैनाबाद से की है। जपला जैसे छोटे शहर से निकलकर उन्होंने रांची में एक अलग पहचान बनायी है और रांची हाईकोर्ट में लीडिंग एडवोकेट के रूप में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के सभी सदस्यों ने संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके उत्कृष्ट कार्यों को देख तथा हुसैनाबाद के लोगों के लिए इतनी व्यस्तता के बावजूद फोन के जरिए या रांची आफिस में बुलाकर कानूनी सलाहकार और मददगार के रूप में खड़े रहते हैं। उनके जपला आगमन पर पूर्व सैनिकों ने उन्हें कार्यालय में आमंत्रित कर भव्य स्वागत और सम्मानित किया।

# रंगकर्मी सैकत चटर्जी को मिला सोन गौरव सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव व वरीय रंगकर्मी सैकत चटर्जी को बिहार के डेहरी ऑन सोन में सोन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। रंगकर्म के क्षेत्र में 35 वर्षो से सक्रिय रहने के कारण सैकत को सोन गौरव सम्मान दिया गया। रविवार की रात डेहरी के झुनझुनवाला वाटिका में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित एक समारोह में सैकत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरा के मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्देशित बहु चर्चित नाटक गंगा स्नान की प्रस्तुति की गयी। रांची के फीनिक्स संस्था ने अभिराज द्वारा निर्देशित नाटक राजरक्त का मंचन किया। सम्मान समारोह में रंगमंच से जुड़े सक्रिय वरीय रंगकर्मियों को सम्मानित किया गया।



### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर दौड़ 23 को

**मेदिनीनगर।** झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देश पर पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 16 वर्ष से अधिक उम्र वाले खिलाड़ियों के लिए पलामू जिला स्तरीय 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन एवं 16 वर्ष आयु वर्ग से कम वाले (सब-जूनियर) खिलाड़ियों के लिए 600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगा।

# मूलभूत सुविधाओं के घोर अभाव से जूझ रहा डालटनगंज विस क्षेत्र : दिलीप नामधारी

- 15 वर्षों में जनप्रतिनिधि जनता से दूर रहे नहीं हो सका अपेक्षित विकास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। वर्ष 2009 में पिता इन्दर सिंह नामधारी के बाद लगभग 15 वर्षों में यहां की जनता ने दो जनप्रतिनिधियों को कार्य करने का अवसर प्रदान किया। एक 5 वर्ष एवं दूसरे को 10 वर्ष परन्तु इस क्षेत्र के लिए इन्होंने कुछ भी ऐसा कार्य नहीं किया जिससे जनता की अपेक्षाएं पूर्ण हुई हो। मैं ज्यादा तो नहीं परन्तु 15 वर्षों से इस क्षेत्र की जनता की मुख्य मांग रही है। उक्त बातें युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने कही। कहा कि क्षेत्र में समस्या का अंबार है। जनप्रतिनिधि की उदासीनता से क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हो सका। चैनपुर प्रखंड के ग्राम चांदो एवं बसरिया में कोयल नदी पर दोनों स्थानों पर पुल निर्माण, चांदो से अवसाने आने-जाने का दो सड़क है जो बिल्कुल जर्जर है।

### पाटन समेत आसपास के क्षेत्रों में मनी बकरीद



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाई गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में जाकर सुबह बकरीद पर्व की नमाज अदा की। साथ ही एक दूसरे के गले मिलकर, सेवईयां खाकर बकरीद पर्व का मुबारकवाद दिये। पाटन प्रखंड के लोईगा, सुंठा, गम्हेथा, खाम्ही, रजहारा, सगुना, पाटन, केल्हार ,नावा जयपुर सिरमा आदि जगहों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद का पर्व अकीदत के साथ मनाया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने अपने क्षेत्र के मस्जिदों में जाकर एक साथ नमाज अदा किया तथा एक दुसरे को मुबारकबाद दिया। इधर बकरीद पर्व को लेकर पाटन प्रखंड के मुस्लिम बहुल इलाकों में विशेष चहल-पहल देखी गयी। लोग एक दूसरे से गले मिलते नजर आये। वहीं पाटन पुलिस, किशुनपुर ओपी पुलिस तथा नावा जयपुर पुलिस ने बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में गश्त करते रहे।

## सदर प्रखंड क्षेत्र में अकीदत के साथ मनायी गयी बकरीद

# जामा मस्जिद तेलियाबांध के मौलाना इदरूसुल कादरी ने पढ़ा वाजिब नमाज

- मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में की नमाज अद

**मिन्हाज आलम**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में बकरीद पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाई गई। बकरीद को लेकर अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह सात बजे नमाज अदा की। जामा मस्जिद तेलियाबांध, भीमगाड़ा, कौड़िया मस्जिद, भुसही मस्जिद, पोखराहा मस्जिद, सारजा मस्जिद समेत कई मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। पर्व को लेकर लोग मस्जिदों में सुबह से ही जुटने लगे थे। बकरीद पर्व अमन व शांति की पैगाम देती है। साढ़े चार हजार वर्ष पहले इब्राहिम अली सलाम अल्लाह के रजा के लिए अपने बेटे को कुर्बान कर रहे थे। अल्लाह ने कुर्बानी को कुबूल फरमाया और इंतहान में कामयाब हुए। खतीबो इमाम जामा मस्जिद नूरी चियांकी तेलियाबांध के मौलाना इदरूसुल कादरी पलामवी ने मेंबर से दिनी पैगाम दिये। आपस में इख्तेहार व मिल्लत के पैगाम दिये। उन्होंने कहा कि इब्राहिम अली सलाम को बादशाह नमरूद ने आग में डाला लेकिन अल्लाह ने इब्राहिम अली सलाम के लिए आग को गुलजार बना दिया। इब्राहिम अली सलाम अपने सबसे प्यारी चीज वतन छोड़ा और अपने माल की कुर्बानी दी। साथ ही अपनी जान की भी बाजी लगायी और बेटे इस्माइल की कुर्बानी दी। ये सारे पैगाम मौलाना इदरूसुल कादरी ने दी।



बकरीद की नमाज पढ़ते मुस्लिम धर्मावलंबी।

# आसमान में खुशनुमा बादल के नजारे से जगी हिटवेव से निजात मिलने की उम्मीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** रविवार सुबह से मौसम के रुख में बदलाव से लोगों में हिट वेव से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। सर्वाधिक तापमान रविवार को दोपहर में 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। एक पखवाड़ा पहले 48 इसके बाद 41-42 और हाल के दिनों में लगातार 45 पर बना रहा था। रविवार को दोपहर बाद शाम में 43 और सुबह भी यही स्थिति देखने को मिली। मगर उमस के बीच हवाओं के बहने से सुबह 7 बजे और शाम में भी बादल के दर्शन से लोगों में हीट वेव से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इससे मॉनसून के भी जल्दी पहुंचने के आसार बताया जाता है। निराश होने लगे किसान भी भगवान इंद्र की आराधना और अच्छी फसल की मन्नत मांगने लगे है।



आसमान में छाये सुहाने बादल।

### पलामू हीट वेव की चपेट में, स्कूल खुलने के समय को आगे बढ़ायें सीएम और शिक्षा मंत्री

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के सदस्य बिनोद तिवारी ने भीषण गर्मी में 18 जुन से खुलने वाले विद्यालय के समय को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री चंपई सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, शिक्षा सचिव एवं परियोजना निदेशक से निवेदन किया है। कहा कि अभी संपूर्ण झारखंड हीट वेभ की चपेट में है। कहा कि कई शिक्षक बीस से तीस किलोमीटर दूर विद्यालय जाते हैं और उच्च विद्यालय तक के बच्चें चील चिलाती धूप में घर आते हैं जो गर्मी में परेशान होंगे।

# राजमहल उत्तर वाहिनी मां गंगा के तट पर भव्य महाआरती का किया गया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजमहल।** साहेबगंज जिले के अंतर्गत एकमात्र राजमहल प्रखंड क्षेत्र में उत्तर वाहिनी मां गंगा के तट पर परिवर्तन सोसाइटी रांची के द्वारा सूर्य देव छठ घाट परिसर में रविवार को संध्या भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारी गण, अतिथि गण उत्तर वाहिनी मां गंगा तट पर उपस्थित होते ही तिलक लगाकर उन्हें भव्य स्वागत किया गया परिवर्तन संस्था रांची के कार्यक्रम प्रमुख आशी शर्मा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बताई कि कार्यक्रम संध्या 5:00 बजे शुरू हुई सर्वप्रथम कार्यक्रम राजमहल मुरली स्थित मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह के साथ आए हुए सभी छात्राओं द्वारा रंगोली एवं संस्कृति कार्यक्रम किया गया उसके बाद डी एफओ मनीष तिवारी पांडा के टीमों द्वारा मां गंगा की महाआरती की गई। इस दिन गंगा नदी में स्नान और पूजन करने का विशेष महत्व होता है वाराणसी, प्रयागराज, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, मनीष तिवारी एवं अन्य पांडे आदि द्वारा बताया गया कि इस शुभ अवसर पर मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना के साथ आरती की जाती है। हिंदू धर्म में गंगा आरती का अपना अलग महत्व माना गया है। मां गंगा महा आरती के बाद लेजर शो, का कार्यक्रम किया जाएगा उसके बाद आखरी में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जायेगा है। कार्यक्रम में उपस्थित परिवर्तन सोसाइटी के संस्था के अमित तिवारी, श्रेया तिवारी, डॉक्टर पूजा सिन्हा, आशी शर्मा, पूनम कुमारी, निशा कुमारी, अनिल कुमार, अमित कुमार, राजमहल व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश संजीव कुमार सिन्हा, ज्यूडिशरी मजिस्ट्रेट फर्स्ट श्रेणी मिस मानसी, डीडीसी सतीश चन्द्र, एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, विधायक अनंत कुमार ओझा, बजरंगी प्रसाद यादव, राजमहल महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी एवं राजमहल विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खास-ढ़ोरी मे दामोदर नदी पर गंगा दशहरा कार्यक्रम संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** रविवार की देर शाम फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत खास-ढ़ोरी स्थित दामोदर नदी तट पर गंगा दशहरा नदी पूजन कार्यक्रम किया गया। पुजारी एस पांडेय ने सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य एवं धनबाद एवं बोकारो विभाग प्रमुख रविंद्र कुमार मिश्रा को पूजा करा गंगा आरती कराया।

लोगों ने नदी को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया। बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर दामोदर नदी को प्रदूषण से बचाना होगा। बीएमएस जिला मंत्री ललन मल्लाह ने कहा कि नदी पूजन, आरती, परिचर्चा, प्रसाद वितरण और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अनीता देवी जानकी देवी सुमन देवी मोनी बाई राजा मल्लाह, रोहित कुमार, राखी देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, अनामिका कुमारी, मनीषा देवी, प्रीति कुमारी, दुलारी देवी, सुनीता देवी, रीता देवी, बसंती देवी, शांति देवी, गीता देवी, ज्योति देवी, पूजा व महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पाकुड़ में मनाया गया बकरीद का त्यौहार, नमाज अदा कर लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ



पाकुड़। जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडो में सोमवार को ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज अदा कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन, शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। शहर के तांतीपाड़ा स्थित ईदगाह, बड़ी मस्जिद, मैदान-ए-खखाजा गरीब नवाज, हाटपडा मस्जिद, छोटी मस्जिद समेत ग्रामीण इलाकों की ईदगाह व मस्जिदों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दिया। जिले के हिरणपुर प्रखंड के हाथकाठि स्थित पहाड़ी ईदगाह में मौलाना हाफिज इकरामुल फैजी ने लोगो को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराया। वही कमलघाटी स्थित जामिया सल्फिया मस्जिद में मौलाना इस्माइल मजाहिरी ने नमाज अदा कराई। जहां लोगो ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वही महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़िया व आमरापाडा प्रखंड क्षेत्र में भी उत्साह के साथ बकरीद का त्यौहार मनाया गया। ईदगाह सहित चौक-चैराहो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनाती की गई थी। अतिसंवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

### साहिबगंज क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्वक मनाया बकरीद



बरहेट। सोमवार को मुस्लिम समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार ईद उल अजहा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जहां लोगों ने सुबह ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के बाद अपने नबी इब्राहिम अ व स के सुन्नत को अदा करने के लिए जानवर को कुबार्नी किया। वहीं क्षेत्र में विभिन्न ईदगाह बरहेट, पंचकठिया, फुलभन्गा, हड़वाडीह, गोपलाडीह, कदमा, भोगनाडीह, सन्मनी में इमामों द्वारा लोगों को कुबार्नी करने की तरीका व इससे जुड़ी प्रमुख बातों को लोगों को बताया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए सभी ईदगाहों में पुलिस बल तैनात किए गए। वहीं लोगों ने ईद के नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई एक दूसरे को गले मिलकर दिया।

### फुसरो नप क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व



बेरमो/फुसरो। बेरमो क्षेत्र में सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर फुसरो नप क्षेत्र सहित पिछरी, अंगवाली, चलकरी के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में अकीदत के साथ सामूहिक रूप से नमाज अदा की गयी। नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही लोगों का मस्जिद व ईदगाह की तरफ जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान में हाफिज एहसानुल होदा व रहिमगंज स्थित जामा मस्जिद में इमाम इरफान कादरी नकवी ने नमाज अदा करायी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। लोग समूह में रिश्तेदारों व दोस्तों के घर पहुंच गले मिल कर मुबारकबाद दे रहे थे। दूसरी और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन की और से मस्जिदों व चौक-चौराहों के आसपास दंडाधिकारी व पुलिस बल को तैनात किया गया था।

### जारंगडीह मे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ बकरीद का पर्व



बेरमो/जारंगडीह। मुस्लिम समुदायों का दुसरा सबसे बड़ा त्योहार ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार सोमवार को जारंगडीह मे धुमधाम व हर्षोल्लास तथा शांति व सौहादपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जारंगडीह ही नही बेरमो अनुमंडल के सभी क्षेत्रों में आज अहले सुबह से ही काफी चहल-पहल बढ़ गई थी। लोगों नये नये कपड़े पहन मस्जिद व ईदगाह की ओर निकल चुके थे जहां पहुच लोगो ने बकरीद की नमाज अदा की। वही शांति और व्यवस्था कायम रखने के लिए सुबह से ही पुलिस प्रशासन द्वारा सभी इबादतगाहो और ईदगाहों पर तथा चौक चौराहों बाजारो आदि मे भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बेरमो अनुमंडल के सभी क्षेत्रों में बकरीद का त्योहार शांति व सौहादपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया।

### साहिबगंज जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व



साहिबगंज। ऐसे तो ईद उल अजहा की तैयारी मुस्लिम समुदाय कई दिनों से चल रहा था पर सोमवार को वह सुबह आ ही गई जब मुस्लिम समुदाय के छोटे-छोटे मासूम बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी नहा-धोकर मस्जिदों में जाकर नमाज अदा किया एवं अपना ही नहीं पूरे भारतवर्ष के लिए अमन-चैन, सुख-समृद्धि के लिए दुआ मांगी। साहिबगंज बड़ी मस्जिद,राजमहल में अकबरी मस्जिद, बरहरवा में यतीमखाना ईदगाह, बरहेट में हरवाडीह ईदगाह में हजारो की संख्या में ईद का नमाज अदा किया। फिर बड़े-छोटे, गरीब-अमीर के भेद भाव मिटाकर एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद का मुबारक बाद दिया।

### हंसडीहा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ बकरीद



सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी।

हंसडीहा। हंसडीहा थाना क्षेत्र में सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार संपन्न हुआ। लोगों ने उल्लास के साथ त्योहार मनाया।साथ ही ईदगाह पर एक साथ नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।थाना क्षेत्र अंतर्गत हंसडीहा, नोनीहाट, सिंहनी, बनियारा, भोड़िया, नवाडीह, रंगा, ढाड़ी, गंगवारा गांव में ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर भाईचारा, तरक्की एवं शांति की दुआएं मांगी गई। सुबह छह बजे से ही थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग गांवों में नमाज पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद कुबार्नी और दावत का दौर चला। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रख विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थान में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात रहे। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहे और क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। पुलिस की पेट्रोलिंग जीप क्षेत्र में घूमती रही। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए भी पुलिस की विशेष टीम निगरानी करती रही। कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसको लेकर हंसडीहा थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ स्वयं सक्रिय रहकर मानिटरिंग कर सूचना लेते रहे।

### बोकारो : ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा ने 50 बार किया है रक्तदान



बोकारो। ह्यूमैनिटी सेवियर्स संस्था के संस्थापक अध्यक्ष स्व इंदर सिंह सलूजा व स्व सुरिन्दर कौर के पुत्र ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा एवं उनकी टीम के सदस्य लगातार रक्तदान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को रक्तदान से होने वाले फायदे के प्रति जागरूक करते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव एवं कमजोर हो जाने की भ्रांतियों के कारण ही युवा रक्तदान से डरते हैं। जबकि नियमित रक्तदाता हर तीन माह पर रक्तदान कर गर्व महसूस करते हैं। रक्त की कमी से किसी की जान न जाने पाए यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। सलूजा युवाओं को जागरूक कर प्रतिदिन दो से चार यूनिट रक्तदान करवा रहे हैं। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के सदस्य साल में चार बार रक्तदान करते हुए लगातार सेवा कार्य में लगे हुए हैं। सलूजा की यह ख्वाहिश है कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर अपने शहर में प्लाज्मा डोनेशन एवं प्लेटलेट्स डोनेशन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे एवं ब्लड डोनेशन उपरांत रक्तदाता को ब्लड डोनर कार्ड भी दिलवाने की पूरी कोशिश करेंगे ताकि रक्तदाता को जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक से ब्लड उपलब्ध हो सके। श्री सलूजा पिछले 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवा कार्य कर रहे हैं। इनके नेतृत्व में हजारों रक्तदान शिविरों के माध्यम से अभी तक 15000 यूनिट से भी अधिक रक्तदान कराया जा चुका है। इन्होंने खुद 50 बार रक्तदान किया है, इनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों को देखते हुए इन्हें सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं।

## स्पीड न्यूज

### बगदा निवासी सीधेश्वर प्रसाद वर्मा का निधन



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के बगदा निवासी 75 वर्षीय सीधेश्वर प्रसाद वर्मा का निधन ह्रदय गति रुकने से हो गया। उनके निधन की सूचना के बाद पूरे कसमार में शोक की लहर है। गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो जिप उपाध्यक्ष बबिता देवी व जिप के अमरदीप महाराज सहित अन्य ने शौक व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि स्व वर्मा गाँव में अपने सरल स्वभाव से अलग पहचान बनाए हुए थे। गाँव व समाज के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर विभिन्न संगठन के लोगों ने दूरभाष से संपर्क कर उनके पुत्र गौतम वर्मा से बात कर ढाढस बंधाया। परिजनों ने बताया की आज सुबह वे उठ कर चाय पीकर करीब 8 बजे नहाने बाथरूम में घुसे जब काफी देर होने लगा तो घरवालों को किसी अनहोनी की आशंका हुई तो दरवाजा खटखटाया मगर जब कोई जवाब नहीं आया तब दरवाजा को तोड़ा गया। वे बाथरूम में बेसुध होकर गिरे हुए थे। आनन फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गोड्डा : बाइक व ऑटो में टक्कर, एक की मौत

गोड्डा। गोड्डा पत्थरगमा मार्ग के मध्य मालनी मोड़ के निकट एक ऑटो और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमे एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### साहिबगंज : टोटो और बाइक की भीड़ंत

कोटालपोखर। थाना अंतर्गत सिवलिडांगा में टर्निंग के पास मोटरसाइकिल और टोटो के बीच जोरदार टक्कर से मोटरसाइकिल चालक नारायण साहा पिता नेपाल साहा और नीलेश घोष पिता उत्तला घोष दोनो को पूरी तरह से घायल हो गया। जिसका घर अंगूठियां ग्राम बताया जा रहा है जो कोटालपोखर थाना अंतर्गत आता है। वही ग्रामीणों से पता चला कि मौके पर टोटो चालक फरार हो गया। वही घटना स्थल पर कोटालपोखर थाना के ए एस आई टिपन रविदास ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ भेज दिया है।

### गिरिडीह सांसद की पहल पर लगा नया विधुत ट्रांसफार्मर



बेरमो। सोमवार को नावाडीह प्रखण्ड पंचायत के दहियारी ग्राम पुरानी दहयारी में स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना मे लगे ट्रांसफर्मर विगत 15 दिनो से खराब रहने के कारण गांव मे जलापूर्ति बाधित था। पंचायत के जनप्रतिनिधि के द्वारा सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी को ट्रांसफर्मर खराब होने को लेकर अवगत कराया। माननीय सांसद महोदय ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग एव जलापूर्ति विभाग के उच्च आधिकारियो से बात करके समस्या का निदान करवाया। नया ट्रांसफर्मर का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो मुखिया धानेश्वरी देवी एवं जिला परिषद सदस्य महेन्द्र प्रसाद संयुक्त रूप से किया। मौके पर सुरेश महतो उप मुखिया पूजा नायक पं समिति सदस्य सरोजा देवी नितेश महतो ठाकुर महतो काली चरण साव घनश्याम पंडीत ईश्वर साव बासुदेव गोप कृष्णा नायक संतोष साव गंगा सागर तुरी उपिस्थित थे।

# पाकुड़ पुलिस ने अवैध लॉटरी गिरोह का किया भंडाफोड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** धीरे-धीरे और लॉटरी का गढ़ बनता जा रहा है। पहले तो केवल अवैध लॉटरी बेचे जाते थे। अब सहस देखिए कि जिला मुख्यालय में बिना किसी भय के नकली लॉटरी छपने और बिकने लगे हैं। पाकुड़ पुलिस ने इसकी भंडाफोड़ कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए इंसपेक्टर सह नगर थाना प्रभारी अनूप रोशन भंगेरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी की सिंधीपाड़ा के मकान में कुछ लोग अवैध रूप से लोटरी की छपाई कर रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम गठित कर सूचना के सत्यापन हेतु बताए गए मकान में छापामारी की गई ।तो वहां से लगभग 3000 पीस नकली लॉटरी, पांच प्रिंटर एक कंप्यूटर सिस्टम, पेपर कटिंग मशीन, इनवर्टर, बैट्री, स्याही, टेबल लॉटरी छपाई हेतु कागज, टेबुल आदि बरामद किया गया। मौके से सभी आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बीर ग्राम में रहने वाले राहुल मंडल नामक व्यक्ति ने अपने 6 से 7 साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे रहा था। अपने को रेलवे स्टाफ बताकर एक मकान सिंधी पाड़ा में किराए पर लिया और पिछले 15 दिनों से नकली और अवैध लॉटरी की छपाई कर बेचने का काम करने लगे। कुछ लोगों को इसकी भनक लग गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि लॉटरी को जप्त कर अनुसंधान जारी कर दिया गया है । शीघ्र ही सभी लोग सलाखों के पीछे होंगे उन्होंने कहा कि पाकुड़ में अवैध लॉटरी गांजा आदि बेचना छोड़ दे। पुलिस को सूचना मिल रही अग्रसर कार्रवाई की जाएगी।

# दुमका : गाड़ी रोककर बनाया बंधक, एक बाराती की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोपीकांदर।** दुमका जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर-आमगाछी मार्ग पर सड़क किनारे एक खेत एक 32 वर्षीय युवक के शव को पुलिस ने सोमवार को जब्त किया है। मृतक की पहचान काठीकुंड थाना क्षेत्र के झिकरा गांव के संतोष राय (32) पिता चंद्रमोहन राय के रूप हुई है। मृतक के साथी राजकुमार राय और झिकरा गांव के लोगों ने बताया कि बीते रविवार की शाम काठीकुंड थाना क्षेत्र के झिकरा गांव से आमझारी-कल्याणपुर मार्ग होकर महेशपुर थाना क्षेत्र के बरकियारी गांव बरात गया था। सोमवार की सुबह सात बजे जब बरात वापस लौटा तो कल्याणपुर गांव के करीब 11 संख्या में युवकों ने बरात गाड़ी को रोककर 10 हजार रुपये का रंगदारी मांग किया। रविवार की शाम बरात जाने के क्रम में शामिल लोगों के द्वारा कल्याणपुर गांव पार करने के समय शोरगुल और हल्ला करके बरात पार हुआ था। करीब कई घण्टा गाड़ी रोकने से लोग चिलचिलाती धूप में भूख और प्यास से बराती तड़पते दिखे। बरातियों की गाजा-बाजा युवकों ने रख लिया और 10 हजार देने की बाद छोड़ने की बात कही। इसी बीच संतोष राय एक पेड़ के निचे सोया हुआ था। उनके साथी सत्यनारायण राय जब उसे उठाने गया तो देखा कि संतोष का मृत पड़ा हुआ है। काठीकुंड सर्किल इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल भी घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# बच्चा चोरी का आरोप लगाकर दामाद को पीटने वाले गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के जामबाद गांव में बच्चा चोरी के आरोप में गांव के दामाद को रस्सी में बांधकर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी थी। सूचना पाकर शिकारीपाड़ा पुलिस रविवार की देर शाम घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में भर्ती कराया। घायल सोम किस्कू ने पुलिस को बयान दिया कि वह शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव का रहने वाला है। उसका ससुराल जामबाद गांव में है। वह अपनी पत्नी हीरामुनि हेम्ब्रम के साथ जामबाद गांव में रहकर मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा है। कुछ दिनों से उसकी सरहज (साला की पत्नी) हेलेना मरांडी सोम से पैसा की मांग कर रही थी। वह नहीं दे पा रहा था। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था। दोपहर के बाद वह कुछ सामान दुकान से खरीदने के लिए प्रतापपुर गांव जा रहा था, तो उसका साला का लड़का भी उसके पीछे लग गया। जो लगभग 9 वर्ष का है। कुछ दूर जाने के बाद हेलेना शोर मचाने लगी की सोम मेरे बेटा को चुरा कर भाग रहा है। इसके बाद लोग सोम को पकड़ कर रस्सी में बांधकर पीटने लगे। पुलिस ने मामले में नामजद अभियुक्त बबुटा मुर्मू उर्फ अगस्टिन मुर्मू, किशुन टुडू, हेलेना मरांडी, गोडधा हांसदा, मांझी मरांडी, मंगल मरांडी एवं किशुन मरांडी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है।

# सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र मे स्वच्छता पखवाड़ा शुरू




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र में कोयला मंत्रालय के निदेर्शानुसार 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के पालन के तहत सोमवार को तमाम विभागाध्यक्षों और अन्य कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत करके स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मौके पर महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र संजय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। इस अवसर पर जीएम कुमार उप प्रबंधक (सी एस आर), कथारा क्षेत्र के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। शपथ में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष में 100 घंटे तथा सप्ताह में कम से कम 2 घंटे स्वेच्छा से समर्पित करने पर जोर दिया गया। क्षेत्र के महाप्रबंधक के नेतृत्व में शपथ में जीवन के सभी पहलुओं में सर्वोत्तम स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया।

इस पखवाड़े के दौरान, सी सी एल, कथारा क्षेत्र अपने सभी परियोजनाओ और आस-पास के कार्यालय परिसरों में नियमित रूप से सफाई निरीक्षण करेंगे ताकि उचित स्वच्छता और रिकॉर्ड प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ऑफिसर्स क्लब एवं गेस्ट हाउस और उसके आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता अभियान और स्वैच्छिक सफाई गतिविधियां (श्रमदान) आयोजित की जाएंगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने सभी कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों से विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे मनोयोग से भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में कथारा क्षेत्र के अर्जुन कुमार प्रसाद, जयंत कुमार, बिनोद कुमार, जय प्रकाश नारायण सिंह, संजय सिंह, सी बी तिवारी, एस के गुप्ता, चन्दन कुमार, निरंजन विश्वकर्मा, अजुराम, रोहित कुमार तथा अन्य कामगार एवं सुरक्षाकर्मी भी उपस्थित रहे।

# डालमिया भारत फाउंडेशन ने माइक्रो-इंटरप्राइजेस का शुभारंभ कर कायम की एक नयी मिशाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन ने ग्रामीण समुदायों को पूरी तरह से आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सबल बनाने के निमित्त बोकारो के उत्तरी गोराबाली गांव में पांच छोटे व्यवसायों (माइक्रो-इंटरप्राइजेस) की शुरूआत की है। इन नए व्यवसायों में चार किराना दुकानें और एक कॉस्मेटिक दुकान शामिल हैं। यह प्रयास डीबीएफ के ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का हिस्सा एवं ग्रामीणों के आत्मनिर्भरता हेतु नई मिशाल साबित हो रही है। डालमिया भारत फाउंडेशन की ग्राम परिवर्तन योजना के तहत सभी लाभार्थियों को खुद के माइक्रो इंटरप्राइजेस स्थापित करने में मदद मिली। इतना ही नहीं डीबीएफ टीम ने उन्हें बैंक से लोन दिलाने में भी मदद की ताकि वे बिना किसी परेशानी के खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें या इसका विस्तार कर सकें। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय के बालेश्वर सिंह राठौर एवं डीबीएफ अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त पहल पर टिप्पणी करते हुए डीसीबीएल बोकारो प्लांट के यूनिट हेड प्रिय रंजन ने कहा कि डालमिया भारत में हम जमीनी स्तर पर सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और स्थायी भविष्य के लिए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोराबाली में इन माइक्रो इंटरप्राइजेस की स्थापना कर हमारा लक्ष्य रोजगार के अवसर उत्पन्न करना स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार करना और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

एक व्यापक दृष्टिकोण के तहत हमारे ये प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवन देते हुए सभी के विकास सामाजिक स्थिरता और समुदाय के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देते हैं।

# गोड्डा में शांति, प्रेम व सद्भावना के साथ मनाया गया बकरीद



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सोमवार को ईद उद अजहा, बकरीद के अवसर पर गोड्डा सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से आपसी प्रेम शांति और सद्भावना के साथ त्यौहार मनाया गया। गोड्डा में आसानबनी, न्यू मार्किट सरकंडा चौक आदि स्थानों पर शांति और सुरक्षा के साथ मुस्लिम धर्मवलबियों ने सुबह अपने निकट के मस्जिदों में नमाज अता की और कुरबानी की रस्म अता की। प्रेम से गले मिलकर एक दुसरे को इस पर्व पर शुभकामनायें दी। गोड्डा शहरी क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जे पी एन चौधरी, नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्टोफा, भोला दास के साथ मुफ्फसिल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह के साथ उनके सहायक अधिकारी भी गश्त लगाते देखे गए। जिले के महगामा अनुमंडल पदाधिकारी के साथ एस डी पी ओ महगामा अपने अपने क्षेत्रों में विधि ब्यावस्था का जायजा लेते रहे।

# शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी और हिमंता विस्वा सरमा को सह चुनाव प्रभारी बनाये जाने का भाजपाईयों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे पी नड्डा ने आगामी विधानसभा के चुनाव की तैयारी के लिए चुनाव प्रभारी एवं चुनाव सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। आने वाले झारखण्ड विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा झारखण्ड प्रदेश के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को प्रदेश सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र का उल्लेख करते हुए पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लिए उन दोनों के अनुभव से भारतीय जनता पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन होना तय है। उनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी व हिमंता





विस्वा सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाये जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, जिला के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, डॉ संजय सिंह, प्रो संजय सिंह, इलारानी पाठक, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, सरिता ठाकुर, आनंद बेदिया, अखिलेश प्रसाद, प्रो खिरोधर साहू, रंजन फौजी, राजू कुशवाहा, दिलीप सिंह, रमेश कुमार वर्मा, संजीव कुमार बावला, किरण देवी, वसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, संतोष कुमार शर्मा प्रवीण कुमार सोनू, भीमसेन चौहान, धीरज कुमार साहू, राकेश पंडा, सोनू कुमार शौर्य लक्ष्मी देवी, अमितेश कुमार सिंह, नमेंद्र चंचल, सन्नी कुशवाहा, विनोद कुमार, कुमेल उरांव, सैयद किरमानी, उमेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, विजय जायसवाल, जगेश्वर प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, आलोक कुमार, सुनील कुमार बर्नवाल, वरुण कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, योगेश दांगी, रोबिन गुप्ता, दीपक सोनकर, शिव कुमार महतो, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, बबलू साव, अशोक कुमार, संजय शाह, नरेश कुमार राजाराम प्रजापति, गणेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, तोकेश सिंह, सतीश मोहन मिश्र, सहदेव ठाकुर, मोहन पांडेय, राजीव जायसवाल, विजय ओझा आदि ने बधाई दी है।

## एक नजर में

### राज्य में 200 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त, अंबा प्रसाद ने विधानसभा में की थी मांग

**बड़कागांव।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग की थी इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन ने इसकी घोषणा कर दी है अब राज्यवासियों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन के घोषणा पर विधायक अंबा प्रसाद ने आभार जताया है। विदित हो कि बजट सत्र के दौरान दिनांक 2 मार्च 2024 को तारांकित प्रश्न के माध्यम से बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने सदन को अवगत कराते हुए बताया था कि राज्य के 42.16 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जो पूरे देश में बिहार (51.91 प्रतिशत) के बाद सर्वाधिक है। राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की शुरूआत करने के बाद इसे 125 यूनिट तक बढ़ाने की कवायद चल रही है लेकिन राज्य में एक बड़ी आबादी गरीब तबके की है, जो बिजली बिल दे पाने में भी असमर्थ है इसलिए राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दिया जाए।

### सेविका की लापरवाही से केंद्र में घंटों बंद रहा बच्चा

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही स्थित लालबंगला में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सहायिका द्वारा लापरवाही बरते जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। बीते 11 जून को 10.30 बजे सेविका और सहायिका केंद्र को बंदकर चलते बने। उस केंद्र के अंदर एक तीन वर्षीय बच्चा समीर महतो पिता सकल देव महतो रह गया। बच्चा केंद्र से अपना घर नहीं पहुंचने के कारण इसके माता-पिता काफी परेशान हो गए। और खोज-बीन करने लगे। इसके बाद परिजन आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर खिड़की से देखा तो पाया कि बच्चा अंदर में बंद है और रो रहा है। उसके बाद केंद्र का ताला खुलवाकर बच्चे को बाहर निकाला गया। इस मामले को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेखा रानी से पूछे जाने पर बताया कि मामला 11 जून की है। और इसकी जानकारी मुझे 16 जून को हुई है। आगे कहा कि इसकी जांच की जाएगी। जबकि केंद्र सेविका पूनम कुमारी ने बताया कि कन्यादान प्रमाण-पत्र के लिए हजारीबाग कोर्ट के लिए निकल पड़ी थी। इसका जार्ज सहायिका को दिया गया था। इसकी जानकारी बच्चे के माता-पिता ने केंद्र के सेविका को दी गई। कोर्ट न जाकर पुनः वापस पहुंची। और केंद्र का ताला खोलकर बच्चे को बाहर निकाला गया।

### मंडा पूजा में झलकती है झारखंड की सभ्यता और संस्कृति : निर्मला देवी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुसियारा मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में मंडा पुजा का आयोजन किया गया। मंडा पुजा में 150 भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा में कुसियारा, किन्नी, भंडरा, घाघरा, जराद गांव के भोगता और सोकताईनो ने निर्जला उपवास कर भगवान शिव की उपासना किया। पूजा को लेकर आयोजित मंडा मेला का उद्घाटन पूर्व विधायक निर्मला देवी, आजसु के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि मेला हमें अपने पूर्वजों की याद ताजा कराती है। मेला झारखंडी संस्कृति की धरोहर भी है। उन्होंने कहा कि मंडा मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामश्याम सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद जयसवाल, संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सूरज जयसवाल, सचिव राम महतो, उप कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, करण कुमार, उप सचिव विकाश उरांव, बिरजू मुंडा, मिथलेश, दीपक महतो, अनु सिंह, संरक्षक मोहित महतो, केतर महतो, अजीत महतो, हरखनाथ महतो सहित अन्य लोगो का विशेष योगदान रहा।

### ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ मांगी मुल्क में अमन की दुआ

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने सोमवार को ईद-उल-अजहा की दो रकअत वाज़िब नमाज पढ़कर मुल्क में अमन की दुआएं मांगी और कुबार्नी के रस्म अदा किया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित मस्ज़िदों व ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह सात बजे तक अदा कर दी गई। मौके पर मस्जिद के इमामों ने खुतबा पढ़ी और इसके बाद अकीदतमंदों ने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। पर्व को लेकर दिनभर कटकमसांडी व पेलावल पुलिस क्षेत्र में गश्त करते दिखी। ईद-उल-अजहा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, जिप प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, उपप्रमुख प्रतिनिधि सतीश सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा, पूर्व जिप प्रतिनिधि मिस्बाहुल इस्लाम, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकिशोर सिंह, जिप प्रतिनिधि कारू राम, समाजसेवी विक्रम राणा, समाजसेवी उपेंद्र कुशवाहा, कांग्रेस के इंद्रदेव यादव आदि दर्जनो जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

### बरही में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी बकरीद विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में अदा हुई नमाज



**बरही।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सोमवार को बरही प्रखंड के सभी बीस पंचायतों में त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह के साथ गले से गले मिलाकर मनाया। बरही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जामा मस्जिद, कोनरा स्थित ईदगाह समेत रसोईया धमना, कोनरा, छोटकी बरही, दुलमाहा, धनवार, गरजामो, गोरियाकरमा, मलकोको, भंडारो, डुमरियाडीह, गरजमो, मोहगढा सभी विभिन्न गांव में स्थित ईदगाह व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। जिसमें सजदे के लिए हजारों सिर झुके। नमाज अदा करने के बाद सभी ने अपने एवं अपने क्षेत्र की तरक्की, शहर, जिला, प्रदेश व वतन में अमन चैन, खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ मांगी। बकरीद को लेकर मुसलिम समुदाय के लोग सुबह से ही कुबार्नी के रश्म अदा करने के बाद मित्रो को दावत पर बुलाया। लोगों ने नये कपड़े पहने और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की शुभकामनाएं दी। गरजामों में नमाज अदा करने के बाद क्षेत्र में अमन शांति और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई। मौके पर उपस्थित पूर्व जिप प्रतिनिधि सह अल्पसंखयक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने बकरीद की बधाई देते हुए कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और त्याग का त्यौहार है। अपने अंदर छिपे बुराइयों को कुबार्नी देने का त्यौहार है। हमें इस अवसर पर अपने अंदर की सारी बुराइयों, घमंड, गुरुर ईर्ष्या, द्वेष व आपसी दुश्मनी को त्याग करने का संकल्प लेनी चाहिए। बकरीद को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने और शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पंसस मो तैयब, बरही पश्चिमी मुखिया समशेर आलम, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, मो तौकीर रजा, रिजवान अली, पप्पू खान, विजैया मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर, मो वारिस, मो तस्लीम, मो मेराज, शराफत अली, मो बेलाल, मो असलम, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, मो जहांगीर सहित अन्य मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे से गला लगाकर बधाई दी।

## स्पीड न्यूज

### ईद-उल-अजहा पर मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों की जुटी भीड़



**रामगढ़।** जिलाभर में सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर समाज के लोगों ने अपने आसपास के ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचकर अकीदत के साथ नमाज अदा कर अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके उपरांत एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी। जिला के रामगढ़, मांडू, पतरातू, भुरकुंडा, कुजू, चितरपुर, गोला आदि में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। वहीं, पुलिस प्रशासन की ओर से बकरीद को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। ताकि त्योहार शांति पूर्वक तरीके से मनाया जा सके।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** अवैध बालू उठाव को लेकर बरही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बालू से लदा गाड़ी को जप्त किया है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बरही पुलिस ने सोमवार को बरही रेलवे स्टेशन रोड से एक बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा है। इस बाबत जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि अवैध बालू उठाव एवं बिक्री के खिलाफ बरही पुलिस सक्रिय है, जहां सूचना मिलेगी कार्रवाई निश्चित रूप से किया जायेगा।

### झारखंडी संस्कृति की धरोहर है मंडा पूजा : पंकज महतो

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री शिव मुंडा पूजा समिति हेहल के तत्वावधान में पूरे भक्ति व श्रद्धाभाव से मंडा पूजा का आयोजन किया गया। मंडा पूजा में दर्जनों भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा के ।अवसर पर छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया, जो ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूजा में शामिल मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने कहा की मंडा पूजा की शुरूआत सर्वप्रथम नागवंशी राजाओं ने की थी। मंडा पूजा को लेकर कई पौराणिक कथाएं भी प्रचलित है। जिसमें से एक भगवान शिव की पहली पत्नी सती के बलिदान के रूप में भी हम लोग मंडा पूजा मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मंडा झारखंडी संस्कृति की धरोहर है। श्री महतो ने कहा कि मंडा में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है, इसे संजोए रखना हमसबों का कर्त्तव्य है। ऐसे कार्यक्रमों से गांव के लोगों में आपसी भाईचारगी व प्रेम भी बढ़ता है। मौके पर समाजसेवी रविन्द्र मुंडा, कमेटी के अध्यक्ष उचेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष विनोद बेदिया, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह, सह कोषाध्यक्ष जग्गू मुंडा, सचिव सुनील सिंह, सहसचिव बलदेव मुंडा, गिरिशंकर महतो, रामदयाल मुंडा, वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, कौलेश्वर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, बैजनाथ मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### रामगढ़ कोठार में दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**चरही।** चुरचू के गोंदवार निवासी सोनाराम मुर्मू पिता स्व. श्रीराम मांझी (38 वर्ष), पत्नी सुरुजमनी सोरेन (30वर्ष) एवं उसकी सास मूर्ति टुडू (उम्र 50 वर्ष) का रामगढ़ के कोठार चौक पर एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सोनाराम मुर्मू कि हालत नाजुक बताई जा रही है। उसका इलाज रांची के आरएमसीएच में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सोनाराम मुर्मू अपने पैशन प्रो बाइक पर सवार होकर पत्नी व उसकी सास रांची की ओर जा रहे थे। उसी क्रम में रामगढ़ के कोठार चौक पर एक हाईवा ने चपेट में ले लिया। उनकी पत्नी और सास की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

### मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर हुई बैठक में कमेटी विस्तार पर चर्चा

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही आकाश गंगा कार्यालय में अगामी मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आनंद सोरेन व संचालन चुरचू के पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु ने किया। बैठक में मांडू विधानसभा के प्रत्येक प्रखंड में बूथ कमेटी बनाने और हरेक प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकताओं ने अगामी मांडू विधानसभा चुनाव में आनंद सोरेन को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतारने का निर्णय लिया है। मौके पर बिशुन मुर्म, सुखदेव सोरेन, अर्जुन टुडू, मोहन हेब्रोम, सहदेव किस्कू, एहतेसामुल हसन, मुनेश्वर रविदास, विकास टुडू, राजेश भुईया, जय नादान भारती, निखिल किस्कू, सुनील किस्कू, ऐनुल अंसारी, सुलताल अंसारी, आनुराग मुर्मू, राम विलास टुडू, प्रमोद टुडू, सुनील टुडू, मो समशेर अंसारी, रवि किस्कू, चुनूलाल हंसदा, जयनाथ महतो, संजय कुमार वर्मा, सामोम अंसारी, सुखदेव सोरेन, सुलतान, अर्जुन मुर्मू, प्रमोद टुडू, मो. इदरीस, प्रकाश सोरेन, संजय मुर्मू, अरविंद टुडू, सुनील किस्कू, बाबूचंद हंसदा, मनोज सोरेन, अर्जुन कुमार हंसदा, प्रविल टुडू, मो. इरफान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरही डीएसपी व चौपारण पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

# 301 किलो डोडा के साथ पंजाब व हरियाणा के 5 लोग गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की कामयाबी की फेहरिस्त में एक और शिलापट दर्ज हो गया। एक बार फिर बरही एसडीपीओ सुरजित कुमार व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने नशा के सौदागरों पर बड़ी कार्यवाई करते हुवे 301 किलो डोडा सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि रविवार कि रात में वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास एक ट्रक वाहन सं0-आरजे 23 जीए-5707 पर अवैध रुप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है। इस संबंध में त्वरीत कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सूरजित कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में



टीम गठित कर सशस्त्र बल के साथ दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास छापामारी किया गया। छापामारी दल होटल के पास पहुँचा तो देखा कि एक ट्रक लगा हुआ है जिसका नम्बर आरजे23 जीए-5707 और उस ट्रक के उपर कुछ लोग चढे हुए है और कुछ लोग माथा पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे हैं और कुछ लोग उस बोरा को चढ़ाने में मदद कर रहे हैं। पुलिस को देखते ही लोग भागने का प्रयास करने लगे जिसे सभी आदमी को सशस्त्र बल के द्वारा खदेडकर पकड लिया गया। पकडाये व्यक्तियों को भागने का कारण पुछने पर उनलोगो के द्वारा संतोषजनक जवाब नही दिया गया। तत्पश्चात पकडे गये ट्रक एवं व्यक्तियों के तलाशी के क्रम में कुल 18 प्लास्टिक के बोरा में अवैध डोडा बंधा हुआ पाया गया। सभी बोरी को वजन करने पर कुल-301 किग्रा0 डोडा पाया गया। इस संबंध में ट्रक सहित डोडा एवं अन्य बरामद सामान को जप्त करते हुए चौपारण थाना कांड सं0-199/24 दिनाक 17/06/24 धारा 414/34 भा०द०वि० एवं 17(सी)/18(सी)/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गया।

**गिरफ्तार हुए लोग**

1. रुपिन्द्रजीत सिंह पिता जशवीर सिंह ग्राम-चौके थाना- गिल्लेकला जिला- भंटिडा (पंजाब)
2. यशविन्दर सिंह पिता स्व0 मुन्नी सिंह सा0- रामपुरा थाना- रामपुरा जिला- भटिन्डा (पंजाब)
3. असलम पिता रफीक सा0- मलेरकोटला थाना+जिला- मलेरकोटला (संगरूर) (पंजाब)
4. नवाब खान पिता स्व0 छोटा खान सा0 थाना- बदोर जिला- बनठाल (संगरूर) (पंजाब)
5. तारीक पिता अलीम खान सा0- अलीम्यू थाना- बहीन जिला- पलवल (हरियाणा) को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मां शीतला मंदिर में 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां शीतला मंदीर सयाल मोड़ भुरकुंडा में चल रहे 24 घंटा का अखण्ड-हरिकीर्त्तन का सोमवार को समापन हो गया। इसके पूर्व रविवार को पुरोहित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद अखंड-हरिकीर्त्तन का शुभारंभ हुआ। पूजा में बतौर यजमान कैलाश ठाकुर व पत्नी रीता देवी शामिल हुईं। अखंड-कीर्त्तन के दौरान हरे रामा हरे कृष्णा के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। हरिकीर्त्तन मंडली में सेंट्रल सौन्दा, लंपगा, बनगड्डा, जवाहर नगर, पटेलनगर आदि क्षेत्रों के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में नागो राय, व्यास कैलाश ठाकुर, भीम सिंह, सुभाष यादव, नानू यादव सहित पटेलनगर पंचायत के लोगों का विशेष योगदान रहा।

### बड़कागांव प्रखंड में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** प्रखंड में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड के सभी मस्जिदों में सुबह के समय से ही नमाज अदा करने के लिए नमाजी जुटने लगे। नमाजियों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में जाकर कुबार्नी की रस्म अदा की। बड़कागांव प्रखंड के बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, हाहे मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। खुदा ने हजरत इब्राहिम से अपने बेटे की कुबार्नी तलब की। खुदा का हुक्म पाते ही हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुबार्नी देने जंगल की ओर रवाना हुए। हजरत ने बेटे से कहा कि मैंने ख्वाब देखा है कि मुझे खुदा की राह में तुम्हारी कुबार्नी देनी है। बेटे ने कहा कि अगर खुदा की यही रजा है तो मैं तैयार हूं और आप मुझे सब्र करने वालों में सबसे आगे पाइयेगा। इस तरह खुदा ने हजरत इब्राहिम का इम्तहान लिया था और हजरत इस्माइल की जगह दुंबा की कुबार्नी से खुदा ने हजरत इब्राहिम की कुबार्नी कबूल फरमाई। बकरीद कुबार्नी का पर्व है। यह त्योहार हमें प्रेम, सद्भावना, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देती है। बकरीद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों के इर्द-गिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के गांवों में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ती करते नजर आए।

## विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी की कुरसे में हुई बैठक

# 26 को बलकुदरा खुली खदान से कोयला का संप्रेषण व ट्रांसपोर्टिंग ठप रहेगा : समिति

» सभी मांगों पर पहल कर भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने की रखी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी की बैठक सोमवार को कुरसे जंगल में हुई। इसकी अध्यक्षता जयदेव सिंह और संचालन मिहिलाल बेदिया ने किया। बैठक में विगत 26 फरवरी 2024 को सीसीएल प्रबंधन और विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के बीच हुई वार्ता की समीक्षा की गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की प्रबंधन अपने वायदे के अनुसार कोई कार्य नहीं की। कहा गया कि समिति की ओर से सौंपे गए मांग-पत्र के आलोक में कोई कार्रवाई नहीं की गईं। प्रबंधन द्वारा भुरकुंडा कोलियरी से प्रभावित राजस्व ग्राम के बीस बेरोजगारों को बलकुदरा खुली खदान में खनन कार्य कर रही कंपनी में रोजगार देने का वायदा किया गया था जिसे पूरा नहीं किया गया। कहा गया कि सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रबंधन ने अप्रैल माह में समिति के साथ बैठक करने का लिखित आश्वासन दिया था वह भी पूरा नहीं हुआ। जिससे समिति के लोगों में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। बैठक में अपनी सभी मांगों की पूर्ति के लिए उग्र जन आंदोलन करने का भी निर्णय लिया है। जिसके तहत आगामी 26 जून को भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान से कोयला का संप्रेषण (डिस्पैच) व परिवहन (ट्रांसपोर्टिंग) ठप करने की बात कही गई। समित की मुख्य मांगो में भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल अविलंब चालू करने, पीएसएमई बलकुदरा में समिति की ओर से सौंपे गए 20 लोगो के सूची के अनुसार तत्काल रोजगार उपलबध कराने, भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में कोलियरी से प्रभावित चारो राजस्व ग्रामों के बेरोजगार रयोतों को न्यायोचित भागीदारी सुनिश्चित करते हुए रोड सेल चालू करने, रोड सेल में पेलोडर लोडिंग की जगह मैनुअल लोडिंग को पुनः चालू कराने सहित अन्य सभी 12 सूत्री मांगों शामिल है। कहा गया कि सभी मांगों पर पर तत्काल समारात्मक पहल नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में रामदास बेदिया, धनेश्वर यादव, मनोज मांझी, अनिल सोनी, टिंकू प्रजापति, अजय तुरी, बुलंद बेदिया, विनोद मुंडा, योगेंद्र मुंडा, अजय बेदिया, सुरेंद्र तुरी, बिनोद प्रजापति, सन्नी बेदिया, सोमर यादव, गणेश तुरी, मनु करमाली, सुनील यादव, पंकज सिंह, सुनील तुरी, संजय बेदिया, अर्जुन तुरी, विक्की प्रजापति, कैलाश बेदिया, दीपक तुरी आदि मौजूद थें।

स्पीड न्यूज

## बकरीद भाईचारे के साथ मनी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत मंझलानगर, कर्बला नगर, देवीपुर, खरखार, ताराटांड़, महूंगाय, विंडोमोह, पपलो, दशारो, महुआटांड़, मुरकमनाय, खेशमी समेत कई मुस्लिम बहुल इलाकों में सोमवार को बकरीद भाईचारे के साथ मनी। कई लोगों ने अपने पूर्वजों की कब्र पर पहुंच कर अमन चैन की दुआ मांगी।

## डोमचांच प्रखंड ईद उल अजहा का त्यौहार मना

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों बगड़ो, बगरीडीह, लक्षणडीह, जामताड़ा, सपही, ढोढ़ाकोला, जानपुर, नावाडीह, असनाबाद, बाराडीह, धुमाडीह आदि जगहों में ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। सुबह में शहीद चौक, मस्जिद मोहल्ला, बगरीडीह आदि मस्जिदों में नमाज अदा की। वहीं मसमोहना में इस मौके पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अब्दुल रउफ, शमशुद्दीन, मुबारक, इमामउद्दीन, रज्जाक, मुमताज, गफ्फार, अफजल, मुस्तकीम, मुख्तार, नईमउद्दीन, जलील, तैयब, इम्तियाज, सद्दाम आदि मौजूद थे।

## मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पारंपरिक, हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के बासोडीह, शिवपुर, माधोपुर, मीरगंज, राजाबर, डेबोडीह, अंगार, दोनैया आदि मस्जिदों में निर्धारित समय पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। वहीं अमन चैन व मुल्क में शांति की दुआ मांगी। नमाज पढ़ने के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी। इबादत के बाद लोग अपनी अपनी सामर्थ्य के अनुसार बकरों की कुर्बानी दी।

## मस्जिदों व ईद्गाहों में पढ़ी गई नमाज

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में ईद उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक और भाईचारगी के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के जयनगर, गोपालडीह, डुमरी, लोहाडंडा, ककरचोली, इरगोबाद, तरवन आदि ईद्गाहों पर निर्धारित समय पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल-अजहा की नमाज अदा की नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लगा कर बधाईयां दी। साथ ही साथ अपने गांव, राज्य और मुल्क की शांति के लिए दुआ भी मांगी।

## टंडवा में चाचा की जुबानी समाधान और लोगों का अविश्वास

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कुछ राजनेता जुबानी समाधान दे रहे हैं, लेकिन लोगों को उन पर भरोसा नहीं है। कथित तौर पर लोकप्रिय नेता 'चाचा' साढ़े चार साल से केवल जुबानी घोषणाओं के जरिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं और अपने हित साध रहे हैं। हाल ही में असनातरी में एक दंपति की कोयला वाहन से मौत हो गई थी, जिसके बाद 48 लाख मुआवजा दिलाने की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में चाचा ने सेटिंग करके मुआवजे की रकम चार लाख कर दी। इसके अलावा, दर्जनों राहगीरों की कोयला वाहनों से मौत हो चुकी है, लेकिन चाचा ने कभी कोई कार्रवाई नहीं की।

## शिवसागर तालाब क्षेत्र के लिए धरोहर, वर्तमान समय में सूखा

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत में पड़ने वाला ऐतिहासिक शिवसागर तालाब जो वर्तमान समय में सूख चुका है। उसके जीर्णोद्धार कार्य करवाने को लेकर हम लगातार प्रयासरत्त हैं। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता बसंत मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिवसागर तालाब क्षेत्र के लिए एक धरोहर है। लोग इसे ऐतिहासिक तालाब के रूप में जानते हैं। यह अंग्रजों के जमाने में माइका उत्खनन के लिए इसे खोदा गया था। वर्तमान समय में यह तालाब अब ऐतिहासिक रूप से कोडरमा के लिए धरोहर बन गई है।

### चोरी के ट्रक के साथ अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

# कोडरमा व हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा व हजारीबाग पुलिस द्वारा चलाये गए संयुक्त अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी के ट्रक के साथ गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही वाहन चोरी में इस्तेमाल हो रहे कार जेएच12एल/5166 को भी पुलिस ने जप्त किया। गिरफ्तार आरोपियों में जयनगर थाना क्षेत्र के कांकों निवासी राजू रजक पिता लोकन राम और नई दिल्ली रोहिनी सेक्टर 2 अेवंतिका निवासी सहदुल खान उर्फ मुन्ना खान के नाम शामिल हैं। सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह और बरही एसडीपीओ सह प्रभारी एएसपी हजारीबाग सुरजीत कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर उक्त जानकारी दी।

एसपी श्री सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह किसी बड़े वाहन की चोरी करने की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भ्रमणशील है, सूचना के आलोक में हजारीबाग एसपी से सम्पर्क किया गया तत्पश्चात् कोडरमा और हजारीबाग पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चंदवारा और बरही के बॉर्डर एरिया से उक्त दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि इसका गिरोह अलग अलग क्षेत्रों में जाकर बड़े वाहनों की चोरी करने की घटना को अंजाम देता है।

14 जून को हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र से ट्रक जेएच02एए/3272 को चोरी कर बिहार होते हुए उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा था, परन्तु बिहार के जहानाबाद जिले के करौना थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग होने के कारण इनलोगों ने चोरी के ट्रक को वहीं छोड़ कर फरार हो गए। वहीं आरोपियों के निशानदेही पर जहानाबाद के करौना से चोरी के उक्त ट्रक को बरामद कर लिया गया है। साथ ही चोरी की घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया गया।

वहीं हजारीबाग एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सहदुल खान पूर्व में राजू रजक का ट्रक ड्राइवर था, इसी दौरान दोनों के बीच सम्पर्क बढ़ा और बाद में एक संगठित गिरोह तैयार कर इनलोगों के द्वारा अलग अलग जगहों पर बड़े वाहनों की चोरी करने की घटना को अंजाम देने लगे। वहीं उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दो आरोपियों ने कई अहम जानकारियां दी है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। जल्द ही गिरोह के अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी काशी महली आदि मौजूद थे।

## जिले भर में अकीदत के साथ अदा की गयी नमाज

### लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** त्याग व बलिदान का प्रतीक मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) सोमवार को जिले भर में शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर समाज के लोगों ने विभिन्न जगहों पर स्थित मस्जिदों, ईद्गाहों में सुबह में नमाज अदा की। इस दौरान देश में शांति व अमन चैन की दुआ मांगी गयी। वहीं नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिल पर्व की बधाई दी। बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसे लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखी। कोडरमा, झुमरीतिलैया शहर के अलावा मरकच्चो, जगनगर, सतगावां, चंदवारा, डोमचांच में वरीय अधिकारी से लेकर त्योहार के शांतिपूर्ण समापन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी इलाकों में गश्त लगाते दिखें। झुमरीतिलैया शहर के असनाबाद, गुमो, झलपो, भादेडीह, दर्जी मोहल्ला, नवादा बस्ती, छतरबर आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों में नमाज अदा करने को लेकर सुबह में भीड़ उमड़ पड़ी।

## शांति सद्भाव व सौहार्द के साथ मनी ईद उल अदहा

### एक दूसरे के गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद, दी गयीं कुर्बानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ईद उल अदहा सोमवार को शांति सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। ईद उल अदहा जिसे बकरीद के नाम से जाना जाता हैं। दुनियां भर में मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्पूर्ण त्यौहार हैं, यह पैगम्बर इब्राहिम की अल्लाह के प्रति समर्पण की निशानी के रूप में अपने बेटे की बलि देने की इच्छा की याद दिलाता है। इस मौके पर मुस्लिम भाइयों ने बकरीद की नमाज पूरे एहतेराम वा अदब के साथ अदा की। नमाज के बाद लोगों ने सामूहिक रूप से देश की खुशहाली अमन व भाईचारे की दुआ मांगी। वहीं एक दूसरे से गले मिलकर आपसी इत्तेहाद का संदेश देते हुए बकरीद की मुबारक पेश की। बकरीद की नमाज खत्म होते ही लोग अपने अपने घरों में कुर्बानी के कार्यक्रम में लग गये। गौरतलब रहे कि बकरीद तीन दिन तक मनाई



जाती है। जानकारों की माने तो कुर्बानी का बकरा हाइट वा वजन के हिसाब से तो बिकता ही हैं, साथ में उसकी खूबसूरती भी बहुत मायने रखती हैं। इस त्यौहार के दिन गरीब वा मजलुमो पर खासा ध्यान रखा जाता है। बकरे के मांस का तीन में से एक हिस्सा गरीबों तक पंहुचा दिया जाता है। वहीं सोमवार की सुबह 6:30 से 7:30 तक जिला के तमाम मस्जिदों व ईद्गाहों में बकरीद की नमाज अदा कर ली गयी। बकरीद में खासा उत्साह बच्चों वह युवाओं में देखा गया। मस्जिद व ईद्गाहों के समीप मेले जैसा दृश्य था, इन स्थानों पर मिठाई, पकवान, गोलगप्पा, चार्ट, खिलौने आदि दुकानों में युवाओं की काफी भीड़ देखी गई। बकरीद के मौके पर शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नजर आया जिला प्रशासन की ओर से मस्जिद व ईद्गाहों में विशेष चौकसी बरती गई। जगह-जगह पुलिस बल व दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी।

## लक्ष्मीपुर गांव की महिलाओं को दोना पत्तल बनाने की मशीन मिली

### महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर, परिवार को आर्थिक रूप से कर रही हैं सशक्त एवं मजबूती



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव कोडरमा जिला से 22 किलोमीटर दूर जंगल के बीच बसा एक छोटा सा गांव है। यहां की महिलाएं जंगलों में ढीबरा चुनने और शराब बेचकर घर परिवार चलातीं थी, मगर उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव पहुंची और वहां कि महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान लक्ष्मीपुर की दीदियों ने दोना पत्तल बनाने की इच्छा जाहिर की और कहा कि यह गांव जंगलों से घिरा हुआ है और यहां के जंगल में सखुवा के पत्ते काफी हैं, अगर हमलोगों को दोना पत्तल बनाने की मशीन व प्रशिक्षण दिया जाये तो हमलोग स्वावलंबन की ओर बढ़ते हुए आजीविका का स्त्रोत बन जायेगा। लक्ष्मीपुर के गांव की महिलाओं की इच्छाशक्ति देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा डीएमएफटी मद से लक्ष्मीपुर की महिलाओं को दोना पत्तल बनाने की मशीन प्रदान किया गया और गांव की 40 से 50 महिलाएं को जेएसएलपीएस के माध्यम से आरएसईटीआई की ओर से दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। आलम यह है कि उपायुक्त की इस पहल से कभी ढीबरा चुनने या शराब बेचकर घर परिवार चलाने वाली महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं और ये महिलाएं अपना हुनर दिखाकर अपने घर में लक्ष्मी का प्रवेश कर रही है। जिससे उनकी घर की माली हालत दूर होने लगी है। आज के समय प्रतिदिन महिलाएं काफी संख्या में दोना पत्तल तैयार कर रही हैं। अपने आसपास के बाजार एवं दुकानों में बेचकर आमदनी कर रही हैं। कई समारोह से भी उन्हें ऑर्डर मिलता है, उनके द्वारा बनाई दोना पत्तल को काफी सराहा जा रहा है। इस आमदनी से महिलाएं अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त एवं मजबूती कर रही है।

## न जाने कब गर्मी की तपिश को बारिश की दबिश कम करेगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** गर्मी की तपिश के कारण सब्जियों के दामों की भी तपिश लोगों के झेलना पड़ रहा है। डोमचांच के बाजारों में हरी साग-सब्जियों की कीमतों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सब्जियों के दामों में आए उछाल के कारण सब्जियां रसोई से दूर होने लगी है। सब्जियों की महंगाई ने लोगों का स्वाद बिगाड़ दिया है। जून माह में झुलसाने वाली गरमी में सब्जियों की पैदावार कम हो गई है। डोमचांच के सब्जी मंडी में बाहर से सब्जी का आना हो रहा है। डोमचांच बाजार में रुपया प्रति किलो दर आलू 30, टमाटर 60 लौकी 50, प्याज 40, कच्चू 60, करैला 50, पत्तागोभी 50, फूलगोभी 60, धनिया पत्ता 600, भिंडी 60, पटल 60, खकसी 50, झिंगी 50 की दर से बिक रही है। बारिश के आसार दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहा है। मौसम विज्ञान का अनुमान लगाने वाले विश्लेषकों का भी विश्लेषण का अंक गणित विधाता के विश्लेषण से मेल नही खा रहा है। लोगों का घरों ने निकलना जैसे आग के गर्म गोलों से जंग जीतकर आने जैसा हो गया है। गर्मी की तपिश को पानी की दबिश का सामना कब करना पड़ेगा ये विधाता को ही पता है।

## एनटीपीसी संयंत्र से निकलने वाले जहरीले पानी से राहम नदी प्रदूषित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टंडवा एनटीपीसी संयंत्र से निकलने वाले कोयले के जहरीले गंदे पानी को राहम नदी में बहाया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को प्रदूषित पानी का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह नदी दर्जनों घरों के लिए पेयजल का स्त्रोत थी, लेकिन अब जानवरों को भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। एनटीपीसी आम आदमी के लिए पीने योग्य पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रही है और अब जानवरों को भी प्यासा मार रही है। नदी में कोयले की गंदगी की परत एक फिट तक जमा हो गई है। एनटीपीसी महारत्न कंपनी की मनमानी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## पांच दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

### जिप उपाध्यक्ष ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 का फाइनल मैच दादपुर 11 और इटखोरी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया, जिसमें दादपुर 11 ने इटखोरी क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने विजेता टीम दादपुर 11 को ट्रॉफी प्रदान कर बधाई दी और आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इटखोरी में युवा साथियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता के साथ, भाईचारे के साथ एक साथ मिलकर एक बढ़िया माहौल में क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया है। खेल के प्रति लगाव होना चाहिए और स्वस्थ रहने के लिए खेल खेलना जरूरी है। खेल से हमारे शरीर को हमेशा लाभ



मिलता है और इसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हार-जीत दोनों होगी, लेकिन हार से मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह, सुजित भारती, जिप सदस्य सरिता देवी, इटखोरी मुखिया जुगेश्वर दांगी, प्रवीण सिंह, मलकपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि टुन्नी सिंह उर्फ राजीव सिंह, भाजपा जिला मंत्री सतीश सिंह, भाजपा नेता नगीन सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, राहुल केशरी, छोटन सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

एक नजर में

## विधि विधान के साथ शुरू हुआ हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** नीम चौक में स्थित तीन दशक पुराने हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार और भव्य प्रतिमा निर्माण के लिए सोमवार को जर्जर मंदिर को तोड़ने का कार्य शुरू हुआ। मंदिर तोड़ने से पहले आचार्य आदित्य पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, टंडवा मुखिया पति सह समाजसेवी सुभाष दास, सेवा निवृत शिक्षक बासुदेव बसंत समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

34 वर्ष पहले नीम चौक में बजरंग बली की भव्य प्रतिमा और मंदिर का निर्माण किया गया था, लेकिन समय के साथ प्रतिमा खंडित हो गई और मंदिर परिसर भी जर्जर हो गया। इसलिए पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जर्जर मंदिर को तोड़ा जा रहा है। मंदिर टूटते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नीम चौक से लेकर पूरे टंडवा में मंदिर निर्माण को लेकर खुशी का माहौल है। विधायक श्री दास ने कहा कि जब तीन दशक पहले यह मंदिर बना था, तब दूर-दूर से लोग हनुमान जी की पूजा करने आते थे।धीरे-धीरे हनुमान मंदिर और भव्य प्रतिमा की ख्याति बढ़ती गई।

हनुमान जी के सेवक जयमंगल देव नायक ने बताया कि सच्चे दिल से हनुमान जी की पूजा करने और मन्नत मांगने से वे पूरी होती हैं।इस अवसर पर जयमंगल देव नायक, राजेश सोनी, रुदेश नायक, विकास मालाकार, रिंकु गुप्ता, राकेश गुप्ता, मिथलेश रजक, मनोज मालाकार, राजेश गुप्ता, इंद्रदेव नायक, सुबोध नायक, विकास सोनी, मुकेश गुप्ता, बबलु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, राजेश रजक, गणेश गुप्ता, मिंटु ठाकुर, संतोष दास समेत दर्जनो हनुमान भक्त मौजूद थे।

## टंडवा की सड़कों पर कोयला वाहनों का कब्जा, प्रशासन मौन



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा सिमरिया और टंडवा पिपरवार की सड़कें कोल वाहनों के कब्जे में हैं, जिससे आम लोगों को चलना मुश्किल हो गया है। पिछले दस वर्षों में लगभग एक हजार से अधिक लोग सड़क हादसों में घायल हो चुके हैं।बावजूद इसके, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी कंपनियों के हित में काम कर रहे हैं और कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।वर्तमान में, टंडवा के मीडिया कर्मियों ने कोयला ढुलाई में लगे ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और नो इंट्री लगाने की मुहिम छेड़ रखी है। जिसके परिणामस्वरूप, वर्तमान में पदस्थापित प्रशासनिक अधिकारी ने तीस-चालीस कोयला वाहनों को पकड़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। मामले का स्थायी समाधान निकालने के लिए ट्रांसपोटिंग सड़क अलग करने या फिर पूर्णतः पब्लिक सड़क पर नो इंट्री लगाने की आवश्यकता है।

कई ट्रांस्पोटिंग कंपनियां, जैसे नकास, प्रगति, उड़ीसा और पीएनएंडएम ट्रांसपोर्ट कंपनी, अभी भी अधिकारियों को खुली चुनौती दे रही हैं। सूत्र बताते हैं कि ट्रांसपोटिंग कंपनी कर्मी अधिकारियों को मैनेज कर वाहन चलाने के फिराक में हैं। अब, टंडवा सिमरिया और टंडवा पिपरवार की सड़कों पर नो इंट्री लगवाने की जिम्मेदारी नव निर्वाचित सांसद और विधायक पर है, जिन्होंने पहले ही नो इंट्री लगाने की वकालत की है।

## चतरा में दुर्गा सोरेन सेना के कई सदस्यों ने थामा आजसू का दामन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा जिला दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी राज किशोर कमल उर्फ पिंकू के नेतृत्व में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पर आस्था जताते हुए आजसू पार्टी का दमन थामा है।

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया एवं सभी को सदस्यता दिलाई। आजसू का दामन थामने के बाद राजकिशोर कमल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने और लंबे समय से संघर्ष कर रहे आंदोलन की पार्टी सुदेश महतो के संघर्षों को देखते हुए हम सभी ने साथी पार्टी का दामन थामा है। सुदेश महतो के संघर्षों के साथ हम लोग झारखंड को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। चतरा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और चतरा एवं सिमरिया विधानसभा में अगर मौका मिला तो दोनों जगह से हम लोग विधायक बनाएंगे।

## काली मंदिर बागीटांड में दो दिवसीय हरी कीर्तन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के बाघीटांड स्थित काली मंदिर में सोमवार मौनी बाबा का 16वें पुण्यतिथि पर दो दिवसीय अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं काली मंदिर के पुजारी शिवराम दास (मिथलेश पांडेय) ने बताया कि मौनी बाबा के 16वें पुण्य तिथि पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार से दो दिवसीय अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जहां मंगलवार को अखंड हरी कीर्तन के समापन के साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### बच्चों के लिए आयोजित की गयी पेंटिंग प्रतियोगिता



गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं संस्कार भारती गुमला के संयुक्त तत्वाधान में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने गणेश जी का चित्र के साथ–साथ मानसिक परीक्षा पर आधारित प्रतियोगिता एवं योगासन प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बी के अंजिता कुसुम, सुचिता, पूजा, शिवानी, शिव भाई, सुधीर भाई संस्कार भारती के सदस्य पंकज कुमार उत्तम आदि की गौरवशाली उपस्थित मे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### रसोइया-संयोजिका संघ गुमला प्रखंड की सीआर कमिटी गठित



गुमला। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया–संयोजिका संघ की बैठक सोमवार को गुमला में प्रखंड कोषाध्यक्ष शोभा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड सीआरी कमेटी का गठन किया गया। वहीं 16 जून को आयोजित सम्मेलन की तैयारी पूरा नहीं होने पर उसे स्थगित करते हुए 23 जून को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष देवी देवी, शांति देवी, सरस्वती देवी, कांति देवी, सुसाना देवी, सुमरिता देवी, राखी देवी, सुनिता देवी, ढुलो देवी, सुमंती देवी, विनायकी देवी, शोभा देवी, रमन देवी आदि उपस्थित थी।

### तेज बारिश के कारण चैनपुर-डुमरी मुख्य मार्ग का डायवर्सन खराब



चैनपुर। चैनपुर डुमरी मुख्य मार्ग का काम तेजी से चल रहा है लेकिन बीच बीच में बनाए गए डायवर्सन मजबूत नहीं होने के कारण बारिश आते ही पूरी तरह कीचड़मय हो जाता है जिससे डुमरी की ओर जाने वाले वाहनों एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है आवागमन बाधित हो जाने से डुमरी की ओर जाने वाले वाहनों को जारी भिखमपुर होते हुए डुमरी तक लंबा सफर तय करना पड़ता है जिससे समय के साथ साथ लंबी दूरी भी तय करनी पड़ती है सड़क निर्माण में जितना भी डायवर्सन बनाया गया है सभी में लाल मिट्टी भरी हुई है जो बारिश होने पर गीली हो जाती है। जिससे गाडियां स्लीप करने लगती है मोटरसाइकिल तक पार करना लोगों को दुलभ हो जाता है। लोगों ने इस विषय पर सड़क निर्माण करा रही कंपनी के लोगों से कई बार मजबूत और टिकाऊ डायवर्सन बनाने की मांग करते आए हैं लेकिन नतीजा जस के तस है। अगर यही स्थिति रही तो बरसात में चैनपुर से डुमरी का संपर्क पूरी तरह कट जाएगा क्योंकि जारी भिखमपुर रोड का भी निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें लगभग 7 से 8 डायवर्सन बनाए गए हैं जिसकी हालत भी अच्छी नहीं है।

### चैनपुर क्षेत्र में आंधी के साथ झमाझम बारिश से लोगों को मिली राहत

चैनपुर। चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को सोमवार को राहत मिली। पिछले दो दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। सोमवार को दोपहर से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रहा था लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। सोमवार शाम होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली–मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे। इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। सोमवार को चैनपुर प्रखंड का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बारिश से प्रखंड के सड़कों का हाल बद से बदत्तर हो गया। नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा। राहगीरों को गंदे पानी पर ही चलकर आवागमन करना पड़ा। बारिश ने प्रखंड की साफ–सफाई व्यवस्था की भी पोल खोल दी।

### जारी में मनाया गया बकरीद का पर्व



जारी। जारी प्रखंड के गोबिंदपुर, तिगरा, जरडा, परसा, और सीकरी आदि गांवों के मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा बकरीद का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बकरीद के पर्व को देखते हुए जारी थाना के प्रभारी आदित्य कुमार सशस्त्र बल के साथ क्षेत्र में तैनात रहे। वही गोविंदपुर के जामा मस्जिद में अहले सुबह 7:00 बजे ईद की नमाज गोविंदपुर के इमामे अहले सुन्नत अहमद राजा के द्वारा पढ़ाया गया। उसके बाद दुआ मांगते हुए कहा कि या अल्लाह हमारे क्षेत्र में अमन चैन, शांति और भाईचारा को बनाए रखना और हम एक दूसरे के साथ मिलकर रहने की अता फरमाना। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले लगाकर बकरीद मुबारक दिया। कब्रिस्तान में फातेहा और सलातो सलाम पढ़ा गया। अंजुमन इस्लामिया कमेटी गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी व जाकिर खान, मंसूर खान, अरसद अंसारी, मैनु खान उपस्थित थे।

## बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति गुमला व लोहरदगा की संयुक्त बैठक संपन्न

# माइनिंग एक्ट का हो रहा है खुलेआम उल्लंघन : विजय सिंह

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति गुमला व लोहरदगा की संयुक्त बैठक राजव्यापी झारखंड बचाओ अभियान के तहत बिशुनपुर ब्लॉक परिसर के बगल में समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि बॉक्साइट माइंस लीजधारी माइनिंग एक्ट का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। सीएसआर के तहत माइंस क्षेत्र में काम नहीं होने से माइंस संचालन के 50 साल होने के बावजूद स्कूल, अस्पताल, आदि बुनियादी सुविधा से स्थानीय लोग आज तक वंचित हैं। स्थानीय सांसद-विधायक ऐसे मामले में चुप्पी साध रखे हैं। बॉक्साइट का अवैध खनन रैयत्ती जमीन व वन क्षेत्र में बेरोकटोक किया जा रहा है। वहीं अवैध उत्खनन रोकने के लिए बनी स्पेशल टास्क फोर्स सिर्फ कागजी बनकर रह गई है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव ने कहा कि सरकार व प्रशासन की लापरवाही के कारण बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र के जंगल झाड़ में रहने वाले व आदिवासियों का शोषण दोहन का काम चल रहा है। उरांव ने यह भी कहा कि बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति गुमला व लोहरदगा क्षेत्र में लोगों को संगठित कर जोरदार आंदोलन शुरू करेगी। बैठक में सीएसआर घोटाले तथा माइनिंग एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई, घाघरा प्रखंड के इटकीरी से लपसर होते हुए सेरेंगदाग तक तथा बिशुनपुर प्रखंड के अंतर्गत बाहर सेरका से हारूप होते हुए जालिम गांव तक स्वीकृत सड़क निर्माण का टेंडर कराकर शीघ्र सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराने की मांग की गई। बैठक में प्रकाश उरांव, अनिल उरांव, आदित्य सिंह, रामप्यार तुरी, रामलाल असुर, ननकू खरवार, छोटूराम असुर, शिवप्रसाद नायक, सुखराम बिरिजिया, जवाहिल खेरवार, मंगरा उरांव, उमेश मुंडा, चिंता देवी, पुष्पा उरांव उपस्थित थे।

# जय श्री राम समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

## हजारीबाग के अमन की गिरफ्तारी पर जताया रोष, जल्द रिहा करने की मांग



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला चुनाव एवं अमन कुमार के गिरफ्तारी को लेकर खास चर्चा हुई। मौके पर कहा गया की जिला चुनाव को लेकर सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रही है इसी को लेकर सैकड़ो लोग सदस्यता ग्रहण किए। साथ ही हजारीबाग के अमन कुमार के नेतृत्व में महुदी में 40 साल के बाद निकाले गए रामनवमी जुलूस को लेकर हुई आपत्ति, लोकसभा चुनाव के पश्चात आचार संहिता खत्म होते ही अमन को गिरफ्तार करने पर रोष जाहिर किया गया। इस गिरफ्तारी से हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश, लोहरदगा जय श्रीराम समिति ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए प्रशासन से अविलंब रिहा करने की मांग की। मौके पर जिला संरक्षक, जिला कमेटी, नगर कमेटी के पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद थे।

# लोहरदगा में अकीदत के साथ मनाया गया त्याग व बलिदान का त्योहार ईद-उल-अजहा





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सोमवार को इस्लामिक कैलेंडर के अंतिम माह में आयोजित होने वाले त्याग व बलिदान का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार को लेकर कुड्डू, किस्को, भंडरा, सेन्हा, कैरो समेत सभी ईदगाह सहित जिले भर के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कीं। जिसमें सभी उम्र और वर्ग के लोग एक कतार में नजर आए। लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए अपने परिवार, सामाज, देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए दुआएं मांगी। ईद-उल-अजहा के नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईदगाह में कारी शमीम रिजवी की इमामत में नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की गई। शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद, बेलाल मस्जिद, पावरगंज मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के युवा, बुजुर्ग से लेकर सभी लोगों ने नमाज अदा कीं। बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रऊफ खान ने नमाज अदा कराने के बाद कहा कि यह ईद-उल-अजहा हम सभी को अल्लाह के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जीवन में त्याग और बलिदान का काफी अधिक महत्व है। मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की बधाइयां दीं।

# मस्जिदों में नमाज अदा कर देश के लिए मांगी अमन-चैन की दुआ

खबर मंत्र संवाददाता

## ईद उल अजहा का पर्व गुमला में धूमधाम के साथ संपन्न





**गुमला।** जिला मुख्यालय सहित गुमला के सभी प्रखंडो में ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। पैगंबर हजरत इब्राहिम और उनके बेटे पैगंबर हजरत इस्माइल की याद में मनाया जाने वाला ये त्योहार अल्लाह की राह में कुबार्नी करने की सीख देकर सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ा गया। इस वर्ष जिला मुख्यालय में तेरह स्थानों पर ईद उल अदहा की नमाज अदा की गई। फजर की नमाज के लगभग 1 घंटे के बाद से ही ईद उल अदहा की विशेष नमाज विभिन्न मस्जिदों में अदा की जाने लगी। सबसे पहले 5:45 बजे मस्जिद फैजाने राजा में ईद उल अदहा की नमाज अदा की गई। इसकी इमामत मौलाना अशरफ रजा ने की। वही 6:00 मस्जिद रजा ए मुस्तफा में बकरीद की नमाज अदा की गई। जिसकी इमामत मौलाना शाकिर राजा नूरी ने फरमाई। इसी समय में मदरसा फैज ए आम में विशेष नमाज अदा की गई। हाफिज रुस्तम ने मदरसा फैज आम में नमाज पढ़ाई। इसके अलावा शहर के सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। इस अवसर पर अपनी तकरीर के दौरान ईदगाह में मौलाना इनआम रब्बानी ने कहा कि अल्लाह की राह में कुबार्नी पेश करना रब को सबसे अधिक पसंद है। अंजुमन सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि पुलिस व जिला प्रशासन, नगर परिषद के साथ-आम लोगों ने भी काफी सहयोग किया। अंजुमन इस्लामिया ईद उल अजहा के मौके पर सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद पेश करती है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद देवनारायण भगत की प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पण



घाघरा। गुमला कार्यक्रम में जाने के क्रम में चांदनी चौक घाघरा में सोमवार को दिन के 12:30 बजे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रुक कर शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। इस क्रम में भाजपाइयों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चांदनी चौक में गांव से लाकर आम बेच रहे तीन लोगों से 7 किलो आम खरीदा। इसके साथ ही उन्होंने चांदनी चौक गुमटी में कार्यकर्ताओं के साथ चाय पिया। मौके पर उन्होंने कहा कि किसान अपने खेतों में फल उगाते है। उनसे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। लोग कृषक के क्षेत्र में भी अपना पहचान बना रहे हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, सुसित गोस्वामी,अमित ठाकुर,कौशल सिंह,सोला सिंह, सुदर्शन गोप, दिनेश पहान सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# हादसे में मृत महिला के परिजनों से मिले बाबूलाल

## हर संभव मदद का दिया भरोसा



खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** सड़क दुर्घटना में मृत मलगो निवासी मालती देवी के परिजनों से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को मुलाकात कर दुख की घड़ी में परिजनों का ढांढस बंधाया। यहां बता दें कि बीते शनिवार को मलगो ग्राम निवासी मालती देवी घर के बाहर सड़क के किनारे टहल रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल में सवार दो युवक तेज रफ्तार में आए और धक्का मारा दिया। जिससे मालती घायल हो गई थी और स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के क्रम में उसी मौत हो गई थी। मालती का पति महेश कुमार पूर्व से ही पैरालिसिस से ग्रसित हैं। पूरा परिवार मालती के भरोसे ही चलता था। मालती दैनिक मजदूरी का काम करती थी और घर चलाती थी। जानकारी मिलने के बाद बाबूलाल कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को मृतका के घर पहुंचे और आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही बच्चों की समुचित पढ़ाई के लिए भाजपा नेता प्रवीण सिंह को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराये। साथ ही किसी भी तरह के सहयोग के लिए परिजन को सीधे संपर्क करने की बात कही। मौके पर प्रवीण सिंह, भिखारी भगत, कुमार रवि, विपिन बिहारी सिंह, गोपाल गोप, पप्पू गुप्ता, श्याम किशोर पाठक व बादल राम आदि मौजूद थे।

### धरधरिया जल प्रपात में डूबने से किशोर की मौत



सेन्हा–लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत स्थित धरधरिया जल प्रपात में नहाने के दौरान गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान अरु गांव रोजउद्दीन अंसारी का 14 वर्षीय पुत्र साहिल अंसारी के रूप में किया गया है। साहिल अंसारी बकरीद की नमाज पढ़ने के बाद अपने साथीयो के साथ घूमने के लिये धरधरिया जलप्रपात गया हुआ था। तभी सभी स्नान करने लगे। वही साहिल अंसारी का पैर फिसलने के कारण वह नीचे गिर गया। जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद अरु गांव के ग्रामीण घटना स्थल पहुंचने लगे। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि युवक की मौत की खबर मिली है। गांव में घटना की खबर से बकरीद के दिन खुशी मातम में बदल गया।

### बकरीद के मौके पर सोसायटी ने किया पौधारोपण



कैरो/लोहरदगा। प्रेम, भाईचारा और जायको के पाक पर्व बकरीद के मौके पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी कैरो के सदस्यों ने थाना परिसर कैरो व चट्टी–कैरो–कुडू मुख्य पथ उतका में यात्री पड़ाव के समीप पौधारोपण कर अवाम को पर्यावरण संरक्षण का पैगाम दिया। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर कहते हैं कि पेड़–पौधे, जल–जंगल, चरिंदों–परिंद कुदरत के द्वारा इंसान को दिया गया नायाब तोहफा है इसका संरक्षण हमारे पैगम्बर का फरमान है। मौके पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि ये एक अच्छी पहल है वास्तव में आज बढ़ती गर्मी ने हमे पेड़ो की महत्ता का अहसास दिलाया है। मौके पर प्रवक्ता इमरान खान व शेख जैद मौजूद थे।

# हाथियों का झुंड पहुंचा भंडरा, लोगों में दहशत

खबर मंत्र संवाददाता



हाथियों का झुंड

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत अंतर्गत नगड़ी मकुंदा गांव स्थित आम की बगीचा में सोमवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने करीब 17 हाथियों का झुंड को विचरण करते हुए देखा। इस क्षेत्र में काफी दहशत का माहौल बन गया है। हाथी आनी की सूचना भंडरा थाना एवं वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा दिया गया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अरविंद सिंह दलबल के साथ पहुंचे साथ ही मौके पर वनकर्मी भी पहुंचे इस दौरान ग्रमीणों से कहा गया की हाथी के पास नही जाय हाथी के ऊपर किसी प्रकार का पत्थर बाजी नही करे हाथी को शान्ति पूर्वक रहने दे हाथी को छेड़ना बहुत ही घातक हो सकता है हाथी कभी भी हमला कर सकता है। वनकर्मियों ने बताया कि हाथी का झुंड कुडू से कैरो प्रखंड के सुकुरूहूटू गांव की ओर से निकलकर भंडरा प्रखंड के मकुंदा गांव पहुंचा है। हाथी भगाओ टीम द्वारा शाम में हाथी को अमलीया जंगल की ओर निकालने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल हाथी मकुंदा निवासी खुदी उरांव के आम बगान में अपने छोटे -छोटे बच्चे के साथ में डेरा जमाए हुए है। हाथी द्वारा आम के पेड़ और फल को क्षति पहुंचाया गया है। बता दे कि कुछ वर्ष पूर्व जंगली हाथी द्वारा पटक कर चार लोगों का जान ले लिया था। आसपास के गांव में काफी दहशत है।

# बारिश से मिली राहत

**कैरो।** भीषण गर्मी के बीच सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में हल्की बारिश हुई। बारिश के कारण जहां एक तरफ गर्मी से थोड़ी निजात मिली वहीं दूसरी तरफ खेतों में लगे फसल को भी राहत मिली है। धनिया, खीरा, टमाटर, गोभी जैसे फसलों को किसानों ने भीषण गर्मी में लगाया और सिंचाई कर अपनी जीविका साधन बनाते हैं किंतु नदियों से लगातार हो रही बालू की ढुलाई के कारण दक्षिणी कोयल नदी सहित अन्य छोटी छोटी नदियों का भी जल स्तर समाप्त हो रहा है, ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को रही है, यह अलग बात है कि इस गंभीर बिषय लेकर पंचायत से प्रखंड व जिला स्तर के जनप्रतिनिधि व प्रसासन आंख बंद कर सिर्फ तमाशा देखने और बंदरबांट करने में लगे है, जिस कारण किसान से लेकर आम जनता त्रस्त है। ऐसे में हल्की बारिश से सभी तबके के लोगों को राहत की सांस मिली है।

### चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया कुबार्नी का पर्व बकरीद



चैनपुर। त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर चैनपुर, बरवेनगर, जमगाई, लंगड़ा मोड़ आदि स्थानों पर स्थित ईदगाहों को विशेष रूप से रंगाई–पोताई कर सजाया गया था। जहां काफी संख्या में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार की सुबह बकरीद की नमाज अदा कर एक–दूसरे को गले मिलकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा से रहने का संदेश दिया। इसके बाद त्याग और बलिदान के प्रतीक अपने पसंदीदा पशुओं की कुबार्नी दी गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई थी। थानाध्यक्ष अजय यादव, सहित नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट ईदगाहो के पास तैनात थे। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय यादव ने अपनी पूरी पुलिस टीम की ओर से बकरीद का पर्व शांति पूर्वक मनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दिया। वहीं मो जावेद खान ने बताया कि बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुबार्नी देना ही नहीं बल्कि अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी अजीज इच्छाओं एवं भावनाओं को समर्पण करने का पर्व है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पीपी बामदा गांव में कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता

## बैठक में आंदोलन की रणनीति और क्षेत्रीय समिति गठन पर हुई चर्चा

**गुमला।** गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पीपी बामदा गांव में गुमला जिला कांग्रेस कमेटी किसान विभाग के जिला अध्यक्ष हंदू भगत के निदेर्शानुसार भूखला उरांव की अध्यक्षता में चैनपुर पठारी क्षेत्र के ग्रामीणों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हंदू भगत ने कहा कि बैठक में क्षेत्र की जन समस्या और संस्कृति को बरकरार बनाए रखना और आमजन तक सरकार के विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कांग्रेस किसान विभाग विशेष रूप से कार्य कर रही है। श्री भगत ने कहा कि क्षेत्र की जन समस्याओं के साथ ही सरना घेराबंदी के कार्य में तेजी लाने और वंचित सरना स्थल के घेराबंदी के लिए तत्काल कार्य आरंभ करने की मांग को लेकर चैनपुर प्रखंड अनुमंडल मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर आने वाले 24 जून को बामदा पंचायत मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में धरना प्रदर्शन की तिथि एवं रूपरेखा का निर्धारण भी कर लिया जाएगा। साथ ही पठारी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय समिति का गठन भी किया जाएगा। जो किसानों के हित में काम करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की झामुमो कांग्रेस की सरकार किसानों के हितों को लेकर कई कार्यक्रम चला रखी है इसका भी लाभ लेने की जरूरत है। वैठक में ललिता देवी, ज्योति मनी केरकेट्टा, सलीम लकड़ा, जीवा देवी, सरिता वाड़ा, राजमणि तिर्की, मीना देवी, छोटू उरांव, विनोद उरांव, किशोर उरांव, द्वितीय उरांव, सुरेश उरांव, सुकरु टोप्पो,बलदेव मुंडा, भावला मुंडा, रामेश्वर मुंडा, भूखला उरांव सहित किसान व महिला पुरुष मौजूद थे।

# भंडरा में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया बकरीद का त्योहार



**भंडरा।** बकरा ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा. प्रखंड छेत्र मे भंडरा, भेषमुण्डो, मसमानो, सोरंडा, बालसोटा, पल्मी, सेमरा, तेतरपोका, बड़ागाई, अकाशी, बंडा, कुम्हारिया, अम्बेरा, उदरंगी सहितअलग अलग बीस जगहों पर ईद उल अजहा की नमाज शांति व सद्भाव के साथ अदा किया गया। देश मे अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के ओहदेदारों ने सभी लोगों को मुबारकबाद दिया। इस मौके पर बताया कि हम सभी धर्म के लोग आपस मे मिलजुल कर सभी के त्यौहार को मानते हैं। यह हिंदुस्तान का बहुत पुराना सभ्यता का पहचान है। आगे सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार खुशियों का मिलन का नाम है। सभी लोग मिल जुल कर खुशी मनाते हुए सभी धर्म के सभी त्यौहार को मानते हैं।

# कुडू : ईद अल अजहा का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता

**कुडू लोहरदगा।** त्याग तथा बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा सह बकरीद का त्योहार प्रखंड क्षेत्र में अमन तथा आपसी सद्भावना भरे माहौल में संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा करते हुए प्रखंड में अमन चैन, आपसी सौहार्द तथा भाईचारा बढाने की कामना की। बकरीद को लेकर प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। क्युआरटी की टीम के साथ मोटरसाइकिल दस्ता सुरक्षा मे तैनात किया गया था। ईद उल अजहा सह बकरीद के मौके पर सुबह सात बजे से प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। कुडू जामा मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बकरीद की नमाज अदा की। इसके अलावा प्रखंड के सुंदरू, मकांदू, हुदहुद, लावागाई, चीरी, ननतिलो, उडुमुडू, मकांदू, हुरहद, लापुर, जोंजरो, सुंदरू समेत विभिन्न मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। मौके पर मौलाना ने कहा कि ईद-उल-अजहा सह बकरीद हजरत इब्राहिम की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है। हजरत इब्राहिम अल्लाह के हुकुम पर अपनी वफादारी दिखाने के लिए बेटे इस्माइल की कुबार्नी देने को तैयार हुए थे, तभी से बकरीद का त्योहार मनाया जाता है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गया थे। बीडीओ प्रवेश कुमार साव सीओ मधुश्री मिश्रा थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात थे। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों तथा ईदगाह के आसपास सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था। बीडीओ प्रवेश कुमार साव तथा थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो सुरक्षा को लेकर थाना क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। प्रखंड प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन ने आमजनों से मिल जुल कर तथा शांति व्यवस्था बना कर पर्व मनाने का आग्रह किया। मौके पर जफर खान कुडू सदर शमशेर खान, रोजामत अंसारी, आजाद अंसारी, एजाज अंसारी, हाजी शमशेर, इकबाल खान, सुहेल खान प्रखंड उपप्रमुख ऐनुल अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## चंदवा प्रखंड में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न

**चंदवा।** ईद- उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार सोमवार को प्रखंड में शांति और सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाई गयी। अपने नजदीक के मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबीयो ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन शांति और तरक्की की दुवाएं मांगी। मस्जिद में नमाज अदा करते ही सबो ने एक दुसरे से गले मिलकर बधाईयां दी। मुस्लिम बहुल इलाकों में खुशीयों का माहौल था। कामता पंसस अयूब खान व कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान पूर्व उपप्रमुख हाजी फिरोज अहमद, सदर आफदाल समेत अन्य ने बकरीद पर्व पर प्रखंड समेत जिले वासियों को बधाई दी है। पुलिस प्रशासन की ओर से भी चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई थी।

# लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन ने दुष्प्रचार कर चुनाव जीतने का किया प्रयास : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन ने भाजपा की फिर सरकार बनने से संविधान बदले जाने एवं दलित पिछडो के आरक्षण समाप्त करने जैसे दुष्प्रचार किया गया उक्त बाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गारू मे कही. श्री मरांडी गारू के कुई गावं पहुचे थे जहा इस मनिका विधानसभा के कुई मतदान केंद्र पर भाजपा को सर्वाधिक 82 फीसदी वोट मिले। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल दुष्प्रचार कर चुनाव जीतने का प्रयास किया मगर चतरा के मतदाताओं ने नकार दिया। उन्होने कहा कि इस चुनाव में राज्य सरकार के 11 मंत्री अपने विधान सभा क्षेत्र से चुनाव हार गये वे अपने प्रत्याशी को नही जीता पाये। चंपई सोरेन की सरकार विकास नही अपने विकास मे लगे है, मंत्री के चपरासी के घर से नोटो के पहाङ मिल रहे है ये भ्रष्टाचार मे लिप्त होकर यहां के लोगों का विकास रोक रहे है.राज्य के लोग समझ गये है उन्होंने इस गांव के मतदाताओं एवं बुथ कमिटी की प्रशंसा की कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के तैयारी मे लग जाए.इससे पुर्व एसटी मोरचा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, प्रखंड अध्यक्ष मुखिया सुनेश्वर सिंह बुथ अध्यक्ष रमेश सिंह ने बाबूलाल मरांडी का अंग वस्त्र से समानित करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा,जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, मुखिया सुनेश्वर सिंह, शिवशंकर सिंह जिलाध्यक्ष एसटी मोरचा के मंगल उरांव, रामकुमार उरांव, रामलाल प्रसाद, प्रमुख सीता देवी, मंडल महामंत्री संतोष यादव, संजय सिंह, समेत काफी संख्या महिलाएं समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व अन्य

## एक नजर में

### चतरा सासंद पहुंचे मां उग्रतारा नगर मंदिर, सुख समृद्धि की कामना की

**चंदवा।** चतरा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह सोमवार की सुबह मां उग्रतारा नगर मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने माता उग्रतारा की विधिवत पूजा अर्चना कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया कि चंदवा प्रखंड की सबसे महत्वपूर्ण योजना आरओबी निर्माण के विषय में केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग के द्वारा आश्वासन दिया गया है की जल्दी आरओबी निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। बताया कि जीत के बाद मेरा एक मात्र लक्ष्य है कि प्रखंड के ज्वलंत समस्याओ को दूर किया जाए। इसके अलावा चतरा में मेडिकल कॉलेज व रेल का विस्तारीकरण की प्रक्रिया जल्द ही आरंभ कर दी जाएगी। मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकताओं ने उनके जीत पर उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता,महेंद्र प्रसाद साहू, महामंत्री दीपक निशाद मण्डल मंत्री मनीष चांदो,आशीष कुमार,आदर्श रविराज, राजू पाठक समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ट्रक मालिकों की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों की एक बैठक बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व निर्धारित भाड़ा लागू करने,ट्रकों का सीरियल बनाने पर चर्चा हुई। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा की मगध परियोजना अंतर्गत आने वाले गांव के ग्रामीणों ने अपना जमीन सीसीएल को दिया है ।ताकि रोजगार मिल सके और रोजगार का साधन ट्रक है। ट्रक से कई परिवारों का रोजगार चलता है। लेकिन विभिन्न कोल कंपनियों के ट्रांसपोर्टर निर्धारित भाड़ा नहीं दे रहे हैं। जिस कारण सभी लोगों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न होती जा रही है। मगध कोलियरी में तेतरियाखांड कोलियरी,सिकनी कोलियरी के तर्ज पर ट्रकों का सीरियल किया जाएगा। जिससे यहां के स्थानीय ट्रक के मालिकों को लाभ मिलेगा। मौके पर शंभू साव, पारस उराँव, उमेश कुमार, राजेश राम, त्रिवेनि साव,सत्यनारायण साव, महेंद्र यादव, अरुण केशरी, खुशियाल साव, मदन कुमार, सुरेंद्र साव ने भी अपना-अपना विचार रखा और भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रक ओनर को एकजुटता रखने की बात कही। निर्धारित भाड़ा लागू के लिए सभी गांव से चार सदस्य कमेटी का भी चयन किया गया ।वही निर्धारित भाड़ा लागू करने की मांग को लेकर लातेहार एसडीओ,बालूमाथ थाना प्रभारी,बालूमाथ अंचलाधिकारी को ट्रक मालिको की मांगों को लेकर एक आवेदन दिया जाएगा। मौके पर पंकज केसरी,सुजीत उरांव,कलीम अंसारी,विशुण यादव, तौफीक अंसारी, सुनील यादव, अरविंद यादव,अजीत पांडे, दिलीप पासवान, मो. हनी, मुकेश कुमार समेत कई ट्रक मालिक उपस्थित रहे।

### घायल के इलाज में सांसद-विधायक ने किया सहयोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगडा ग्राम के रहने वाला राजेश पासवान सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया । जहां सिर गम्भीर चोट की वजह से कोमा में चला गया है और अपनी जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। जिसकी सूचना पाकर चतरा लोकसभा के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने 20000(बीस हजार) का सहयोग परिजनों को दिया और राजेश पासवान के जल्द स्वस्थ होने की कामना किया। वहीं घायल राजेश पासवान को लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने सहयोग करते हुए 5100 (इक्यावन सौ) का सहयोग राशि प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा परिजनों को भिजवाया और राजेश पासवान के परिजनों से बात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिया। ज्ञात हो कि राजेश पासवान बीते बुधवार की शाम को बालूमाथ बाजार से अपने घर लौट रहा था। जहां बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के समिति मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### महावीर मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शिवनारायण संत नहीं रहे

**बालूमाथ।** बालूमाथ महावीर मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शिवनारायण संत 84 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार की देर रात लगभग 11:00 बजे उनके पैतृक निवास स्थान तेलीटोला में हो गया । उनके निधन की खबर सुनकर उनके आवास पर करीबियों की भीड़ उम्र पड़ी। तथा बुधवार को उनके बड़े पुत्र अंबुज दास ने उन्हें बालूमाथ मुक्ति धाम में मुखाअग्नि देकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा किया ।शिव कुमार संत के दो पुत्र अंबूज दास एवं लखनलाल दास (लखन मेडिकल) समेत अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए ।उनके निधन पर बालूमाथ के वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता ,जावेद अख्तर,उप मुखिया अमित कुमार, विनोद बिहारी गुप्ता, अर्जुन कुमार , प्रयाग साव, राजू कुमार, विनोद कुमार साहू ,सुरेंद्र गुप्ता ,जितेंद्र रजक ,सुरेंद्र रजक, आनंद साहू ,पूरणमल प्रसाद, उदय लाल श्रीवास्तव ,संतोष लाल श्रीवास्तव, विक्की श्रीवास्तव समेत समेत कई लोग ने शोक प्रकट किया है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ खलारी मुख्य मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम चौक के पास मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में निर्मल उरांव 30 वर्ष पिता भुवनेश्वर उरांव एवं विकास उरांव 25 वर्ष पिता कालिया उराँव ग्राम विशनपुर थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। जिसे स्थानीय लोगों एवं परिजनों के द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा इलाज किया गया। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त दोनों युवक देवनद नदी के किनारे लगे जतरा मेला देखकर अपने घर लौट रहे थे कि इसी दौरान सीरम चौक के पास दूसरे वाहन से चकमा खा जाने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

### माल्हन पंचायत में जंगली हाथी ने फिर मचाया उत्पात

**चंदवा।** माल्हन पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार की रात्रि केकराही गांव पहुंचे एक जंगली हाथी ने गांव के बाबूलाल गंझू व भावन ठाकुर के घर को क्षतिग्रस्त करते घर में रखे अनाज को चट कर दिया। जंगली हाथी द्वारा घर को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना पर माल्हन पंचायत मुखिया जतरू मुंडा अन्य ग्रामीणों के साथ हाथी पीड़ितों के घर पहुंचे। उनका हाल जाना और हरसंभव विभागीय सहायता का आश्वासन दिया। इधर जंगली हाथियों द्वारा अनवरत नुकसान पहुंचाए जाने पर रोष जताते कहा कि यदि विभाग ने जंगली हाथियों को भगाने की सार्थक पहल नहीं की तो स्थानीय कार्यालय के साथ लातेहार कार्यालय का भी घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर गूंजा देवी सावित्री देवी, तेतरी देवी, मंगरी देवी, सुनीता देवी, बसंती देवी, मोहरमानी देवी समेत अन्य मौजूद थें।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बकरीद का त्योहार



एक दूसरे को बधाई देते मुस्लिम समुदाय के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार सोमवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सैकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की और अमन व सलामती की दुआएं मांगी। इस दौरान वे आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद देते भी देखे गए। शहर के अम्बाकोठी स्थित जामा मस्जिद, डुरुआ जामा मस्जिद, डुरुआ के मौला अली मस्जिद, करकट, अमवाटीकर, तरवाडीह, सासंग, इचाक व पोचरा में बकरीद की नमाज पढ़ी गई। विभिन्न मस्जिदों के मौलाना ने कहा कि मोहब्बत का दूसरा नाम कुर्बानी है। पैगंबर हजरत इब्राहिम ने खुदा की रजा के लिए एक इशारे पर अपने बेटे को कुर्बानगाह पर चढ़ा दिया, जिसकी मिसाल की दुनिया में आज भी मजहब-ए-इस्लाम में जिन्दा है। जिसकी याद में बतौर कुर्बानी लोग खुदा की मुहब्बत हासिल करते हैं। इससे पूर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह नहा-धोकर नए कपड़े पहन इत्र, सूरमा लगाकर अल्लाहो अकबर की सदा बुलंद करते हुए ईदगाहों की ओर जाते देखे गए, जहां बकरीद की नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए अपने घर को लौटे।

## कुबार्नी का बकरीद त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्वक मनाया गया

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न पंचायत में दिन सोमवार को मुस्लिम समुदाय का ईद-उल-अजहा बकरीद का त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्वक मनाया गया। वहीं स्थानीय मस्जिद व ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही जिसके बाद बकरीद की नमाज के दौरान लोगों ने अमन चैन व मूलक की तरक्की का दुआ मांगा। बकरीद त्यौहार को लेकर सभी मस्जिद में सुबह से ही चहल-पहल का माहौल बना रहा लोग नए कपड़े पहन व इत्र लगाकर एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद पर्व की बधाई दिया। वहीं सक्षम लोगों ने बकरे की कुबार्नी दी। बकरीद के त्यौहार के दौरान शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी,थाना इंस्पेक्टर हरेंद्र प्रसाद चौधरी व थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं बकरीद पर्व के अवसर पर सभी मुसलमान भाइयों को बधाई दिए।

# टाटा मोटर्स फाइनेंसर से ट्रक मालिक ने कभी लोन लिया नहीं, फिर भी ट्रक कर लिया सीज

## फाइनेंसर कंपनी ने ट्रक को कबाड़ी दुकानदार के पास बेचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातू ग्राम निवासी पवन कुमार पिता नंदकिशोर साव ने लोहरदगा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर टाटा मोटर्स फाइनेंसर पर गंभीर आरोप लगाया है। दिए आवेदन में कहा है कि मैं वर्ष 2022 में राकेश कुमार पिता जगदीश ठाकुर ग्राम खलारी से एक पुराना ट्रक जेएच02एए/ 9165 खरीदा था। यह ट्रक राकेश कुमार द्वारा बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग से फाइनेंस कराया था तथा गाड़ी खरीद बिक्री करने के दौरान राकेश कुमार बैंक आफ इंडिया को फाइनेंस की सारा लोन की रकम जमा कर एनओसी प्राप्त कर लिया। उसके बाद ट्रक मेरे नाम से ट्रांसफर हो गया और मैं उसे अपने कब्जे में लेकर चलना आरंभ कर दिया। इसी बीच मार्च 2024 को भारत रेपो के सीजर बबलू शर्मा तथा दो अज्ञात लोगों द्वारा मेरा ट्रक को जबरन सीज कर के टाटा मोटर्स फाइनेंस के यार्ड में लगा दिया। और कहा की इस गाड़ी के ऊपर टाटा मोटर फाइनेंस का 10 लाख रुपया का बकाया है। जबकि मैं आज तक टाटा मोटर्स कंपनी से कभी भी किसी भी प्रकार का लोन लिया ही नहीं हूं । मेरे द्वारा काफी दौड़ धूप करने के बाद फाइनेंस कंपनी को सारा बात से अवगत कराया। लेकिन उन लोगों द्वारा मेरी एक बात भी नहीं सुनी। इसी बीच मुझे पता चला कि उक्त ट्रक लोहरदगा के मित्तल गैरेज में लगा हुआ। मैं लोहरदगा जाकर गेरेज में देखा तो पाया कि उक्त ट्रक को कबाडी में काटकर बेचने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद 3 मई 2024 को इसकी सूचना लोहरदगा थाना को दिया हूं लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तथा लोहरदगा पुलिस द्वारा मुझे ही उल्टा गलत ठहराया दिया जा रहा है उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करते हुए कहा है कि मित्तल गैरेज के मालिक राजेश गुप्ता एवं टाटा मोटर्स फाइनेंस कंपनी के उपर कानूनी कार्रवाई की जाए वही पवन कुमार ने बताया कि इस ट्रक पर फर्जी तरीके से संबलपुर उड़ीसा के कोई प्रतीक कुमार को टाटा मोटर्स कंपनी ने लोन दे रखा है और इसी लोन के एवज में मेरा ट्रक को सीज कर लिया है। जबकि अभी भी यह गाड़ी ऑनलाइन एवं सारे कागजात मेरे नाम से है। इस सबंध में सीजर बबलू शर्मा ने बताया कि टाटा मोटर्स के आदेश पर गाड़ी को सीज किया गया है।



सीज किया गया ट्रक

# हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाई बकरीद का त्योहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का ईद उल अजहा बकरीद का पर्व बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में पुरे धुम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जहां प्रखंड क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर सुरक्षा के मद्देनजर बरवाडीह थाने के थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम के साथ प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी जगह- जगह पर प्रतिनियुक्त किया गया था। जहां सुरक्षा व्यवस्था में सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी, सब इंस्पेक्टर श्याम नरायण ओझा, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सतेन्द्र प्रसाद सिंह रहें मौजूद। जहां प्रखंड क्षेत्र के बेतला, पोखरी कलां, सरईडीह, छेचा, कुचिला, अहिरपुरवा, बरवाडीह समेत विभिन्न अलग-अलग जगहों पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपनी नजदीकी मस्जिद में तय समय पर नमाजियों ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन चैन शांति कायम रखने को लेकर क्षेत्र में खुशहाल रहने की दुवाएं की गई।



नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग

## सरयू में धूम धाम से मनाई गई बकरीद पर्व

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू रोल पतरातु में हर्षउल्लाष के साथ बकरीद पर्व मनाया गया। मस्जिद में सुबह सात बजे ईदुल अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा किया गया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने देश में अमन चैन और खुशियांली के लिए दुआ मांगी। वहीं एक दुसरे को गले मिल कर ईदुल अजहा की मुबारक बाद दिया। बकरीद पर्व को शन्ति पूर्वक वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सरयू टिओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने दल बल के साथ जामा मस्जिद से लेकर चौक चौराहों तक मुस्तैद थें। मौके मौलाना अजीमुद्दीन कादरी, मो. इजराइल खिलाफ, अब्दुल कुदूस, अख्तर हुसैन, मो. इमरान खान, मो. मुस्तफा, असगर हुसैन, सादीक खान, मो. रेहान , मो. इबरार , शमीम खलीफा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



एक दूसरे को बधाई देते लोग

### अखंड कीर्तन हवन की पूणार्हुति के साथ

## शिव मंदिर होटवाग का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



मौके पर मौजूद श्रद्धालुगण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड लातेहार के होटवाग ग्राम में औरंगा नदी के किनारे स्थित शिव मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया हवन की पूणार्हुति के साथ वार्षिकोत्सव एवं अखंड कीर्तन कार्यक्रम का समापन हुआ इसका कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में राजधानी प्रसाद यादव सपत्नीक उपस्थित थे पुरोहित पंडित त्रिभुवन पांडेय ने पूरे विधि विधान के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संपन्न कराये वार्षिकोत्सव एवं अखंड कीर्तन कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह प्रमुख परशुराम लोहरा छोटू राजा बंशी यादव अशोक कुमार महलका भुवनेश्वर प्रसाद साहू विकास तिवारी बामेश्वर सिंह अयोध्या यादव अवध पासवान सत्येंद्र यादव शंभू यादव प्रमोद यादव अमित यादव हीरा प्रसाद यादव रामसेवक यादव अमरेश यादव पंकज यादव नागेश्वर यादव रामदेव यादव राजेंद्र यादव जगेश्वर यादव सुखदेव सिंह रंजीत यादव ठाकुर दयाल यादव प्रद्युम्न यादव कुलदीप यादव सुजीत यादव दामोदर यादव मुरारी सिंह बलराम सिंह राजो देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

# विशुनबांध में पेयजल की भारी समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण

## गांव में नल जल योजना फेल ठेकेदार ने लापरवाही कर ड्राइ बोर में लगा दिया जलमिनार

### भीषण गर्मी में पानी मिलना हुआ मुश्किल, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मदद का लगाया गुहार

दीपू कुमार

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के विशुनबांध पंचायत स्थित जालिमा गांव में सरकार द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना बिल्कुल फेल हो गया है यहां पर ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरतते हुए ड्राइ बोर में ही जल मीनार का निर्माण करवा दिया गया है, जब बोर हो रहा था तब भी वहां से एक बूंद भी पानी नहीं निकला था इसके बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा जलमिनार निर्माण करवा कर पैसे का निकासी कर लिया गया लेकिन वहां रहने वाले ग्रामीणों को जलमिनार से कोई भी लाभ नहीं मिल पाया। बता दें की जालिमा गांव में लगभग हजारों की संख्या में लोग निवास करते हैं अभी भीषण गर्मी में लोगों को पानी मिलना मुश्किल हो गया है यहां के लोग पानी के लिए लगभग 1 किलोमीटर दूर के कुआं पर निर्भर हैं लेकिन अभी स्थिति ऐसी है कि जिस कुआं से लोग पानी लाकर अपना गुजारा कर रहे थे वह कुआं भी सूखने के कगार पर पहुंच गया है यहां के लोग पानी के लिए काफी चिंतित हैं।

वहीं ग्रामीणों के द्वारा पानी की समस्या के बारे में प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह को जानकारी मिलने पर दोनों गांव पहुंचे और पानी की समस्या से अवगत हुए उन्होंने गांव के लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या को जिला अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।

वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सरकार के द्वारा हम लोगों के सुविधा के लिए यहां पर जल मीनार लगाया गया था लेकिन ठेकेदार ने सिर्फ अपना फायदा देखा लोगों की समस्याओं से उनका कोई मतलब नहीं था अगर सही से जलमिनार का निर्माण होता तो आज हम लोगों को पानी के लिए परेशानी नहीं होती। ग्रामीणों ने कहा कि योजना के तहत हर घर पानी पहुंचाने का सरकार का वादा था लेकिन हर घर तो दूर की बात है एक जगह भी सही से लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिससे लोग अपना गुजारा कर पाए ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द हम लोगों को पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती है तो नहाना व कपड़ा धोना तो दूर की बात है हम लोगों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ेगा। मौके पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है। मौके पर गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**पानी के लिए कुंआ पर निर्भर कुंआ भी सूखने के कगार पर**



जानकारी देते ग्रामीण

## स्पीड न्यूज

### ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न



बकरीद की बधाई देते लोग।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में स्थित ईदगाहों में मुस्लिम भाइयों ने बकरीद की नमाज अदा की। कांडी ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज पढ़ा गया। जहां पर हाफिज अब्दुल माजिद खान ने नमाज पढाया। यहां पर कांडी के अलावे ढबरिया, हरिहरपुर व कुछ लोग सड़की के बकरीद का नमाज पढ़े। भुड़वा ईदगाह में हाफिज बाबर आजम, कुरकुटा ईदगाह में हाफिज मोहम्मद गुलजार, पतीला ईदगाह में हाफिज अब्दुल्ला, अधौरा ईदगाह में हाफिज इमामुद्दीन ने अधौरा, देवडीह, सोनपुरवा व तेलियानिजामत गांव के मुश्लिम भाईयों को नमाज पढाया। उधर सड़की ईदगाह में कयामुद्दीन कादरी, जमुआ ईदगाह में हाफिज मनान व लमारी खुर्द ईदगाह में हाफिज सफायद अंसारी ने ईद का नमाज पढ़ाया। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस हर जगह मुस्तैद रही। कांडी मस्जिद के अलावे पतीला व भुड़वा सहित सभी ईदगाह के पास पुलिस तैनात थी। मौके पर कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, समाजसेवी विकास दुबे, उप मुखिया ने कांडी ईदगाह में पहुंचकर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दिया। सड़की ईदगाह में पहुंचकर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान ने भी वहां उपस्थित व प्रखण्ड के सभी मुस्लिम भाइयों को बकरीद की मुबारकबाद दिया।

### लू लगने से युवक की मौत

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित अखौरी तहले गांव में रविवार को स्व. श्याम बिहारी साव के 24 वर्षीय पुत्र विकेश कुमार गुप्ता की मौत हो गई। चिकित्सक के अनुसार युवक की मौत लू लगने से हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक मझिआंव बाजार क्षेत्र में ब्लॉक रोड स्थित फंकी ब्वॉयज क्लेक्सन नामक कपड़े की दुकान से घर खाना खाने गया हुआ था। घर पहुंचते ही युवक फ्रिज से (चिल्ड) ठंडा पानी निकाल कर पीने के बाद चैकी पर लेट गया। कुछ देर के बाद परिजन युवक को चैकी से नीचे गिरा पाया। आनन फानन में रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक वीर प्रताप सिंह ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। इस संबंध चिकित्सक वीर प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो चुकी थी। धूप से जाने बाद फौरन ठंडा पानी का सेवन करने से हार्ट ब्लॉकेज हो गया, जिसके कारण डेथ हो गई है। रविवार की देर शाम कोयल नदी के टंकी घाट पर युवक का दाह संस्कार कर दिया गया।

### एसएसबी ने 161 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार



**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन के दुबाटोला बीओपी के बाह्य सीमा चौकी सिकिटीया और वाहिनी मुख्यालय के जवानों ने कार्यवाहक कमांडेंट कस्तूरी लाल के नेतृत्व में छापेमारी कर 161 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या-173/1 के नजदीक एसएसबी जवानों ने नेपाल से भारत लाने के क्रम में कार्रवाई करते हुए 161 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को धर दबोचा। दबोचे गए तस्करों में दोनों भारत के हैं। कार्यवाहक कमांडेंट कस्तूरी लाल ने बताया कि वर्तमान समय में सशस्त्र सीमा बल जहां एक ओर देश की आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी में बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है, दूसरी ओर भारत- नेपाल सरहद की सुरक्षा और राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 56 वीं वहिनी के बाह्य सीमा चौकी दुबाटोला के क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 177/1 के नजदीक जवानों ने कार्रवाई कर यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि कार्रवाई का नेतृत्व 56वीं वाहिनी बीओपी दुबाटोला के उप निरीक्षक आकांक्षा चौधरी के निर्देशन में उप निरीक्षक दीगंता कुमार नाथ व अन्य ने की। बीओपी कुशमाहा के सहायक सेनानायक अभिषेक कुमार गुप्ता ने दोनों तस्करों से पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई हेतु गांजा सहित तस्करों को सोनामनी गोदाम पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार तस्करों में कुशमाहा के पिपरा के जितेंद्र प्रसाद साह और आमगाछी क्षेत्र वार्ड संख्या चार के रहने वाले उमेश सदा हैं। सशस्त्र सीमा बल द्वारा की हुई इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप है।

### पटना: गंगा नदी में डूबे दो लोगों का शव बरामद

**पटना।** बिहार में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में नौका के पलटने से गंगा नदी में डूबे चार लोगों में से दो लोगों का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के लिये नदी के उसपार जा रहे थे। इस दौरान उमा घाट के समीप नौका पलट गयी। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गये, जबकि चार लोग लापता हो गये। घटना की जानकारी के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता लोगों की तलाश कर रही थी।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने सरकारी नौकरी और रोजगार देने के निर्धारित लक्ष्य को मिशन मोड में पूरा करने के दिए निर्देश

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरियां और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव के साथ सोमवार को बैठक कर एक वर्ष के भीतर मिशन मोड में लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे और परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता और प्रश्न पत्र



लीक न हो इसको लेकर एक सख्त कानून बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इससे संबंधित प्रस्ताव विधानसभा के सत्र में लाया जाय। प्रदेश में अब तक 5 लाख 16 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त एक लाख 99 हजार सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। अगले तीन महीने के अंदर नियुक्ति पत्र वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। नियुक्ति करने वाले विभिन्न आयोगों को दो लाख 11 हजार नई नियुक्तियों के लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अगले एक महीने में दो लाख 34 हजार रिक्तियों की अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जायेगी। साथ ही आगामी वर्ष में नियुक्ति के लिए 72 हजार और रिक्तियां होने का अनुमान है, जिसकी अधियाचना अगले वर्ष भेजी जायेगी। उल्लेखनीय है कि सात निश्चय-2 के अन्तर्गत 5 लाख 16 हजार नियुक्तियां की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त एक लाख 99 हजार नियुक्ति पत्र वितरण के लिये तैयार है। साथ ही 5 लाख 17 हजार रिक्तियों के लिए नियुक्ति प्रक्रियाधीन है यानी कुल 12 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य वर्ष 2024-25 तक रखा गया है। इस प्रकार मुख्यमंत्री के सात निश्चय 2 के अन्तर्गत 10 लाख सरकारी नौकरी देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसे पार करते हुये वर्ष 2024-25 तक 12 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दे दी जायेगी।

## निक्की ने वूमैन कबड्डी में जिले का नाम किया रौशन

**नवादा।** जिले में नरहट प्रखण्ड अंतर्गत कुशा गांव के सुरेश यादव एवं किरण यादव की बेटी निक्की ने राज्य स्तरीय वूमैन कबड्डी प्रतियोगिता में अपने टीम को जीत दिलाकर नवादा जिले का नाम रौशन किया है। निक्की ने बताया कि बिहार स्टेट स्पोर्ट अथॉरिटी के सौजन्य से पाटलिपुत्रा स्पोर्ट कम्प्लेक्स परिसर पटना में आयोजित 10 से 16 जून तक खेल प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। उन्होंने बताया कि इस



प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल छह टीम शामिल हुआ था। निक्की ने बताया कि 16 जून को फाइनल मुकाबला सीवान टुटन्स और सारण स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। कुशा की निक्की यादव सीवान टुटन्स टीम से खेल रही थीं। खेल अथॉरिटी द्वारा वीनर टीम को एक लाख इक्कावन हजार रुपये एवं शील्ड देकर सम्मानित किया है। बेटी की इस सफलता पर माता पिता काफी खुश हैं। निक्की की सफलता पर डॉ रामचन्द प्रसाद, निरंकारी मुखी विनोद गुप्ता, शिक्षक दीपक कुमार, निरंकारी सेवादल शिक्षक हरि राजवंशी, बाल्मीकि शर्मा आदि हार्दिक शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दबंगों ने किसान की लूट ली फसल

**भागलपुर।** जिले में औद्योगिक थाना पुलिस की मदद से कुछ दबंग लोग किसान की जमीन पर अपना कब्जा जमा रहे हैं। इतना ही नहीं किसान की फसल पुलिस के सामने ही लूट रहे हैं। मामला बरारी निवासी किसान गणेश यादव से जुड़ा है। उन्होंने बताया की बिक्रमशिला सेतु के समीप उनकी 70 बीघा रैयती जमीन है। जिसके सारे दस्तावेज उनके पास हैं। गणेश यादव ने बताया की दबंगो की शिकायत लेकर जब वो आद्योगिक थानाध्यक्ष मुरलीधर शाह के पास गए तो थाना थानाध्यक्ष ने आरोपियों से सांठ गांठ कर उनकी ही पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित किसान ने घटना की शिकायत एसएसपी, डीआईजी और मुख्यमंत्री से की। लेकिन अबतक कोई करवाई नहीं की गयी। गणेश यादव ने बताया की पुलिस ने उन्हें अपने ही जमीन पर जाने से रोक दिया गया है। खेत में लगायी गयी फसलों को पुलिस की मदद से अपराधी लूट रहे हैं। गणेश यादव ने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह अपने परिवार के साथ डीएम कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठ जायेंगे।

## गंगा दशहरा पर भव्य गंगा आरती का किया गया आयोजन



गंगा आरती करते लोग।

**मझिआंव।** प्रखंड के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ द्वारा रविवार की शाम गायत्री जयंती व गंगा दशहरा के अवसर पर कोयल नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक नागेंद सिंह के निर्देशन में पहले माता गंगा का पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद श्रद्धालु महिला पुरुषों द्वारा सामूहिक रूप से माता गंगा की आरती उतारी गई। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में देवमुनि विश्वकर्मा एवं उनकी पत्नी फुलझरी देवी द्वारा पूजा की गई, जबकि नगेन्द्र सिंह द्वारा कर्मकांड सम्पन्न कराया गया। इसके पहले सुबह में गायत्री शक्तिपीठ में पूजा अर्चना करने के बाद हवन यज्ञ किया गया। मौके पर अशोक चैरसिया, राम बेलास प्रसाद, बंशी प्रसाद, बेचन राम, अशोक कमलापुरी, बबलू कमलापुरी, सरस्वती देवी, संतोषी देवी, अंजना देवी, सरिता मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मस्जिदों और ईदगाह में अकीदत के साथ अदा की गई नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद-उल-अजहा अर्थात कुबार्नी का पर्व बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। मौके पर काफी संख्या में ईदगाह मैदान में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए नमाजियों को भीड़ उमड़ी। बकरीद को लेकर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोगों में चहल पहल दिखा। सुबह से ही नए कपड़े पहन छोटे-छोटे बच्चों के साथ ईदगाह मैदान एवं मस्जिद की ओर बकरीद की नमाज के लिए जाते हुए लोग नजर आए। बकरीद के



उपस्थित लोग।

मौके पर अरसली, मकरी, बेलपहाड़ी, बघमनवा, टाउनशिप में काफी रौनक देखी गई। चपरी में मौलाना नसीम अहमद, बेलपहाड़ी में मौलाना हसमत अली, अरसली उत्तरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, मकरी में करी अजमेर अली ने नमाज पढ़ाई। ईदगाह कर्बला मैदान में हिंदू भाइयों के अलावा शहर के जनप्रतिनिधि ने पहुंचकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगो में गंगा जमुना तहजीब का नजारा देखने को मिला। बकरीद को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सुरक्षा का कमान थामे हुए थे।

## मोटरसाइकिल-जेसीबी मशीन में टक्कर, एक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत खरसोता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ के पुलिया के समीप रविवार की देर रात जेसीबी मशीन एवं पल्सर मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जेसीबी एवं मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोरबे पंचायत के करकटा गांव रामजीत राम के पुत्र नन्दन कुमार उम्र 24 वर्ष, सुकुल राम के पुत्र रवि कुमार उम्र 25 वर्ष, बंषी राम के पुत्र गोपाल कुमार उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को निजी वाहन से मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करते हुए



दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल।

बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल नंदन कुमार को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कांडी थाना क्षेत्र के मोखापी गांव के अपने रिश्तेदार के यहां से गढ़वा के जाटा गांव में बारात जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना घटी है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि पल्सर मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद जेसीबी चालक भागने में सफल रहा। जेसीबी मशीन करीवाडीह, भलुही निवासी छोटे लाल चैधरी का बताया जा रहा है। दुर्घटना के सूचना पाते ही तुरंत थाना प्रभारी आकाश कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेते हुए थाना ले गए। पुलिस ने नंदन के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## भीषण गर्मी को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक



बैठक करते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** भीषण गर्मी को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति के द्वारा आग का गोला बरस रहा है यह स्थिति ज्यादातर पलामू प्रमंडल में देखा जा रहा है। गढ़वा के मंत्री भईया जी के पास पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय है, फिर भी प्रत्येक पंचायत में पानी की समस्या है। हमेशा नदी में खुदाई कराकर जानवर को पीने का पानी व्यवस्था किया जाता था। जहां चापाकाल सुख जाता था वहां पानी की व्यवस्था किया जाता था, परंतु इस वर्ष रिकार्ड तोड़ गर्मी में किसी तरह का सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया। सभी ने मांग करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर जांच की जाय की कहां कहां चापाकल खराब है, कहां पानी की समस्या है और उस जगह तत्काल पानी की व्यवस्था किया जाय। बैठक में बीडीसी राजकुमार पासवान, धीरेंद्र शुक्ला, बीरबल मेहता, उमेश सिंह, उमेश दुबे, बिनोद विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, सीताराम जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

# अकीदत व मसर्रत के साथ मना बकरीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर में ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-अजहा अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी। वहीं घर पहुंच कर अकीदतमंदों ने खुदा की राह बकरा की कुबार्नी पेश की। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंताजामिया कमेटियो के द्वारा नमाजियों की सुविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किया गया था। वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन



नमाज पढ़ते लोग।

के द्वारा इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। नमाज अदायगी के पूर्व जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अब्दुस्समद ने कहा कि इस्लाम मजहब में ईद-उल-अजहा का संबंध कुबार्नी से है। इसे ईद पर कुबार्नी दी जाती है। इस कुबार्नी के जरिए से बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुबार्नी का गोश्त नहीं पहुंचता है। बल्कि वह तो केवल कुबार्नी के पीछे बंदों की नीयत को देखता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। कुबार्नी का सिलसिला ईद के दिन को मिलाकर तीन दिनों तक चलता है। उन्होंने कहा कि इब्राहीम अलैह सलाम एक पैगंबर गुजरे हैं। जिन्हें ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। यह इब्राहीम अलैह सलाम के लिए एक इम्तिहान था। जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मुहब्बत व एक तरफ था अल्लाह का हुक्म। इब्राहीम अलैह सलाम ने सिर्फ व सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया। अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर इस्माईल अलैह सलाम की कुबार्नी देने को तैयार हो गए। जैसे ही इब्राहीम अलैह सलाम छुरी लेकर अपने बेटे को कुर्बान करने लगे, वैसे ही फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने तेजी से इस्माईल अलैह सलाम को छुरी के नीचे से हटाकर उनकी जगह एक मेमने को रख दिया। इस तरह इब्राहीम अलैह सलाम के हाथों मेमने के जिब्हा होने के साथ पहली कुबार्नी हुई।

## खबर एक नजर में

### मधेपुरा में पेड़ से लटका महिला का शव बरामद

**मधेपुरा।** बिहार में मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक महिला का पेड़ से लटका शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर तमोट परसा वार्ड संख्या 02 में पेड़ से लटका एक महिला का शव बरामद किया गया है। महिला की उम्र करीब 34 वर्ष है और उसकी तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है।

### महादलित मुखिया की हत्या में रोजगार सेवक सहित दो गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र के बुधौली पंचायत की मुखिया पप्पू मांझी की हत्या मामले में श्सुपर मुखिया अमरेंद्र यादव सहित दो लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अमरेंद्र इसी जिले के रोह प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। इसे बुधौली पंचायत का सुपर मुखिया कहा जाता था। वजह, पप्पू मांझी को उसी ने अपने समर्थन से मुखिया बनवाया था। अमरेंद्र के अलावा गिरफ्तार दूसरा शख्स मनीष सिंह इसी पंचायत के दिऔरा गांव का निवासी बताया गया है, जो मुखिया का चहेता बताया जा रहा है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। हालांकि, पुलिस का आधिकारिक पक्ष अबतक नहीं आया है। अबतक की यही जानकारी है कि मुखिया के ग्रामीण अमरेंद्र और इसी पंचायत के दिऔरा ग्रामीण मनीष सिंह की गिरफ्तारी हुई है। घटना के बाद मुखिया की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पंचायत की उप मुखिया छोटू पांडेय और मनीष सिंह को आरोपित किया गया था। उप मुखिया का नाम राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी होने और मनीष का नाम मुखिया और उसके बीच बातचीत का अंतिम कॉल होना वजह बताया जा रहा है। ग्रामीण सूत्र बता रहे हैं कि यह सच है कि अमरेंद्र ने ही पप्पू को मुखिया बनवाया था लेकिन इन दिनों मुखिया पप्पू मांझी मनीष के संपर्क में ज्यादा था। पंचायत में ठेका –पट्टा का प्रायः काम इन दिनों मनीष ही कर रहा था जो अमरेंद्र को रास नहीं आ रहा था। यूं कहें मुखिया पाला बदल चुके थे। इसी वजह से अमरेंद्र ने उन्हें रास्ते से ही हटा दिया। वैसे, सच क्या है पुलिस ही औपचारिक रूप से जब बताएगी सामने आएगा। वैसे, सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मनीष की कोई भूमिका नहीं थी, तो उसे क्यों जेल भेजा गया। इसके पीछे का तर्क एफआईआर में नामजद होना बताया जा रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि पुलिस अभी मनीष को क्लीनचिट नहीं दी है।

### नीट पेपर लीक मामले में ईओयू का बड़ा दावा, मूल प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं करा रहा एनटीए

**पटना।** बिहार सरकार की जांच एजेंसी आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में बड़ा दावा किया है। ईओयू ने सोमवार को कहा है कि उसे अभी तक एनटीए की ओर से परीक्षा की मूल प्रश्नपत्र की प्रति नहीं भेजी गई है। इस वजह से ईओयू इस मामले की जांच को आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। ईओयू की ओर से एनटीए को अबतक तीन बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है लेकिन प्रश्नपत्र की प्रति उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड का जिम्मा...

**झारखंड को मिलेगा लाभ :** मरांडी : झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि श्री चौहान और हिमंता विश्व शरमा के अनुभव का झारखंड को काफी लाभ मिलेगा। दोनों अनुभवी, परिश्रमी और कुशल संगठनकर्ता हैं। श्री मरांडी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इनके अनुभवों, कार्य कुशलता और प्रत्यक्ष मार्गदर्शन का लाभ पार्टी को मिलेगा। दोनों के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश की भ्रष्ट, निकम्मी ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकेंगी। झारखंड में एकबार फिर मजबूत डबल इंजन सरकार बनायेगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। पार्टी रिकॉर्ड मतों से प्रदेश में सरकार बनायेगी। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह तमाम नेताओं ने फैसले का स्वागत किया है।

### 10 व 5 लाख ...

वहीं बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। हालांकि सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। मुठभेड़ के बाद से पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमांडर, एक सबजोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली शामिल है।

**दो नक्सली गिरफ्तार :** सुरक्षाबलों ने दो इनामी नक्सलियों को गिरप्तार भी किया है। उनकी पहचान टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और बातरी देवगम के रूप में हुई है। पांडू हांसदा दो लाख रुपए का इनामी एरिया कमांडर है। वहीं बातरी देवी महिला नक्सली है।

**सिंगराई और कांडे आईईडी लगाने में माहिर था :** मारे गये नक्सली सिंगराई और कांडे होनहागा आइिडी लगाने में माहिर था। दोनों ने कोल्हान और सारंडा के जंगल में आइडी लगाया था। 14 अगस्त 2023 को कोल्हान के जंगल में आइडी धमाके में झारखंड जगुआर के दो जवान शहीद भी हुए थे। इसमें भी इन दोनों नक्सलियों के दस्ते का ही हाथ था।

### स्पीकर पद खुद...

**पहली बैठक 24 जून को :** अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा। जारी बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। इसमें बताया गया है, मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिये जा सकते हैं।

### झारखंड में बदला...

**12 जिलों में हीट वेव का अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में हिटवेव जारी रहने की आशंका है। इसे ले कर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 6.1 एमएम पलामू में दर्ज की गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44.5 डिग्री डालटनगंज का रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 26.1डिग्री से. बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया।

### झारखंड के 35 लाख...

वहीं कृषि सखी कन्वर्जेंस प्रोग्राम (केएससीपी) का उद्देश्य कृषि सखी के रूप में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर, कृषि सखियों को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके ग्रामीण भारत में बदलाव लाना है।

**पीएम के स्वागत की तैयारियां जोरों पर :** पीएम मोदी का भाजपा कार्यकर्ता बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मेहंदीगंज ग्राम सभा स्थल पर भव्य स्वागत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। चुनाव के बाद पीएम पहली बार पीएम मोदी वाराणसी जा रहे हैं। पुलिस लाइन से लेकर दशाश्वमेध घाट व विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार तक पूरे यात्रा मार्ग में काशीवासियों संग भाजपा कार्यकर्ता ढोल, नगाड़ा, डमरू दल के साथ शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की जायेगी। काशी विश्वनाथ धाम को फूलों से सजाया जा रहा है। पीएम मोदी काशी के कोतवाल काल भैरव और काशी विश्वनाथ धाम जाकर पूजन-अर्चन करेंगे।

स्पीड न्यूज

## रणदीप सुरजेवाला ने एचसीएस भर्ती पर सरकार को घेरा

**कैथल।** हरियाणा के कैथल पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एचसीएस भर्ती पर भाजपा सरकार को घेरा है। सोमवार को उन्होंने एचसीएस भर्ती में एससी-बीसी वर्ग के युवाओं को वंचित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगता है राज्य के बाहर के कैंडिडेट को भर्ती करने के लिए कुछ गड़बड़ी की गई है। सुरजेवाला ने सोमवार को कैथल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2023 में एचसीएस भर्ती में 121 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन दिया। इसमें 87 हजार अभ्यर्थियों ने अप्लाई किया। इसके बाद 1,706 अभ्यर्थियों ने एचसीएस मेन एग्जाम पास किया। इसके बाद 275 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया।

## चार लोगों ने मिनी बस चालक की पीट-पीट कर की हत्या

**गुरुग्राम (हि.स.)।** एक मिनी बस (टैम्पो ट्रैवलर) की कार के साथ टक्कर हो गई। इससे गुस्साए कार में सवार लोगों ने बस चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी दीनदयाल उर्फ दीनू के रूप में हुई है। वह टेम्पो ट्रैवलर मिनी बस चलाता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना सोहना रोड पर जेएमडी यू-टर्न के पास की है।

## एयर इंडिया के यात्री के खाने में 'ब्लेड' जैसी धातु का टुकड़ा मिला



**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ान में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिली। एयरलाइन ने सोमवार को एक यात्री को बेंगलुरु-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के दौरान भोजन में कथित तौर पर ब्लेड जैसी धातु का टुकड़ा मिलने की पुष्टि घटना के एक हफ्ते के बाद की है। एयरलाइन ने यात्री के खाने में ब्लेड जैसी धातु होने की पुष्टि करते हुए कहा कि यह वस्तु उसके खानपान साझेदार की सुविधाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई थी। पैसेंजर ने खुद एक्स पोस्ट पर इस घटना के फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। इस पोस्ट के बाद एयर इंडिया ने इसकी जांच के बाद बयान जारी कर पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने की बात को स्वीकार किया और माफी मांगी है।

## पुणे में करंट की चपेट में आने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले के दौंड तहसील के दापोडी गांव में सोमवार सुबह बिजली का करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और बेटा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सुनील देवीदास भालेकर सपरिवार दापोडी गांव में पतरे के घर में रहते थे। सोमवार सुबह सुनील ने स्नान कर अपना तौलिया तार पर सूखने के लिए डालने गए थे, लेकिन तार में बिजली का करंट आ रहा था। तार पर तौलिया के दौराव चिपक गए। इसे देख उनकी पत्नी अदिका भालेकर और उनके छोटे बेटे परशुराम भालेकर ने भी सुनील को बचाने का प्रयास किया और वे तीनों बिजली के तार से चिपक गए । घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोसी तत्काल मौके पर पहुंचे और बिजली डिकनेक्ट किया।

# कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना : कहां रह गया 'कवच'

## रेल मंत्री करते रहते हैं गुणगान



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में भीषण रेल दुर्घटना ने एक बार फिर से लोगों के मन में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। यह दुर्घटना तब हुई जब सोमवार सुबह न्यू जलपाईगुड़ी के पास एक मालगाड़ी कथित तौर पर सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। रेल मंत्री ने दावा किया था कि भारत ने कवच सिस्टम विकसित किया है, जिसकी बदौलत हम ट्रेन दुर्घटनाओं को रोक सकेंगे। उनके अनुसार इस सिस्टम की तैनाती शुरू हो चुकी है, लेकिन आज की दुर्घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**सुरक्षा को ले कर सवाल :** न्यू जलपाईगुड़ी में हुए ट्रेन हादसे ने एक बार फिर से लोगों के मन में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। ये पहली बार नहीं है जब भारतीय रेल में कोई दुर्घटना हुई हो। साल-दर-साल दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज हुए इस दुर्घटना ने फिर से लोगों के मन में कवच सिस्टम को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। जब भारतीय बजट में कवच सिस्टम को लेकर पैसे अलॉट किए गए तो अब तक इस कवच सिस्टम का असर क्यों नहीं दिख रहा है? आज के हुए हादसे ने एक बार फिर से कवच सिस्टम के महत्व की याद दिला दी है। फिलहाल अभी इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि न्यू जलपाईगुड़ी रुट में कवच सिस्टम था कि नहीं। कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना ने एक बार फिर से स्वदेशी रूप से विकसित सिस्टम ह्यकवचह्ण की अनुपस्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जिसे अगर स्थापित किया गया होता तो इस दुखद घटना को टाला जा सकता था।

**अंतरिम बजट में आवंटन किए गए 557 करोड़ रुपये :** बता दें कि इसकी स्थापना लागत 50 लाख रुपये प्रति किलोमीटर है। वर्तमान में इसकी कवरेज लगभग 1,500 किलोमीटर तक सीमित है, जिससे 68,000 किलोमीटर रेल नेटवर्क में व्यापक कार्यान्वयन एक चुनौती बन गया है। इससे पहले रेल मंत्री ने बताया था कि अंतरिम बजट 2024-25 में रेलवे के में कवच की स्थापना के लिए 557 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है।

## क्या है कवच सिस्टम?

कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से रिसर्च डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा सिस्टम है। भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में सुरक्षा हासिल करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे ने ट्रायल की सुविधा दी गई थी। यह सुरक्षा अखंडता स्तर-4 मानकों के साथ एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम है। इसका उद्देश्य ट्रेनों को लाल सिग्नल (जो खतरे का संकेत देता है) से गुजरने से रोकना और टकराव से बचना है। अगर चालक स्पीड रिस्ट्रिक्शन के अनुसार ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो यह ट्रेन के ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय करता है। इसके अलावा, यह फंक्शनल कवच सिस्टम से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। यह सिस्टम आपातकालीन स्थितियों के दौरान रङ्गर मैसेज भी प्रसारित करती है। एक अतिरिक्त विशेषता नेटवर्क मॉनिटर सिस्टम के माध्यम से ट्रेन की गतिविधियों की केंद्रीकृत लाइव निगरानी है। कवच सबसे सस्ती, एसआईएल-4 प्रमाणित प्रौद्योगिकियों में से एक है, जहां त्रुटि की संभावना 10,000 सालों में 1 है।

### क्या है कवच की विशेषता

सुरक्षा प्रणाली के तहत पटरी के पास लगे सिग्नल की रोशनी कैबिन में पहुंचती है और यह रोशनी धुंध के मौसम में बहुत उपयोगी होती है।आवाजाही की निगरानी करने वाले को ट्रेन के बारे में लगातार जानकारी मिलती रहती है। सिगनल पर अपने आप सीटी बजती है। लोको से लोको के बीच सीधे संचार के जरिए ट्रेनों के टक्कर की आशंका कम हो जाती है। यदि कोई दुर्घटना हो जाती है, तो एसओएस के माध्यम से आसपास चल रही ट्रेनों को कंट्रोल किया जाता है। कवच का परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के लिंगमपल्ली-विकाराबाद-वाडी और विकाराबाद-बीदर सेक्शन पर किया गया था, जिसमें 250 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी।



भोपाल। एशिया की सबसे बड़ी ताजुल मस्जिद में अमन चैन के साथ अदा की गई नमाज ।

# अमित शाह ने रियासी आंतकवादी हमले की जांच एनआइए को सौंपी

एजेंसी




**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में पिछले सप्ताह रियासी जिले में आतंकवादियों के हमले की जांच का दायित्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को दिया है। गत नौ जून को जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की एक बस पर हमला किया था जिससे बस गहरे खड्ड में पलट गयी थी। इस घटना में 10 लोग मारे गए तथा 30 से अधिक लोग घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को कहा कि रियासी में आतंकवादी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। सूत्रों ने कहा, इस घटना की जांच एनआईए को जांच सौंपने का निर्णय 15 जून को नयी दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद लिया गया। श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में आगामी अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर की स्थिति की समीक्षा के लिए रविवार को दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलायी थी जिसमें विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी भाग लिया था। सूत्रों ने कहा कि एनआईए ने हमले के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, ह्लएनआईए ने जम्मू-कश्मीर पुलिस से जांच का काम अपने हाथ में ले लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी में हमले शामिल आतंकियों के बारे में सुराग देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है और इस संबंध में चार संदिग्ध आतंकवादियों के स्केच भी जारी किये गए हैं। रियासी हमलें में हताहत लोग कटरा में शिव खोरी मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर तक तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर पौनी क्षेत्र के तरयाथ गांव के पास हमला किए गया था। इसकी जांच के सिलसिले में पुलिस ने 20 से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए निरुद्ध किया है।

# सीएम भजनलाल ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की

एजेंसी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दो दिन के प्रवास पर सोमवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। लेकिन, वहां दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हो पाई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार को प्री बजट बैठक लेने का कार्यक्रम था, लेकिन वे अचानक दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि आज राजधानी दिल्ली में विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, 140 करोड़ भारतीयों के सुख, समृद्धि और कल्याण के लिए साधनारत, भारत के 'अमृतकाल के सारथी' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्नेहपूर्ण भेंट कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद व आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' के निर्माण और जन जन की सतत सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित है। भारत माता की जय! उन्होंने लिखा कि आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान माननीय केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश से जुड़े विकास व विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा के नए स्रोतों की बढ़ोतरी, आधुनिकीकरण और नवीन टेक्नोलॉजी के उपयोग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## रूसी सुरक्षा बलों ने हिरासत केंद्र से दो बंधक कर्मियों को छुड़ाया

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा बलों ने रविवार को दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला कर दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले इस्लामी आतंकवादी समूहों से जुड़े आरोपितों को मार गिराया। घटनास्थल पर मौजूद पत्रकारों ने गोलीबारी की आवाजें सुनीं जबकि सोशल मीडिया पर फुटेज में जेल में कई एम्बुलेंस आती दिखाई दीं। रूस की संघीय कारागार सेवा ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि रोस्तोव-ऑन-डॉन में सुनवाई से पहले हिरासत केंद्र में रखे गये लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उसने कहा कि बंधक बनाने वाले कुछ लोग मारे गए हैं। हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी गयी। आरटी सहित कई स्थानीय समाचार चैनलों ने खबर दी कि कम से कम कुछ कैदी मारे गये हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी ह्यतासह्ण ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर एक में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में कम से कम दो बंधकों को इस्लामिक स्टेट के झंडे जैसा दिखने वाला पट्टा सर पर बांधे दिखाया गया है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा: शिवराज



एजेंसी

**सीहोर(हि.स.)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह और पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के साथ विजयासन देवी धाम सलकनपुर पहुंचे। उन्होंने यहां माता विजयासन की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण हो। भारत के विकास में कृषि का विशेष स्थान है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उसकी आत्मा किसान है। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने ने कहा कि कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए सतत काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि 18 जून को प्रधानमंत्री मोदी काशी में आयोजित कार्यक्रम में देश के किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि खेती का तेजी से विकास हो और किसान आगे बढ़े, इसके लिए 100 दिन की कार्य योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास भी सरकार की प्राथमिकता है और पहली कैबिनेट बैठक में ही प्रधानमंत्री मोदी ने तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण क्षेत्रों में बनाने का निर्णय लिया, ताकि गरीबों का खुद के पक्के मकान का सपना पूरा हो सके। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय तथा सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बॉलीवुड में काम न मिलने पर बोलीं स्वरा भास्कर

# कई लोगों को मुझसे शिकायत है...



**एक्ट्रेस** स्वरा भास्कर अपने बेबाक बयानों और इसी तरह व्यंग्यात्मक पोस्ट के लिए जानी जाती हैं। कई बार उन्हें इसके लिए ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है, लेकिन ट्रोलर्स की परवाह किए बिना स्वरा भास्कर ने हमेशा वही व्यक्त किया है, जो वह महसूस करती हैं। स्वरा भास्कर ने फहद अहमद से शादी की। दोनों की एक बेटी भी है। मुस्लिम लड़के से शादी करने पर उन्हें ट्रोल भी किया गया था। ऐसे में स्वरा ने हाल ही में एक खास भूमिका निभाई है। स्वरा ने एक इंटरव्यू में कहा, मान लीजिए कि युद्ध हो और मुझे गोली मार दी जाए, तो मैं इसे सहने के लिए तैयार हूं।

जब आपको वास्तव में गोली मार दी जाती है, तो आपको परिणाम भुगतना पड़ता है। मेरी बेटी राबिया के जन्म से पहले अभिनय मेरा पहला प्यार था। मुझे अभिनय करना, अलग-अलग भूमिका निभाना पसंद था। मुझे उतने मौके नहीं मिले। मुझे विवादास्पद अभिनेत्री का टैग मिला। मुझे लगता है कि यह मेरी अपनी बेबाकी और साहसिक बयानों के कारण था। जब ऐसी छवि बने तो क्या करें? मैं कभी भी वह होने का दिखावा नहीं कर सकता जो मैं नहीं हूं। अगर मुझे वह काम नहीं मिलता जो मुझे करना पसंद है तो यह बहुत दुखद है। स्वरा ने ये राय जाहिर की है। स्वरा ने कहा, कई लोगों को मुझसे शिकायत है। मैं कई लोगों को पसंद या नापसंद कर सकती हूं।

बहुत से लोग मुझसे नफरत करते हैं, लेकिन मैं सबके साथ समान व्यवहार करती हूं। अगर मैंने समय-समय पर खुद को व्यक्त नहीं किया होता तो शायद मेरा दम घुट जाता। मैं कभी भी ऐसा होने का दिखावा नहीं करूंगी जो मैं वास्तविक जीवन में नहीं हूं। इसके बाद स्वरा ने कहा, खुलकर बोलना, अपने विचार व्यक्त करना मेरा फैसला है। पद्मावत में जौहर के सीन के बाद मुझे खुला पत्र लिखने की जरूरत नहीं पड़ी। मैं शांत नहीं बैठी क्योंकि यह मेरे स्वभाव में नहीं है। स्वरा फिल्म जहां चार यार में नजर आईं। फहद अहमद ने इस बारे में क्या कहा? जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुझसे कहा कि इस फिल्म में आपका रोल आपके स्वभाव के विपरीत है। आपको और अधिक काम करना चाहिए। अब आप कई चीजों पर चुप रहते हैं, ताकि अच्छा काम कर सकें। मैं उसकी बात सुनकर संतुष्ट हो गया। मैंने कभी अपने माता-पिता से भी यह दुख जाहिर नहीं किया कि फिल्म को उतनी कमाई नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!